रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-17122024-259461
CG-DL-E-17122024-259461

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5033] नई दिल्ली, सोमवार, दिसम्बर 16, 2024/ अग्रहायण 25, 1946
No. 5033] NEW DELHI, MONDAY, DECEMBER 16, 2024/ AGRAHAYANA 25, 1946

संचार मंत्रालय
(डाक विभाग)
अधिसूचना

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर , 2024

का.आ. 5440(अ).—महानिदेशक, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से, डाकघर अधिनियम, 2023 (2023 का 43) की धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित विनियम बनाते हैं, अर्थात्:-

अध्याय 1
प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम डाकघर विनियम, 2024 है।

(2) ये 16 दिसंबर, 2024 के दिन से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं.- (1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "लेखादेय डाक-वस्तु" से ऐसी वस्तु से अभिप्रेत है जो बुकिंग के समय ट्रैक एवं ट्रेस (डाक-वस्तु की मूवमेंट का चरणवार इलेक्ट्रॉनिक डेटा) के लिए रसीद प्रदान करती हैं और डिलिवरी का साक्ष्य देने के लिए वस्तु की प्राप्ति पर प्राप्तकर्ता, आदाता या उनके प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर (स्याही या डिजिटल में) की अपेक्षित होते हैं और इसमें इंडिया पोस्ट पार्सल, स्पीड पोस्ट, मैगजीन पोस्ट, इंटरनेशनल स्पीड पोस्ट सेवाएं (ईएमएस), इंटरनेशनल एयर पार्सल, इंटरनेशनल ट्रैक्ड पैकेट्स, इंटरनेशनल रजिस्ट्रीकृत पत्र वस्तुएं, मनीऑर्डर और मूल्य वर्धित सेवाओं जैसे रजिस्ट्रीकरण, बीमा और कैश-ऑन-डिलीवरी (सीओडी) वाली वस्तुएं सम्मिलित हैं;

(ख) **"अधिनियम"** से डाकघर अधिनियम, 2023 (2023 का 43) अभिप्रेत है;

(ग) "प्रेषिती" प्राप्तकर्ता या वह व्यक्ति, जिसे कोई वस्तु परिदत्त की जानी है अभिप्रेत है;

(घ) "प्रशासनिक अनुदेश" से यथास्थिति केन्द्रीय सरकार या विनियम 178 या विनियम 179 या विनियम 180 के अधीन विनिर्दिष्ट महानिदेशक द्वारा जारी कार्यकारी या प्रशासनिक आदेश या अनुदेश जिसके अधीन मार्गदर्शक सिद्धांत भी सम्मिलित हो, अभिप्रेत है;

(ड.) "प्राधिकृत व्यक्ति" से ऐसा व्यक्ति, जिसे प्रेषिती द्वारा डाक-वस्तु प्राप्त करने के लिए या उसकी ओर से धन प्राप्त करने के लिए विधिवत् प्राधिकृत किया गया हो, अभिप्रेत है**;**

(च) "परिदान" से किसी वस्तु के डिलिवरी प्रेषिती प्राप्तकर्ता के पते पर, या प्रेषिती या अन्य व्यक्ति या स्थान पर जिसे प्रेषिती तक वस्तुओं के डिलिवरी के सामान्य तरीके के अनुसार वस्तु प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत माना जाता है;

(छ) "निदेशक (डाक सेवाएं)" से डाकघर के किसी प्रशासनिक कार्यालय में निदेशक या निदेशक (डाक सेवाएं) की शक्तियों का प्रयोग करने वाला अधिकारी अभिप्रेत है;

(ज) "डाक द्वारा पारेषण के अनुक्रम में" डाकघर द्वारा किसी वस्तु की प्राप्ति से लेकर प्रेषिती तक उसके डिलिवरी या प्रेषक को वापस करने या अन्यथा निपटान तक की अवधि अभिप्रेत है;

(झ) "लेटर बॉक्स" से डाकघरों या मेल कार्यालयों या सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित बॉक्स अभिप्रेत है, जिसमें पूर्णतः पूर्वभुगतान वाले पत्र, पोस्टकार्ड, लेटर कार्ड और बुक पोस्ट डाक-वस्तु पोस्ट किए जाते हैं;

(ञ) "प्राप्तकर्ता" से ऐसा व्यक्ति जो धन प्रेषण सेवाओं के माध्यम से धन प्राप्त करता है, अभिप्रेत है;

(ट) "डाक" से डाक नेटवर्क द्वारा वस्तुओं के संग्रहण, निकासी, छंटाई, प्रेषण, परिवहन और वितरण के लिए कोई प्रणाली अभिप्रेत है;

(ठ) "**पोस्टमास्टर"** से यथास्थिति, जनरल पोस्टऑफिस जीपीऊ के निदेशक या मुख्य पोस्टमास्टर या प्रधान डाकघर के वरिष्ठ पोस्टमास्टर या हेड पोस्टमास्टर या पोस्टमास्टर की शक्तियों का प्रयोग करने वाला कोई अधिकारी, जो ऐसे डाकघर का प्रमुख है, अभिप्रेत है;

(ड) "पुनर्निर्देश" से किसी विनिर्दिष्ट कारण के लिए किसी वस्तु को उस पते के अलावा किसी अन्य पते पर निर्दिष्ट या निर्देशित करने की कार्रवाई अभिप्रेत है, जो प्रारंभ में दिया गया था;

(ढ) "धन प्रेषणकर्ता" से ऐसा व्यक्ति जो धन प्रेषण सेवाओं के माध्यम से धन प्रेषित करता है, अभिप्रेत है;

(ण) " नियम" (रूल्स) से डाकघर नियम, 2024 अभिप्रेत है और "नियम"(रूल) पद से उक्त नियमों के नियम, अभिप्रेत है;

(त) "अनुसूची" से इन विनियमों से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(थ) "प्रेषक" से ऐसा व्यक्ति जो कोई डाक-वस्तु भेजता है, अभिप्रेत है; **और**

(द) "वजन" से जब तक कि अन्यथा कथित न हो के सिवाय सकल वजन या आयतन वजन जो भी अधिक हो, अभिप्रेत है।

(2) शब्दों और पदों को जो इसमें प्रयुक्त हैं, किन्तु परिभाषित नहीं हैं; उनका वही अर्थ होगा, जो अधिनियम या डाकघर नियम, 2024 में परिभाषित हैं।

IndiaCode

अध्याय II

सामान्य

3. कारबार घंटे.- (1) डाकघर में कारबार घंटे, जिसके दौरान जनता के साथ कारोबार किया जाता है, सामान्यतः सामान्य कार्यदिवसों पर, जो डाकघर के लिए अवकाश या सरकारी अवकाश नहीं हैं, निम्नानुसार होंगे, अर्थात्: -

क्रम सं.	कार्य	कारबार के घंटे
(i)	संदर्भ एवं पूछताछ के लिए	कार्यालय के सम्पूर्ण कार्य समय के दौरान
(ii)	काउंटर सेवाएं जिनमें वस्तुओं की बुकिंग और डाक-वस्तुओं की पोस्टिंग, बीमा प्रीमियम का संग्रह शामिल है	छह घंटे
(iii)	धन प्रेषण- इलेक्ट्रॉनिक मनीऑर्डर, भारतीय पोस्टल ऑर्डर आदि ।	छह घंटे
(iv)	बचत बैंक	छह घंटे

IndiaCode

(2) शाखा डाकघरों को एक दिन में अधिकतम पांच घंटे तक खुला रखा जाएगा।

4. (1) सर्किल प्रमुख, क्षेत्रीय प्रमुख और संभागीय प्रमुख अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत प्रत्येक डाकघर की उस अवधि को विनिर्दिष्ट करने के लिए सशक्त हैं, जिसके दौरान जनता या ग्राहक के साथ कारोबार किया जाता है और वह समय जिस पर डाक-वस्तु वितरित और भेजी जाती है, जिसमें अधिकतम कार्य घंटे, कारोबारी घंटे, स्थानीय सुविधा और डाक-वस्तुओं के आगमन और प्रस्थान का समय और डाकघर काउंटरों की कार्यप्रणाली को ध्यान में रखा जाता है।

(2) सर्किल प्रमुख या क्षेत्रीय प्रमुख, यदि जनता की आवश्यकता को पूरा करना आवश्यक या समीचीन हो, या किसी विशेष परिस्थिति में, विनिर्दिष्ट कर सकेगा-

(क) कारोबार के घंटे और कार्य दिवसों को छोड़कर अन्य दिन, जिनमें रविवार और छुट्टियां भी शामिल हैं, जिनमें डाकघर कारोबार के लिए खुले रहेंगे ;

(ख) ऐसे कारोबारी घंटों के दौरान उपलब्ध संव्यवहार (लेन-देन) के प्रकार; और

(ग) डाकघर में काम की अधिकता को पूरा करने तथा जनता को सुविधाओं की समान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कारोबारी घंटों के दौरान बुकिंग के लिए प्रस्तुत की जाने वाली वस्तुओं की अधिकतम संख्या।

5. डाक शुल्क और वस्तुओं पर प्रभार्य अन्य राशियों का भुगतान.- (1) डाक शुल्क का भुगतान सामान्यतः नियम 9 में उल्लिखित तरीकों से किया जाएगा।

(2) इन विनियमों में अन्यथा उल्लिखित के सिवाय किसी वस्तु पर देय डाक शुल्क एवं अन्य राशि का पूर्व-भुगतान अनिवार्य होगा।

6. गैर-लेखादेय डाक-वस्तुओं और असंदत्त डाक-वस्तुओं पर डाक शुल्क.- (1) यदि गैर-लेखादेय डाक-वस्तुओं पर, जिन पर डाक टिकट एम्बॉस्ड है, अपेक्षित डाक शुल्क उन पर मुद्रित टिकट के मूल्य से अधिक है, तो अंतर की भरपाई अपेक्षित मूल्य के अतिरिक्त डाक टिकट लगाकर की जाएगी।

(2) असंदत्त किए गए या अपर्याप्त संदत्त किए गए सामान को उन पर देय डाक शुल्क वसूलने के लिए रोक कर रखा जा सकता है।

7. डाक शुल्क और प्रभार्य राशियाँ पूर्व संदत्त योग्य नहीं मानी जाएंगी.- किसी वस्तु पर प्रभार्य डाक शुल्क और अन्य राशियों को उचित स्टाम्प या फ्रैंकिंग छाप या विक्रय केन्द्र की रसीद के माध्यम से पूर्व संदत्त नहीं समझा जाएगा, यदि-

(क) स्टाम्प या स्टाम्प की छाप या ऐसी छाप जो इन विनियमों या नियमों के अधीन डाक टिकट या फ्रैंकिंग छाप या बिक्री रसीद के रूप में उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं कराई गई है;

(ख) स्टाम्प हट गया हो, विकृत हो गया हो, फट गया हो, कट गया हो या अन्यथा क्षतिग्रस्त हो गया हो;

(ग) स्टाम्प या फ्रैंकिंग छाप या बिक्री रसीद पर कोई शब्द, अक्षर, आकृति या डिजाइन जिसे पोस्ट किए जाने से पूर्व महानिदेशक द्वारा या छापित न करवाया गया हो; या

(घ) स्टाम्प को किसी उभरे हुए लिफाफे या पोस्टकार्ड या आवरण से काटा गया है या अन्यथा अलग किया गया है:

परंतु इस विनियम की कोई बात होते हुए भी डाक टिकटों पर छोटे-छोटे छेद करने उनके आरंभिक अक्षर या अन्य पहचान चिह्न अंकित करने से नहीं रोकेगी:

परंतु यह और कि इस विनियम की कोई बात बुक-नाउ-पे-लेटर (बीएनपीएल) डाक-वस्तुओं या समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट अन्य डाक-वस्तुओं के पारेषण को नहीं रोकेगी।

8. डाक टिकटों की आपूर्ति.- (1) डाक टिकटों की आपूर्ति, अभिरक्षा और बिक्री के लिए परिचालन संबंधी दिशानिर्देश समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएंगे।

(2) कोई भी व्यक्ति या इकाई या संस्थान या संगठन या इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म महानिदेशक की पूर्व अनुमति के बिना डाक टिकटों की बिक्री या वितरण नहीं करेगा या किसी अन्य तरीके से डाक टिकटों का सौदा नहीं करेगा।

(3) जो कोई उपरोक्त विनियम (2) के उपबंधों या इसके अधीन जारी अनुमति के किसी भी निबंधन या शर्त का उल्लंघन करता है, तो वह तत्समय प्रवृत्त देश की लागू विधि व्यवस्था के प्रासंगिक उपबंधों के अधीन दंडनीय होगा।

9. डाक-टिकटों का कपटपूर्ण उपयोग.- (1) यदि कोई पूर्व में उपयोग किए गए डाक टिकट का कपटपूर्वक या सरकार को हानि पहुंचाने के इरादे से उपयोग करने का कार्य करता है, तो वह तत्समय प्रवृत्त देश की लागू विधि व्यवस्था के अधीन दंडनीय होगा।

IndiaCode

(2) यदि कोई ऐसा डाक टिकट पहले से भेजी गई किसी वस्तु पर पाया जाता है, तो उस वस्तु को वितरित नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामले में समय-समय पर यथाविनिर्दिष्ट प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा कारवाई की जाएगी।

10. डाक टिकटों का अवैध विनिर्माण या उपयोग.- (1) यदि कोई डाक टिकटों का अवैध विनिर्माण और उपयोग है, जैसे कि जाली, नकली या फर्जी डाक टिकट बनाता है, तो वह तत्समय प्रवृत्त देश की लागू विधि के अधीन दंडनीय होगा।

(2) टिकटों का पुनरुत्पादन केवल डाक टिकट संग्रह संबंधी प्रकाशन में, या डाक टिकटों से पूर्णतः संबंधित किसी सामग्री, जो किसी प्रकाशन में या सामान्य स्वरूप में प्रयोग में आ सकता है, दृष्टांत के प्रयोजनों के लिए ही अनुज्ञात किया जाएगा, और ऐसा पुनरुत्पादन केवल ऐसे प्ररूप में होगा, जैसा कि समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए।

11 टिकट-संग्रहण- (1) टिकट संग्रहण, टिकटों, डाक स्टेशनरी, पोस्टमार्क और अन्य टिकट संग्रहण सामग्रियों का अध्ययन और संग्रह है।
(2) डाक टिकट संग्रह से संबंधित परिचालन प्रक्रियाएं समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी।

12. डाक टिकट संग्रहण सामग्री.- (1) डाक टिकट सामग्री डाकघर द्वारा जारी समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों के अनुसार विनिर्दिष्ट की जाएगी।

(2) डाक टिकट सामग्री में शामिल हैं -

(क) डाक टिकट संग्रहण;

(ख) प्रथम दिवस आवरण, ब्रोशर या सूचना पत्र, विशेष आवरण, मैक्सिम कार्ड, वार्षिक पैक, डाक स्टेशनरी और विभिन्न डाक टिकट संग्रहण प्रकाशन और सहायक सामग्री;

(ग) कलाकृतियाँ, प्रूफ़, प्रगतिशील शीट, मुद्रित शीट और डाक टिकट संग्रहण टिकटों की मुद्रण प्लेटें; तथा

(घ) डाक टिकट, स्लोगन डाइस और डाक टिकट संग्रहण टिकटों के उत्पादन के संबंध में प्रयुक्त अन्य कलाकृतियाँ।

(3) महानिदेशक प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा डाकघरों में बेची जाने वाली डाक टिकट संग्रहण सामग्री को विनिर्दिष्ट करेगा।

(4) डाक टिकट संग्रह संग्रहण सामग्री के उत्पादन और निर्गमन से संबंधित सभी गतिविधियां समय-समय पर जारी किए गए प्रशासनिक अनुदेशों के अनुसार की जाएंगी।

13. डाक टिकट जारी करना.- डाक टिकट निम्नलिखित प्रकार से जारी किए जाएंगे, अर्थात्:-

(क) नियत श्रृखंला के डाक-टिकट : परिनिश्चित टिकट डाक वह टिकट होते हैं, जो विशेष रूप से दिन-प्रतिदिन की डाक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जारी किए जाते हैं और एक विशेष श्रृंखला के स्टॉक समाप्त होने तक बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाते हैं, जिन्हें डाकघर की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न मूल्यवर्गों में मुद्रित और पुनर्मुद्रित किया जाएगा।

IndiaCode

(ख) स्मारक टिकट:

(i) स्मारक टिकट वह डाक टिकट हैं जो किसी घटना, संस्था, विषय और व्यक्तित्व के स्मरणार्थ जारी किए गए टिकट, जो केवल एक बार, सीमित संख्या में मुद्रित किए जाएंगे और फिलैटेलिक ब्यूरो, डाक टिकट संग्रहण काउंटर, ऑनलाइन चैनलों या प्राधिकृत कार्यालयों के माध्यम से सीमित अवधि के लिए बेचे जाएंगे, जिसे कि समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सकता है ।

(ii) स्मारक टिकटों को संग्रहणीय वस्तु के रूप में रखा जा सकता है तथा डाक शुल्क के भुगतान के लिए इनका उपयोग किया जा सकता है ।

(ग) विशेष टिकट : विशेष टिकट वे डाक टिकट होते हैं जो किसी विशिष्ट घटना का स्मरण किए बिना वनस्पति, जीव, वास्तुकला या कला जैसे विषयगत होते हैं।

(घ) संयुक्त जारी टिकट: संयुक्त जारी टिकट वे डाक टिकट हैं जो भारत और किसी अन्य देश द्वारा पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों और नियमों पर जारी किए जाते हैं।

(ड.) मेरा टिकट (माई स्टैम्प): मेरा टिकट ऐसे टिकट हैं जो ग्राहक या प्रस्तावक द्वारा प्रदान किए गए व्यक्तिगत या अनुकूलित मुद्रण तत्वों के आधार पर जारी किए जाते हैं, जो समय-समय पर निर्दिष्ट प्रशासनिक अनुदेशों की पुष्टि के अधीन होते हैं।

14. (1) **स्मारक डाक टिकट जारी करना.-** भारत का कोई भी नागरिक समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्रशासनिक अनुदेशों के अनुसार स्मारक डाक टिकट जारी करने का प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकता है।

(2) ऐसे सभी प्रस्तावों की जांच केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्रशासनिक अनुदेशों के आधार पर की जाएगी।

(3) संस्थाओं या आयोजनों या संगठनों से संबंधित स्मारक डाक टिकट जारी करने के प्रस्तावकों को समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा यथा विनिर्दिष्ट संख्या में ऐसे टिकटों की अनिवार्य खरीद करनी होगी:

परंतु अपवादात्मक एवं आवश्यक मामलों में केन्द्रीय सरकार इस शर्त में छूट दे सकेगी।

(4) डाक टिकटों के मूल्यवर्ग घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय डाक शुल्क के अनुरूप होंगे।

(5) किसी जीवित व्यक्ति पर कोई डाक टिकट जारी नहीं किया जाएगा।

(6) स्टाम्प का डिजाइन और मूल्यवर्ग केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित होगा।

(7) सभी डाक टिकट संग्रह टिकट (फिलैटली), ब्रोशर, प्रथम दिवस कवर और डाक टिकट संग्रह संबंधी सहायक सामग्री डाकघर द्वारा निर्धारित मूल्य पर या समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा निर्दिष्ट मूल्य पर बेची जाएंगी।

15. डाक टिकट संग्रहण सलाहकार समिति.- (1) डाक टिकट संग्रहण सलाहकार समिति स्मारक टिकटों, विशेष टिकटों और उससे संबंधित अन्य संबद्ध मामलों के मुद्दे पर सलाह देगी ।

(2) संचार मंत्रालय के प्रभारी केन्द्रीय मंत्री डाक टिकट संग्रहण सलाहकार समिति के *पदेन* अध्यक्ष होंगे तथा समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्रशासनिक अनुदेशों के अनुसार समिति के सरकारी और गैर-सरकारी सदस्यों को नामनिर्दिष्ट करेंगे।

16. डाक टिकट चिपकाने का तरीका.- (1) किसी वस्तु पर चिपकाए गए टिकट पूरी तरह से उस वस्तु से चिपके होने चाहिए, न कि उसकी सामग्री के किसी भाग से या वस्तु से बंधे या संलग्न किसी पृथक लेबल या अन्य उपकरण से।

(2) टिकटों को पते वाली तरफ के दाहिने ऊपरी कोने पर चिपकाया जाना चाहिए।

(3) इस विनियम के उपबंध सम्पूर्ण डाक-वस्तुओं की फ्रैंकिंग पर लागू होंगे।

17. डाक टिकटों और स्टेशनरी की कीमत.- (1) डाक टिकट, पोस्टकार्ड, लेटर कार्ड और एरोग्राम उन टिकटों के अंकित मूल्य पर बेचे जाएंगे।

(2) उभरे (एंबॉस्ड) लिफाफे और रजिस्ट्रीकरण लिफाफे अनुसूची I की सारणी vii में उल्लिखित कीमतों पर बेचे जाएंगे।

(3) विशेष राखी लिफाफे संबंधित सर्किल प्रमुख द्वारा निर्धारित मूल्य पर बेचे जाएंगे।

18. घरेलू वस्तुओं पर पते के मानक.- (1) किसी डाक-वस्तु का एक से अधिक वितरण पता नहीं होगा;

परंतु इस उप-विनियम की कोई बात किसी वस्तु को किसी अन्य ऐसे पते पर पहुंचाने से नहीं रोकेगी, जिसे समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए।

(2) पता, चाहे हस्तलिखित हो या मशीन से मुद्रित, में निम्नलिखित तत्व और क्रम शामिल होंगे, जैसा कि नीचे दिया गया है: -

नाम
मार्फत, पुत्री, पुत्र, पत्नी, पति
मोबाइल नंबर (वैकल्पिक)
मकान/ इमारत (मंजिल सहित)/ अपार्टमेंट (मंजिल सहित)
गली / सड़क / लेन
सीमाचिह्न
क्षेत्र / इलाका / सेक्टर
गांव/कस्बा/शहर
डाक घर
ज़िला
राज्य
पिन कोड/ पोस्टकोड

(3) प्रेषिती का पता लिफाफे के सामने वाले भाग के मध्य में लिखा जाएगा तथा प्रेषक का पता लिफाफे के सामने वाले भाग के निचले बाएँ भाग में लिखा जाएगा।

(4) प्रेषिती और प्रेषक का पता क्रमशः "सेवा में" और "की ओर से" शब्दों से शुरू होना चाहिए।

(5) लिफाफे के बाएं, नीचे और दाएं तरफ न्यूनतम 15 मिमी का रिक्त स्थान रखा जाएगा तथा प्रेषिती के पते वाले ब्लॉक में ऊपर से न्यूनतम 40 मिमी का अंतर होगा।

(6) स्टाम्प या फ्रैंक छाप ऊपरी दाहिने कोने पर अधिकतम 74 मिमी क्षेत्र में चिपकाई जाएगी।

(7) प्रेषिती और प्रेषक का पता लिफाफे की लंबाई के समानांतर लिखा जाना चाहिए।

(8) पता ब्लॉक के चारों ओर 10 मिमी का क्षेत्र किसी भी मुद्रण या लेखन से मुक्त होना चाहिए।

(9) गैर-पता संबंधी जानकारी जैसे कि प्रेषक का कोड, सीरियल या खाता संख्या या अन्य जानकारी को आम तौर पर प्राप्तकर्ता के पते में शामिल नहीं किया जाना चाहिए और यदि आवश्यक हो, तो इसे पते की पहली पंक्ति के ऊपर मुद्रित किया जाना चाहिए, लेकिन कभी भी अंतिम पंक्ति के नीचे नहीं।

(10) पता पंक्तियों के बीच की दूरी एक समान होगी तथा 1 मिमी से अधिक तथा 5 मिमी से कम होगी।

(11) शब्दों के बीच रिक्त स्थान को छोड़कर प्रति पंक्ति वर्णों की अधिकतम संख्या 40 वर्ण है।

(12) डाकघर में प्रेषण के लिए प्रस्तुत कोई जवाबदारी वस्तु तब तक स्वीकार नहीं की जाएगी जब तक कि वह किसी विशेष व्यक्ति या फर्म या संस्था को संबोधित न हो।

(13) किसी विशिष्ट व्यक्ति या फर्म को संबोधित ऐसी वस्तुएं, मार्फत पोस्ट बॉक्स और उस कार्यालय का नाम जहां पोस्ट बॉक्स स्थित है, भी स्वीकार किए जाएंगे, परंतु वे उन व्यक्तियों या फर्मों को संबोधित हों जिनके नाम पर पोस्ट बॉक्स रजिस्ट्रीकृत हो ;

परन्तु यदि पहुंच कार्यालय में यह पाया जाता है कि प्राप्तकर्ता के नाम पर कोई पोस्ट बॉक्स नहीं है, या प्राप्तकर्ता पोस्ट बॉक्स का किरायेदार नहीं रह गया है, तो वस्तु प्रेषक को वापस कर दी जाएगी।

19. रक्षा सेवा कार्मिकों के लिए डाक.- रक्षा सेवा कार्मिकों के लिए उन वस्तुओं के मामले में, जिन्हें सेना डाकघरों के माध्यम से वितरित किया जाना है, पते में निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत किए जाएंगे:-

संख्या

रैंक

नाम

इकाई

ऐसी डाक-वस्तुओं को मार्फत (सी/ओ) 56 एपीओ या मार्फत (सी/ओ) 99 एपीओ को संबोधित किया जाना चाहिए।

20. कुछ मामलों में किसी डाक-वस्तु पर पता लिखने की विधि में छूट.- ऐसे प्राधिकारियों को संबोधित तथा लिफाफे पर विनिर्दिष्ट उपरिलेख के साथ डाकघर में प्रस्तुत की गई वस्तुएं, समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट प्रेषक के नाम और पूर्ण पते के बिना प्रेषण के लिए स्वीकार की जाएंगी।

21. अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तुओं पर संबोधन के लिए मानक.- (1) किसी डाक-वस्तु का एक से अधिक वितरण पता नहीं होगा:

परंतु इस उप-विनियम में कोई बात किसी वस्तु को किसी अन्य ऐसे पते पर पहुंचाने से नहीं रोकेगी, जिसे समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए।

(2) पता, चाहे हस्तलिखित हो या मशीन से मुद्रित, सटीक, पूर्ण और सुपाठ्य तरीके से लिखा जाएगा ताकि वस्तु का आसानी से संचरण सुनिश्चित हो सके और गंतव्य देश या क्षेत्र में प्रेषिती तक उसका वितरण हो सके।

(3) प्रेषक और प्रेषिती का पता रोमन अक्षरों और अरबी अंकों में लिखा जाना चाहिए, और जहां आवश्यक हो, प्राप्तकर्ता का पता गंतव्य देश या क्षेत्र की भाषा में भी लिखा जा सकता है।

(4) गंतव्य स्थान और गंतव्य देश या क्षेत्र का नाम बड़े अक्षरों में सही पोस्ट कोड संख्या या डिलीवरी क्षेत्र संख्या के साथ लिखा जाएगा, जो भी लागू हो।

(5) प्रेषक और प्राप्तकर्ता के पते में ऐसे तत्व, जो भी लागू हों, और नीचे दिए गए क्रम में होंगे, जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट न हो :-

नाम
मोबाइल नंबर (वैकल्पिक)
इमारत (दरवाज़ा, मंजिल, सीढ़ी, विंग, इमारत, अलग-अलग उदाहरण)
गली (गली का नाम/संख्या/प्रकार, प्राथमिक मार्ग, द्वितीयक मार्ग)
पी. ओ बॉक्स
डाक घर
शहर/कस्बा/ग्रामीण क्षेत्र
प्रशासनिक क्षेत्र (क्षेत्र स्तर)
पोस्टकोड
देश/क्षेत्र

(6) लिफाफे पर प्रेषिती का पता सामने की ओर दाईं ओर तथा प्रेषक का पता सामने की ओर बाईं ओर नीचे लिखा जाएगा।

(7) प्रेषिती और प्रेषक का पता क्रमशः "सेवा में" और "की ओर से" शब्दों से शुरू होना चाहिए।

(8) लिफाफे के बाएं, नीचे और दाएं तरफ कम से कम 15 मिमी का खाली स्थान रखा जाएगा और प्रेषिती के पते के ब्लॉक में ऊपर से कम से कम 40 मिमी का अंतर होगा। ऊपरी दाएं कोने पर अधिकतम 74 मिमी के क्षेत्र में टिकट या फ्रैंक छाप लगाई जाएगी।

(9) पता ब्लॉक के चारों ओर 10 मिमी का क्षेत्र किसी भी मुद्रण या लेखन से मुक्त होना चाहिए।

(10) गैर-पता संबंधी जानकारी जैसे कि प्रेषक का कोड, सीरियल या खाता संख्या या अन्य जानकारी को आम तौर पर प्राप्तकर्ता के पते में शामिल नहीं किया जाना चाहिए और यदि आवश्यक हो, तो इसे पते की पहली पंक्ति के ऊपर मुद्रित किया जाना चाहिए, लेकिन कभी भी अंतिम पंक्ति के नीचे नहीं।

IndiaCode

(11) पता पंक्तियों के बीच की दूरी एक समान होगी तथा 1 मिमी से अधिक तथा 5 मिमी से कम होगी।

(12) शब्दों के बीच रिक्त स्थान को छोड़कर प्रति पंक्ति वर्णों की अधिकतम संख्या 40 वर्ण है।

(13) डाकघर में प्रेषण के लिए प्रस्तुत की गई लेखादेय डाक वस्तु तब तक स्वीकार नहीं की जाएगी जब तक कि उन्हें विनियम 18, 19 और उप-विनियम (5) के अनुसार संबोधित न किया गया हो।

22. डाक-वस्तुओं का भेजना.-डाक-वस्तुओं को डाक से भेजने के लिए निम्नलिखित तरीकों का उपयोग किया जा सकता है:-

(क) **पत्र पेटी** - पत्र, पत्र कार्ड, एरोग्राम, पोस्टकार्ड, एयरमेल पोस्टकार्ड, बुक पोस्ट, छोटे पैकेट, मुद्रित पत्र और दृष्टिहीनों के लिए साहित्य पत्र पेटी में डाले जाएंगे, परंतु कि देय डाक शुल्क का पूर्ण भुगतान पूर्व में किया गया हो।

टिप्पणी 1: रजिस्ट्रीकृत समाचार पत्र सामग्री, आवधिक पोस्ट सामग्री और फ्रैंक्ड डाक-वस्तुएं इन पत्र में पोस्ट नहीं की जाएंगी और यदि पोस्ट की जाती हैं तो इन्हें अदत्त माना जाएगा और इनका निपटान विनियम 71 के अनुसार किया जाएगा।

टिप्पण 2: लेखादेय डाक-वस्तुएं भी पत्र पेटियों में नहीं डाली जाएंगी।

टिप्पण 3 : बड़ी मदें, जो अपने आकार के कारण लेटर-बॉक्स में पोस्ट नहीं किए जा सकते, उन्हें डाकघर की खिड़की पर हाथ से प्राप्त किया जा सकता है। हालाँकि, ऐसी डाक-वस्तुओं को लेखादेय डाक-वस्तुएं नहीं माना जाएगा।

(ख) **डाकघर काउंटर.-** सभी लेखादेय डाक-वस्तुएं डाक द्वारा पारेषण के लिए डाकघर के काउंटर पर प्रस्तुत की जाएंगी।

(ग) **फ्रेंचाइजी आउटलेट.-** समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट डाक-वस्तुएं डाकघर के फ्रेंचाइजी आउटलेट के माध्यम से प्रस्तुत की जा सकती हैं।

(घ) **स्व-बुकिंग कियोस्क.-** अभिहित डाकघरों में उपलब्ध स्व-बुकिंग कियोस्क का उपयोग प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट डाक-वस्तुओं को पोस्ट करने के लिए किया जा सकता है।

टिप्पण: क्षेत्रीय प्रमुख को उन डाकघरों को अभिहित करने का अधिकार है, जहां स्व-बुकिंग कियोस्क की सेवा उपलब्ध है।

(ङ) **वेब या मोबाइल एप्लीकेशन.-** प्राधिकृत वेब पोर्टल या मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट डाक-वस्तुओं को पोस्ट करने के लिए किया जा सकता है।

23. डाक द्वारा पारेषण के लिए रसीद.- उस व्यक्ति को रसीद दी जाएगी जो डाक द्वारा पारेषण के लिए लेखादेय डाक-वस्तुएं प्रस्तुत करता है।

24. डाक-वस्तुओं का स्वामित्व.- (1) घरेलू डाक-वस्तुओं के लिए, कोई डाक-वस्तु तब तक प्रेषक की संपत्ति बनी रहेगी जब तक वह सही प्रेषिति को नहीं पहुंचा दी जाती, सिवाय उस दशा के जब उस डाक-वस्तु को तत्समय प्रवृत देश की विधि के अधीन अभिग्रहण कर लिया जाता है।

IndiaCode

(2) अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तुओं के लिए, कोई डाक-वस्तु तब तक प्रेषक की संपत्ति बनी रहेगी जब तक वह सही प्रेषिति को नहीं पहुंचा दी जाती, सिवाय उस दशा के जब उस डाक-वस्तु को उस मूल देश या उसके राज्यक्षेत्र या अभिवहन अथवा गंतव्य स्थान की किसी विधि के अधीन अभिग्रहण कर लिया जाता है।

25. घरेलू डाक-वस्तुओं का प्रतिषेध.- (1) इन विनियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए, कोई भी व्यक्ति डाक द्वारा निम्नलिखित नहीं पारेषित करेगा, -

(क) कोई विस्फोटक, खतरनाक, गंदा, अपायकर या हानिकारक पदार्थ, कोई तीक्ष्ण उपकरण जो समुचित रूप से संरक्षित न हो, या कोई जीवित प्राणी जो डाक या डाकघर के किसी अधिकारी द्वारा पारेषित किए जाने के दौरान अपायकर हो या जिससे डाक-वस्तुओं को क्षति पहुंचने की संभावना हो; या

(ख) डाक द्वारा पारेषित किए जाने के दौरान किसी मद, या डाकघर के किसी अधिकारी को क्षति पहुंचने की संभावना वाली कोई चीज; या

(ग) लॉटरी से संबंधित कोई टिकट, प्रस्ताव, विज्ञापन या कोई अन्य विषय, सिवाय उस दशा के जहां लॉटरी केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा आयोजित या प्राधिकृत हो; या

(घ) कोई भी अशिष्ट, अनैतिक या अश्लील मुद्रण, पेंटिंग, फोटोग्राफ, लिथोग्राफ, उत्कीर्ण, पुस्तक या कार्ड, या कोई अन्य डिजिटल मीडिया, या कोई अन्य अशिष्ट, अनैतिक या अश्लील मद; या

(ङ) कोई भी डाक-वस्तु जिस पर या उसके कवर पर अशिष्ट, अश्लील, राजद्रोही, गंदे, धमकी भरे या घोर घृणोत्पादक प्रकृति के कोई शब्द, चिह्न या डिजाइन हों; या

(च) कोई ऐसी डाक-वस्तु जिस पर या उसके कवर पर कोई ऐसी बात हो जो कानून और व्यवस्था बनाए रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हो; या

(छ) कोई डाक-वस्तु जिस पर या उसके आवरण पर किसी ऐसे व्यक्ति का चित्रात्मक प्रतिनिधित्व हो जो उद्घोषित अपराधी हो या जिसे देश में तत्समय प्रवृत किसी विधि के अधीन दंडनीय अपराध के लिए दोषसिद्ध किया गया हो; या

(ज) कोई डाक-वस्तु जिसके आवरण पर, उसके पते वाले भाग पर कुछ लिखा, मुद्रित या अन्यथा अंकित या संलग्न हो, जिसके कारण या तो उसे शुल्क के भुगतान के लिए प्रयुक्त टिकटों के रूप में समझे जाने की सम्भावना हो या किसी ऐसे टिकट से असुविधाजनक निकटता हो या पता आसानी से और शीघ्रता से पढ़े जाने में बाधा उत्पन्न हो; या

(झ) अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड द्वारा यथा परिभाषित स्वापक और मन:प्रभावी पदार्थ, या अन्य अवैध ओषधियां जो गंतव्य देश या उसके राज्यक्षेत्र, मूल देश या उसके राज्यक्षेत्र, केंद्रीय सरकार, राज्य सरकारों या किसी प्राधिकृत अभिकरण में प्रतिषिद्ध हैं; या

(ञ) कूटकृत और पायरेटेड मदें; या

(ट) कोई भी ऐसी चीज, जो अपनी प्रकृति या पैकिंग के कारण पदधारियों या जनसाधारण को खतरे में डाल सकती है, या अन्य मदों, डाक उपस्करों या तीसरे पक्ष की संपत्ति को गंदा या नुकसान पहुंचा सकती है; या

(ठ) खतरनाक माल, स्वापक और मन:प्रभावी पदार्थ, प्रतिषिद्ध ओषधियां और सौंदर्य प्रसाधन मदें, अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए), अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ), वन्यजीव विभाग और ओषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 (1940 का 23) द्वारा या उसके अधीन प्रतिषिद्ध डाक-वस्तुएं या देश की किसी विधि द्वारा प्रतिषिद्ध मदें; या

स्पष्टीकरण.- इस खंड के प्रयोजन के लिए, "खतरनाक माल" से वे डाक-वस्तु या पदार्थ अभिप्रेत हैं जो स्वास्थ्य, सुरक्षा, संपत्ति या पर्यावरण के लिए जोखिम उत्पन्न करने में सक्षम हैं, जिसके अधीन विस्फोटक, गैसें, ज्वलनशील तरल पदार्थ, विषाक्त और संक्रामक पदार्थ, संक्षारक और अन्य विविध डाक-वस्तुएं सम्मिलित हैं जो स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए परिसंकटमय हैं:

परंतु बैटरी और अन्य मदें, जिनका वायु मार्ग से पारेषण प्रतिषिद्ध है, प्रेषिति तक केवल सतही माध्यम से ही भेजी जाएंगी; या

(ड) इन विनियमों में अन्यथा अनुज्ञात के सिवाय जीवित पशु ; या

(ढ) विशेष प्रक्रिया के माध्यम से अनुमति प्राप्त के सिवाय सिक्के, बैंक नोट और अन्य मूल्यवान डाक-वस्तुएं :

परंतु यह आदेश, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (1999 का 42) के अधीन बनाए गए विदेशी मुद्रा प्रबंधन (मुद्रा का निर्यात और आयात) विनियम, 2015 या इस विषय पर देश में तत्समय प्रवृत किसी अन्य विधि के अनुरूप होगा:

परंतु यह और कि करेंसी नोट, सिक्के या बैंक नोट हमेशा बीमाकृत डाक-वस्तुओं के रूप में पारेषित किए जाएंगे; या

(ण) अन्य मदें, जिनका आयात या परिचालन मूल या गंतव्य देश या राज्यक्षेत्र में प्रतिषिद्ध है; या

(त) वर्तमान और व्यक्तिगत पत्राचार की प्रकृति वाले दस्तावेज, अभिलेखीय सामग्रियों के अपवाद के साथ जो प्रेषक और प्रेषिति या उनके साथ रहने वाले व्यक्तियों से भिन्न अन्य व्यक्तियों के बीच आदान-प्रदान किए गए हों; या

(थ) विश्व डाक संघ (यूपीयू) या किसी अन्य संगठन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय डाक सेवाओं में प्रतिषिद्ध कोई चीज; या

(द) केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर प्रतिषिद्ध कोई अन्य चीज।

26. अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तुओं का प्रतिषेध.- इन विनियमों में अधिकथित शर्तों को पूरा न करने वाली अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तुओं को प्रवेश नहीं दिया जाएगा तथा कपटपूर्ण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए या डाक या अन्य डाक शुल्क के भुगतान से बचने के इरादे से भेजी गई डाक-वस्तुओं को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

27. अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तुओं पर विनियम 25 का लागू होना.- निम्नलिखित मामलों के सिवाय विदेश या उसके राज्यक्षेत्र से डाक द्वारा पारेषित की जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तुओं पर विनियम 25 लागू होगा, अर्थात:-

(क) ऐसे खतरनाक माल, जो मूल देश या उसके राज्यक्षेत्र और गंतव्य के बीच डाक द्वारा पारेषित किए जा सकते हैं, जिन्होंने उन्हें पारस्परिक रूप से या एक दिशा में स्वीकार करने की अपनी इच्छा की घोषणा की है, परंतु वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुसंगत विधियों के अनुपालन में हों;

(ख) जीवित पशु, जिन्हें निम्नलिखित में प्रवेश दिया जाएगा-

(i) बीमाकृत डाक-वस्तुओं से भिन्न डाक पत्र मदें: मधुमक्खियां, जोंक और रेशम के कीड़े; हानिकारक कीटों के परजीवी और विध्वंसक, जो उन कीटों के नियंत्रण के लिए आशयित हैं और आधिकारिक रूप से मान्यताप्राप्त संस्थाओं के बीच आदान-प्रदान किए जाते हैं; जैव-चिकित्सा अनुसंधान के लिए ड्रोसोफिलिडे परिवार की मक्खियां, जिनका आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के बीच आदान-प्रदान किया जाता है;

(ii) पार्सल: जीवित पशु जिनका डाक द्वारा प्रवहण संबद्ध देशों या राज्यक्षेत्रों के डाक विनियमों या लागू विधियों द्वारा प्राधिकृत है।

28. बहुमूल्य धातुओं और बहुमूल्य पत्थरों का पारेषण.- (1) बहुमूल्य धातुएं (जिसके अधीन सोना, चांदी, प्लेटिनम या अन्य बहुमूल्य धातुएं सम्मिलित हैं), बहुमूल्य पत्थर (जिसके अधीन हीरा या अन्य बहुमूल्य पत्थर सम्मिलित हैं), आभूषण या इनका कोई संयोजन, चाहे विनिर्मित हो या नहीं, सिक्के, बैंक नोट, करेंसी नोट, धारक को देय किसी भी प्रकार की प्रतिभूतियां, यात्री चेक, अन्यथा विनिर्दिष्ट के सिवाय, किसी भी स्थिति में, बीमा रहित लेटर-पोस्ट डाक-वस्तु में डाक द्वारा पारेषित नहीं किए जाएंगे।

(2) उप-नियम (1) के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, कोई भी देश या राज्यक्षेत्र, अपने राज्यक्षेत्र से प्रारंभ होने वाले या उसके पते पर आने वाले या उसके राज्यक्षेत्र में अभिवहन (खुले अभिवहन) में पारेषित किए गए बीमाकृत या गैर-बीमाकृत पार्सल में स्वर्ण बुलियन के संलग्नीकरण पर इस प्रकार पारेषित डाक-वस्तुओं के वास्तविक मूल्य तक प्रतिबंध लगा सकता है ।

29. कतिपय मामलों में दृष्टिहीनों के लिए डाक-वस्तुओं का निषेध.- निम्नलिखित शर्तों के अधीन दृष्टिहीनों के लिए मुद्रित पत्र और साहित्य के रूप में सामग्री के पारेषण पर प्रतिबंध रहेगा, अर्थात:-

(क) उस पर कुछ उत्कीर्ण नहीं होगा या कोई पत्र-व्यवहार नहीं होगा;

(ख) उन मामलों के सिवाय जहां डाक-वस्तु में एक कार्ड, लिफाफा या आवरण संलग्न हो, इसमें कोई डाक टिकट या पूर्वभुगतान का प्ररूप, चाहे रद्द किया गया हो या नहीं, या धनीय मूल्य दर्शाने वाला कोई कागज नहीं होगा, जिस पर डाक-वस्तु के प्रेषक या मूल डाक-वस्तु के पोस्टिंग या गंतव्य के देश या राज्यक्षेत्र में उसके प्राधिकृत व्यक्ति का मुद्रित पता हो, जो वापसी के लिए पूर्वभुगतान किया गया हो।

30. विनियम 27 के उल्लंघन में पारेषित मदें.- (1) विनियम 27 के उल्लंघन में किसी डाक-वस्तु को किसी भी परिस्थिति में यथास्थिति उसके गंतव्य स्थान पर नहीं भेजा जाएगा, प्रेषितियों को नहीं सौंपा जाएगा, या मूल स्थान पर नहीं लौटाया जाएगा जो भी लागू हो ।

(2) जहां उप-विनियम (1) में विनिर्दिष्ट कोई डाक-वस्तु अभिवहन के दौरान पाई जाती है, उसे अभिवहन के देश या उसके राज्यक्षेत्र के लागू विधि के अधीन संभाला जाएगा।

(3) जहां उप-विनियम (1) में विनिर्दिष्ट कोई डाक-वस्तु पारेषण के दौरान पाई जाती है, उसे प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से हटाया और निपटाया जा सकेगा तथा शेष डाक-वस्तुओं को उसके गंतव्य स्थान पर अग्रेषित कर दिया जाएगा, साथ ही ऐसी अग्राह्य डाक-वस्तु के निपटान के बारे में सूचना भी दी जाएगी।

31. सीमा शुल्क नियंत्रण.- (1) डाकघर में प्रस्तुत सभी अंतर्राष्ट्रीय आउटबाउंड मदें, सीमा शुल्क नियंत्रण तथा मूल देश या उसके राज्यक्षेत्र और गंतव्य देश या उसके राज्यक्षेत्र के लागू विधियों के अधीन होंगी।

(2) सभी अंतर्राष्ट्रीय आवक मदें, सीमा शुल्क नियंत्रण और देश में तत्समय प्रवृत विधि के अधीन होंगी।

(3) सीमा शुल्क विभाग द्वारा लगाया गया कोई भी सीमा शुल्क, अनुसूची III की सारणी XII में उल्लिखित अतिरिक्त डाक शुल्क के साथ, डिलिवरी के समय प्रेषिति से प्रभारित किया जाएगा।

32. डाकघर को सीमा शुल्क आदि एकत्र करने के लिए प्राधिकृत किया जाना.- डाकघर को, यथास्थिति, डाक-वस्तुओं के प्रेषक या प्रेषिति से सीमा शुल्क तथा अन्य सभी शुल्क जो देय हों, एकत्र करने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा।

33. किसी विधि के उल्लंघन में भेजी गई मदें.- किसी अधिनियम, नियम, विनियम या देश के किसी अन्य विधि के उल्लंघन में डाक द्वारा भेजी गई किसी भी डाक-वस्तु को, यथास्थिति, प्रवर्तन अभिकरण या प्राधिकरण या अधिकारी द्वारा निदेशित रीति से निरूद्ध किया और निपटाया जा सकता है।

34. अन्तर्रूद्ध डाक-वस्तुओं का निपटान.- (1) यदि डाकघर के किसी पदधारी या अधिकारी को समुचित आधारों पर संदेह हो कि किसी डाक-वस्तु के पारेषण के दौरान-

(क) इसमें कोई ऐसी डाक-वस्तु सम्मिलित है जिसके संबंध में कोई अपराध किया जा रहा है या अपराध करने का प्रयास किया जा रहा है; या

(ख) इसमें कोई ऐसी डाक-वस्तु सम्मिलित है जो किसी अपराध के किए जाने का साक्ष्य प्रस्तुत करती हो; या

(ग) किसी अपराध के अग्रसरण में भेजी जा रही हो; या

(घ) जिसे रक्षा, लोक सुरक्षा या लोक व्यवस्था के हित में, प्राप्त करने और परीक्षित करने की आवश्यकता हो,

ऐसा पदधारी या अधिकारी, नियमों के उपबंधों के अनुसार संबंधित विधि प्रवर्तन प्राधिकरी द्वारा परीक्षा के प्रयोजनार्थ डाक-वस्तु को निरुद्ध करने के निदेश के लिए सक्षम प्राधिकारी को सूचित करेगा।

(2) यदि उप-विनियम (1) के अधीन किसी डाक-वस्तु की परीक्षा करने पर वह संदेह जिसके कारण उसकी जांच की गई थी-

(क) प्रमाणित हो जाता है, तो उस डाक-वस्तु को आपराधिक अभियोजन में साक्ष्य के प्रयोजनों के लिए निरुद्ध किया जा सकता है या नष्ट किया जा सकता है या ऐसी अन्य रीति से निपटाया जा सकता है जैसा कि विधि प्रवर्तन प्राधिकारियों के आदेशों में प्राधिकृत हो;

IndiaCode

(ख) प्रमाणित नहीं होता है, तो डाक-वस्तु को उस व्यक्ति को जिसे वह संबोधित है या प्राधिकृत व्यक्ति को सौंप दिया जाएगा ।

35. ऐसी डाक-वस्तुएं जिनमें खतरनाक पदार्थ होने का संदेह है.- (1) जहां किसी डाक-वस्तु में कोई विस्फोटक, खतरनाक, अपायकर, हानिकारक या गंदा पदार्थ या कोई ऐसी डाक-वस्तु होने का संदेह है जिससे डाक या डाकघर के किसी अधिकारी को क्षति पहुंचने की संभावना है, जहां ऐसा पता चलता है, उसे पारेषण बिंदु पर अन्तर्रूद्ध किया जाएगा और निरूद्ध किया जाएगा और डाकघर का प्रभारी अधिकारी मामले की सूचना तुरंत यथास्थिति, पुलिस प्राधिकारियों, डाकघर प्राधिकारियों और अन्य अभिहित प्राधिकारियों को देगा।

(2) डाक-वस्तु के संबंध में आगे की आवश्यक कार्रवाई उप-विनियम (1) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारियों के निदेशों के अनुसार की जाएगी।

36. प्रकटीकरण पर निबंधन.- कोई भी व्यक्ति किसी संचार या सूचना का प्रकटन नहीं कर सकता है, जो इन विनियमों के अनुसार उसकी शक्तियों के प्रयोग या उसके कर्तव्यों के पालन में प्राप्त की गई है, सिवाय इसके कि-

(क) किसी अन्य व्यक्ति को, जिसे इन विनियमों के अनुसार अपने कार्यों के समान प्रयोग या पालन के लिए इसकी आवश्यकता हो;

(ख) ऐसी सूचना जिसका किसी विधि के अनुसार या किसी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में प्रकटन किया जाना अपेक्षित हो।

IndiaCode

37. खोली गई डाक-वस्तुओं का निपटान.- (1) यदि नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट डाक अधिकारी द्वारा खोली गई या परीक्षित की गई कोई डाक-वस्तु विधिविरूद्ध या प्रतिषिद्ध डाक-वस्तु पाई जाती है, तो ऐसी डाक-वस्तुओं का निपटान विनिर्दिष्ट प्राधिकारियों के निदेशों के अनुसार किया जाएगा।

(2) यदि उप-विनियम (1) में विनिर्दिष्ट मद, विधिविरूद्ध या प्रतिषिद्ध नहीं पाई जाती है, तो उसे उसके गंतव्य स्थान पर इस प्रकार भेजा जाएगा मानो उसे खोला या परीक्षित नही किया गया हो।

38. किसी डाक-वस्तु को खोलने की सूचना.- जहां कोई डाक-वस्तु विधिविरूद्ध पाई जाती है, उसे अधिनियम की धारा 9 के अधीन डाक अधिकारी या पदधारी द्वारा खोला जाता है, तो प्रेषक को और यदि वह नहीं पाया जाता है, तो प्रेषिति को सूचना भेजी जाएगी ।

39. दायित्व से राहत नहीं.- अधिनियम या नियमों या इन विनियमों के अधीन किसी डाक-वस्तु को निरूद्ध किया जाना, खोलना, परीक्षण करना, नष्ट करना या निपटाना किसी व्यक्ति को इन विनियमों के विरुद्ध किसी अपराध के लिए दायित्व से मुक्त नहीं करेगा।

40. प्रतिकर का कोई अधिकार नहीं.- किसी व्यक्ति को अधिनियम या नियमों या विनियमों या देश की तत्समय प्रवृत विधि द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन किसी डाक-वस्तु या उसके संलग्नक को निरूद्ध करने, खोलने, परीक्षण करने, अभिग्रहण करने, नष्ट करने या निपटाने, के कारण प्रतिकर का कोई अधिकार नहीं होगा, न ही संचार मंत्रालय के डाक विभाग या उसके किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा कोई दायित्व उपगत किया जाएगा।

अध्याय III

डाक-वस्तुओं के डिलिवरी की रीति

41. लेखादायी मदें.- लेखादायी डाक-वस्तुओं का डिलिवरी इस प्रकार किया जाएगा-

(क) रजिस्ट्रीकृत मद, बीमाकृत मद, कैश ऑन डिलीवरी, मनीऑर्डर के मामले में प्रेषिति या प्राधिकृत व्यक्ति को;

(ख) स्पीड पोस्ट मद, इंडिया पोस्ट पार्सल आदि के मामले में प्राधिकृत व्यक्ति को या उसके पते पर।

42. लेखादायी डाक-वस्तुओं के डिलिवरी के लिए जारी किया जाना.- (1) लेखादायी डाक-वस्तु डिलिवरी के लिए जारी की जाएगी और यदि किसी कारणवश प्रथम प्रस्तुति पर उसका डिलिवरी नहीं किया जाता है, तो उसे डिलिवरी के लिए पुनः जारी किया जाएगा। यदि दो प्रयासों के बाद भी डिलिवरी नहीं किया जा सकता है, तो किसी भी स्थिति में इसे डिलिवरी के लिए पुनः जारी नहीं किया जाएगा।

(2) तथापि, लेखादायी डाक-वस्तु के आगमन की सूचना प्रेषिति को जारी की जाएगी, ताकि वह स्वयं या डाकघर के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा ऐसी डाक-वस्तु का डिलिवरी ले सके।

43. प्रेषिति द्वारा रसीद पर हस्ताक्षर करना.- (1) लेखादायी डाक-वस्तु का प्रेषिति या प्राधिकृत व्यक्ति, उस डाक-वस्तु की रसीद और डिलिवरी के सबूत पर, यदि वह उससे संबंधित हो, हस्ताक्षर करेगा, जब तक कि आवरण के बाहरी स्वरूप से छेड़छाड़ का संदेह उत्पन्न न हो।

(2) जहां लेखादेय डाक-वस्तुए के आवरण के बाहरी स्वरूप के बारे में संदेह हो कि उसमें छेड़छाड़ की गई है, वहां डाक-वस्तु को डाकघर में पोस्टमास्टर की उपस्थिति में खोला जाएगा और उसकी अंतर्वस्तु को एक सूची में दर्ज किया जाएगा, जो दो प्रतियों में तैयार की जाएगी और जिस पर प्रेषिति द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

(3) डाकघर द्वारा प्रेषक को हस्ताक्षरित सूची की एक प्रति, उसके साथ संलग्न डिलिवरी के अहस्ताक्षरित सबूत के साथ अग्रेषित की जाएगी और यदि उस डाकघर के कर्मचारिवृंद, जहां से डाक-वस्तु परिदत्त की जानी है प्रेषिति या प्राधिकृत व्यक्ति को नहीं जानते है, तो डाकघर के कर्मचारिवृंदों के किसी परिचित व्यक्ति द्वारा प्रेषिति या प्राधिकृत व्यक्ति की पहचान किया जाना या पोस्टमास्टर की संतुष्टि के लिए उसकी पहचान स्थापित करने वाले साक्ष्य का प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा, यदि डिलिवरी करने वाले डाकघर के पदधारी द्वारा ऐसी अपेक्षा की जाए।

44. लेखादेय डाक-वस्तुओं से भिन्न अन्य डाक-वस्तुओं का पत्र डिलिवरी बॉक्स.- (1) ऐसे प्रेषिति के लिए, जिसने पोस्ट बॉक्स या पोस्ट बैग की सुविधा का उपभोग किया है, डाक-वस्तुओं का डिलिवरी पोस्ट बॉक्स या पोस्ट बैग में किया जा सकेगा।

(2) पोस्ट बॉक्स या पोस्ट बैग का उपभोग न करने की स्थिति में, डाक-वस्तुओं का डिलिवरी प्रेषिति के परिसर में संस्थापित पत्र डिलिवरी बॉक्स के माध्यम से किया जाएगा।

(3) प्रेषिति द्वारा उप-विनियम (2) में विनिर्दिष्ट प्रत्येक घर या भवन के भूतल पर, जिसमें प्रेषिति अवस्थित है, एक पत्र डिलिवरी बॉक्स, जिस पर नाम और पता लिखा हो और जो प्रेषिति की

अपेक्षानुसार आयाम का हो, संस्थापित किया जाएगा और ऐसे पत्र डिलिवरी बॉक्स सुविधाजनक स्थान पर रखे जाएंगे, जो डाकिया या डिलिवरी करने वाले व्यक्ति के लिए आसानी से पहुंच योग्य हो।

स्पष्टीकरण.- इस उप-विनियम के प्रयोजनों के लिए, "भवन" पद से दो या अधिक मंजिलों वाले संनिर्माण से है, जिसमें ऊंची इमारतें भी सम्मिलित हैं, और जो अस्तित्व में हैं या जिनका निर्माण पूरा हो चुका है;

परंतु एक इमारत या इमारत की एक ही मंजिल पर स्थित एक या अधिक या सभी प्रेषितियों द्वारा एक ही पत्र डिलिवरी बॉक्स को एक सामान्य पत्र बॉक्स के रूप में प्रदान किया जा सकता है:

परंतु यह और कि जहां रसीद के विरुद्ध परिदत्त की जाने वाली मद, प्रेषिति की अनुपलब्धता के कारण परिदत्त नहीं की जाती है, तो उससे संबंधित सूचना, पत्र डिलिवरी बॉक्स या डिजिटल संचार के माध्यम से दी जा सकती है।

(4) प्रत्येक ऐसे पत्र डिलिवरी बॉक्स में शीर्ष पर स्थित एक पोस्टिंग छिद्र होगा जो सामने की ओर होगा, जिसमें पोस्टिंग छिद्र के निचले किनारे से अंदर की ओर निकला हुआ एक क्षैतिज किनारा सम्मिलित होगा।

(5) जहां ऐसा पत्र डिलिवरी बॉक्स स्थापित नहीं है, ऐसी डाक-वस्तुओं का डिलिवरी केवल डाकघर में ही किया जाएगा, जब तक कि पत्र डिलिवरी बॉक्स स्थापित न हो जाए।

(6) जहां किसी विशेष भवन में इस आदेश के उपबंधों का अनुपालन करने में वास्तविक कठिनाई हो, वहां प्रभागीय प्रमुख, अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से, उक्त भवन को इस विनियम के उपबंधों से छूट दे सकते हैं।

(7) ऐसे आकार की डाक-वस्तुएं जिन्हें पत्र डिलिवरी बॉक्स में परिदत्त नहीं किया जा सकता है, तथा बिना भुगतान की गई या अपर्याप्त भुगतान की गई डाक-वस्तुओं को डाकिया या डिलिवरी करने वाले व्यक्ति के माध्यम से प्रेषिति या प्राधिकृत व्यक्ति को या पते पर परिदत्त किया जाएगा।

(8) बिना भुगतान की गई या अपर्याप्त भुगतान की गई डाक-वस्तुओं का डिलिवरी केवल अपेक्षित डाक शुल्क वसूल करने के पश्चात् ही किया जाएगी।

45. खिड़की द्वारा परिदान.- किसी डाक-वस्तु का प्रेषिति, पोस्ट बॉक्स या पोस्ट बैग प्रणाली की सुविधा के बिना, बिना किसी प्रभार के, पोस्टमास्टर को लिखित अनुरोध देकर, व्यावसायिक घंटों के दौरान डाकघर में डाक-वस्तु प्राप्त करने की सुविधा का लाभ उठा सकता है और ऐसे मामले में, डाक-वस्तु को दरवाजे पर डिलिवरी के लिए डाकिया को नहीं दिया जाएगा।

46. पोस्ट बॉक्स.- (1) कोई व्यक्ति, फर्म या अन्य निकाय, पोस्ट बॉक्स संख्या वाली पूर्ण प्रीपेड डाक-वस्तुओं की पोस्ट बॉक्स के माध्यम से डिलिवरी के लिए अनुसूची I की सारणी IX में उल्लिखित लागू फीस के साथ आवेदन करके कुछ डाकघरों में पोस्ट बॉक्स की सुविधा का लाभ उठा सकता है।

(2) पोस्ट बॉक्स से संबंधित शर्तें समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी।

47. पोस्ट बैग.- (1) कोई व्यक्ति, फर्म या अन्य निकाय, पोस्ट बैग संख्या वाले पूर्णतः पूर्वभुगतान किए गए डाक-वस्तुओं को पोस्ट बैग के माध्यम से प्राप्त करने और परिदत्त करने के लिए अनुसूची

I की सारणी IX में उल्लिखित लागू फीस के साथ आवेदन करके किसी भी डाकघर में पोस्ट बैग की सुविधा का उपभोग कर सकता है।

(2) पोस्ट बैग से संबंधित शर्तें समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी।

48. स्मार्ट डिलिवरी बॉक्स.- (1) सर्कल प्रमुख को डाकघरों या अन्य स्थानों को अभिहित करने के लिए प्राधिकृत किया गया है, जहां स्मार्ट डिलिवरी बॉक्स की सेवाएं उपलब्ध हैं।

(2) किसी भी व्यक्ति द्वारा समय-समय पर प्रशासनिक निदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट फीस या प्रभार के साथ डाकघर में आवेदन करके सेवा का लाभ उठाया जा सकता है।

(3) स्मार्ट डिलिवरी बॉक्स का उपयोग समय-समय पर प्रशासनिक निदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट बॉक्स के समनुदेशिती को संबोधित ऐसी डाक-वस्तुओं के डिलिवरी के लिए किया जाएगा।

49. लोक अधिकारियों को परिदत्तगी.- (1) जिन डाक-वस्तुओं पर "भारत सरकार सेवार्थ" लिखा हो और जिनमें पते में लोक अधिकारी का नाम और पद दोनों हों या जिनमें पद नहीं हो, उन्हें उनके पद के अनुसार ही परिदत्त या पुन:निर्देशित किया जाएगा, भले ही अभिहित व्यक्ति अब पद पर न हो या वह अपना स्थान छोड़ चुका हो।

(2) जिन डाक-वस्तुओं पर "भारत सरकार सेवार्थ" लिखा न हो, किन्तु पते में लोक अधिकारी का नाम और पद दोनों हों, उन्हें उनके नाम के अनुसार ही परिदत्त या पुन:निर्देशित किया जाएगा, जबकि जिन डाक-वस्तुओं पर पते में नाम नहीं हो, उन्हें संबोधित व्यक्ति के पद के अनुसार ही परिदत्त किया जाएगा।

50. फर्मों आदि को डाक-वस्तुएं परिदत्त करने की विशेष प्रक्रिया- (1) फर्म या कंपनी को डिलिवरी के लिए संबोधित डाक-वस्तुएं यथास्थिति, स्वामी, भागीदार या प्रोपराइटर द्वारा, प्राधिकृत व्यक्ति को परिदत्त की जाएंगी।

(2) यथास्थिति, प्राधिकार पत्र, स्वामी या प्रोपराइटर या भागीदार द्वारा परिदान, उस राज्यक्षेत्र के डाकघर के पोस्टमास्टर को किया जाएगा जहां फर्म या कंपनी का कार्यालय स्थित है।

51. मृत व्यक्तियों को संबोधित मदें.- मृत व्यक्तियों को संबोधित डाक-वस्तुओं को इस प्रकार माना जाएगा मानो वे दावाकृत नहीं हैं तथा उनका विनियम 65 के उप-विनियम (2) के उपबंधों के अनुसार निपटान किया जाएगा।

52. क्षतिग्रस्त डाक-वस्तु का परिदान.- जहां कोई लेखादेय डाक-वस्तु क्षतिग्रस्त स्थिति में डिलिवरी कार्यालय में प्राप्त होती है, तो प्रेषिति को एक नोटिस भेजा जाएगा जिसमें उसे डिलिवरी लेने के लिए घरेलू डाक-वस्तु के मामले में सात दिन के भीतर तथा अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तु के मामले में पंद्रह दिन के भीतर डाकघर में उपस्थित होने का अनुरोध किया जाएगा तथा ऐसी डाक-वस्तु का डिलिवरी या निपटान प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से किया जाएगा।

53. प्रेषिति को सूचना.- डाकिया द्वारा प्रेषिति को उन लेखादेय डाक-वस्तुओं के लिए सूचना दी जाएगी, जैसा कि समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सकता है।

IndiaCode

54. यदि आवश्यक हो तो प्रेषिति की पहचान प्राप्त करना.- (1) डाकिया या डिलिवरी करने वाला व्यक्ति, डाक-वस्तु परिदत्त करने से पहले प्रेषिति या प्राधिकृत व्यक्ति की पहचान प्राप्त कर सकता है, यदि प्रेषिति या प्राधिकृत व्यक्ति उसे ज्ञात नहीं है।

(2) पासपोर्ट, स्थायी खाता संख्या (पैन) कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य डाक-वस्तुओं से संबंधित लेखादायी डाक-वस्तुओं के परिदान, समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से प्रेषिति की पहचान प्राप्त करने के पश्चात् ही की जाएगी।

55. डाक-वस्तुओं का पुन:निदेशन.- (1) किसी डाक-वस्तु का प्रेषक, अनुसूची I की सारणी VI में उल्लिखित डाक शुल्क का भुगतान करके, प्रेषिति की सहमति के संदर्भ के बिना, लेखादेय घरेलू डाक-वस्तु और अंतर्राष्ट्रीय आवक डाक-वस्तु के संबंध में निम्नलिखित सुविधा का लाभ उठा सकता है, अर्थात्:-

(क) डाक से डाक-वस्तु को वापस मंगाना:

परंतु समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किसी भी कारण से बुकिंग कार्यालय से पारेषित किए जाने से पहले डाक-वस्तु को रद्द किया जा सकता है; या

(ख) प्रेषिति के पते या नाम में परिवर्तन।

(2) यदि मूल पता और वैकल्पिक पता एक ही डाकघर के डिलिवरी क्षेत्र में हैं, तो डाक-वस्तु का प्रेषिति पते में परिवर्तन की सुविधा बिना किसी प्रभार के प्राप्त कर सकता है; या अन्यथा, उप-विनियम (1) में उल्लिखित डाक शुल्क का भुगतान करके ऐसा कर सकता है।

(3) डाकघर लागू फीस की रसीद देगा।

56. कुछ सुविधाओं का उपभोग करने का अनुरोध.- विनियम 57 के अधीन किसी डाक-वस्तु के प्रेषक या प्रेषिति के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा, यदि डाक-वस्तु गंतव्य डाकघर में डिलिवरी के लिए है, या संबंधित देश की किसी लागू विधि के अधीन अभिग्रहित, अधिहरित या नष्ट कर दी गई है।

57. अनुरोध करने की रीति.- (1) कोई प्रेषक या प्रेषिति या प्राधिकृत व्यक्ति, विनियम 55 में उल्लिखित सुविधाओं का उपभोग करने के लिए, कारण सहित, लागू फीस के साथ डाकघर को लिखित अनुरोध कर सकता है:

परंतु किसी विदेश या उसके राज्यक्षेत्र को संबोधित किसी डाक-वस्तु के मामले में ऐसा कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा, जब तक कि ऐसी डाक-वस्तु किसी ऐसे देश या उसके राज्यक्षेत्र को संबोधित न हो, जिसे इस संबंध में प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सकता है।

(2) डाक शुल्क और आवेदन फीस का भुगतान एक बार करने के पश्चात्, किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

58. डाकघर अनुरोध को पूरा न करने के लिए उत्तरदायी नहीं है–डाकघर, विनियम 55 और विनियम 56 में उल्लिखित शर्तों के अधीन, प्रेषक के अनुरोध को पूरा न करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा और इस संबंध में किए गए आवेदन के विपरीत किसी डाक-वस्तु संबंधी डिलिवरी के कारण उस पर कोई दायित्व उपगत नहीं होगा :

परंतु ऐसे मामलों में, ऐसे अनुरोध के लिए ली जाने वाली फीस वापस कर दी जाएगी ।

IndiaCode

59. डिलिवरी पर देय डाकशुल्क--पोस्टमास्टर या प्रभारी अधिकारी, यह सुनिश्चित करेगा कि निम्नलिखित वर्गों की डाक-वस्तुओं पर उनकी उपस्थिति में उचित रूप से डाक शुल्क लगाया जाए :

(क) अपर्याप्त रूप से संदत्त डाक-वस्तु पर, जिनको पूर्ण संदत्त माना गया है ;

(ख) असंदत्त की गई मदों, जिन पर देय डाकशुल्क स्टांप नहीं लगाया गया है ; और

(ग) ऐसी मदें, जिन पर प्रेषण के कार्यालयों द्वारा देय डाकशुल्क की पूरी रकम प्रभारित नहीं की गई है।

60. देय-डाक शुल्क स्टांप-- (1) विनियम 59 में उल्लिखित डाक-वस्तुओं पर देय-डाकशुल्क स्टांप लगाया जाएगा और प्रेषण के कार्यालय के देय-डाकशुल्क स्टांप द्वारा दर्शित रकम का उल्लेख पोस्टमास्टर या प्रभारी अधिकारी या अधिकृत कार्यालय या अधिकारी के आद्याक्षर के अधीन किया जाएगा।

(2) विदेश डाक द्वारा प्राप्त किसी डाक-वस्तु की दशा में, किसी भी परिस्थिति में, उस विदेश डाकघर के अतिरिक्त, जिसके माध्यम से वह आता है, किसी अन्य डाकघर द्वारा डाकशुल्क नहीं लिया जाएगा।

(3) यदि विदेश डाक की कोई असंदत्त मद, जिस पर मूल कार्यालय द्वारा टी-स्टाम्प नहीं लगाया गया है और जिस पर विदेश डाकघर द्वारा स्पष्ट रूप से दर्शित गलती से स्टाम्प नहीं लगाया गया है, डाकघर में डिलिवरी के लिए प्राप्त की जाती है, तो ऐसी डाक-वस्तुएं संबंधित विदेशी डाकघर को उचित स्टाम्प लगाने के लिए वापस भेज दी जाएगी और देय डाकशुल्क की वसूली के पश्चात् वापस प्राप्त होने पर परिदत्त की जाएगी :

परंतु मूल देश या क्षेत्र को दर्शित करने वाली केवल मुद्रित छाप, और किसी डाकशुल्क की रकम संगृहीत नहीं किया जाना दर्शित करने वाली, "कर अनुनय" अभिव्यक्ति, जिसका अर्थ "प्रभार संगृहीत" है, "पोर्ट प्राप्तिकर्ता" अभिव्यक्ति, जिसका अर्थ "डाकशुल्क संदत्त" है, या मूल देश या क्षेत्र की भाषा में इसी प्रकार की समान अभिव्यक्ति, सहित प्राप्त डाक-वस्तुओं पर, विनिमय के कार्यालयों द्वारा या वितरण के कार्यालयों द्वारा कर नहीं लगाया जाएगा और इस प्रकार परिदत्त किया जाएगा, मानो पूर्णतया पूर्वसंदत्त है ।

61. उन डाक-वस्तुओं का परिदान, जिन पर सीमाशुल्क देय है--उन मदों, जिन पर वसूल किए जाने वाला सीमाशुल्क, समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा यथाविनिर्दिष्ट रकम से अधिक है, का डिलिवरी सामान्य रूप से डाकघर की खिड़की पर किया जाएगा और ऐसे शुल्क का भुगतान या तो नकद में या चेक द्वारा या किसी अन्य विनिर्दिष्ट रीति द्वारा किया जा सकेगा ।

62. वस्तुओं से इनकार--(1) किसी डाक-वस्तु का प्रेषिती डाकघर को देय राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं होगा, यदि वह इसका डिलिवरी नहीं लेना चाहता है और ऐसी दशा में, डाकिया द्वारा कवर पर "इनकार" शब्द लिखा जाएग ।

(2) अदावाकृत और इनकार की गई डाक-वस्तुओं को, तुरंत, प्रेषक को डिलिवरी के लिए भेजने वाले कार्यालयों को सीधे वापस कर दिया जाएगा और यदि भेजने वाले कार्यालय को इस प्रकार लौटाई गई डाक-वस्तुओं का प्रेषक नहीं पाया जाता है, तो वस्तुएं रिटर्नड लेटर ऑफिस को भेजी जाएंगी।

(3) अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तु के संबंध में, ऐसी डाक-वस्तु को आगे के निपटान के लिए विदेश डाकघर को वापस कर दिया जाएगा।

63. प्रभारित राशि का भुगतान करने का दायित्व--जब कोई व्यक्ति किसी ऐसी डाक-वस्तु की डिलिवरी लेता है, जिस पर डाकघर को कोई राशि देय होती है, तो वह उस पर अंकित राशि का भुगतान करेगा ।

64. प्रेषिती के डाकघर में अपरिदत्त डाक-वस्तुओं का निरुद्ध और निपटान--(1) जब सभी पूछताछ के पश्चात् प्रेषिती को ढूढ़ना असफल साबित हुआ हो, तब कोई डाक-वस्तु सामान्य तौर पर उस डाकघर में सात दिनों की अवधि के लिए रखी जाएगी, जिसका उस पर पता है।

(2) कोई मद, प्रेषिती से प्राप्त डाकघर में जमा करने के लिए अनुदेशों पर, ऐसी अवधि के लिए, जो प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट की जाए, उस डाकघर में रहेगी, जिसका इस पर पता है।

65. कतिपय मामलों में अपरिदत्त डाक-वस्तुओं का वापस किया जाना--(1) कोई अपरिदत्त मद,--

(क) जिसका प्रेषिती ने डिलिवरी लेने से इनकार किया है या सम्यक् नोटिस के पश्चात् लोप किया है या समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा यथाविनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रेषिती डिलिवरी नहीं लेता ; या

(ख) प्रेषिती द्वारा डाकघर को अपने पत्राचार के पुनर्निर्देशन के बारे में संसूचना दिए बिना पता छोड़ देना ज्ञात हुआ है ; या

(ग) प्रेषिती मृत है और ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है, जिसे डाक-वस्तु ठीक से परिदत्त की जा सके,

उस डाकघर में नहीं रखी जाएगी, जिस पर उसका पता है और यदि डाक-वस्तु पर प्रेषक का नाम और पता स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है, प्रेषक को वापस कर दी जाएगी, या अन्यथा, संबंधित वापसी पत्र कार्यालय को भेज दी जाएगी।

(2) उपविनियम (1) में निर्दिष्ट डाक-वस्तु प्रेषक या अधिकृत व्यक्ति को परिदत्त की जाएगी और उससे संलग्न डिलिवरी के किसी सबूत को परिदत्त और नष्ट नहीं किया जाएगा।

(3) प्रेषक को डाक-वस्तु के अपरिदत्त होने की दशा में, ऐसी डाक-वस्तु संबंधित वापसी पत्र कार्यालय (आरएलओ) को भेज दी जाएगी।

66. अपरिदत्त डाक-वस्तुओं पर मानक टिप्पणियां--(1) अपरिदान के कारण समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा यथाविनिर्दिष्ट मानक टिप्पणियों के उपयोग द्वारा अभिलिखित किए जाएंगे।

IndiaCode

(2) किसी डाक-वस्तु का प्रस्तुत करना, जिस पर डाकघर का आधिकारिक चिह्न है, यह दर्शाता है कि डाक-वस्तु को उपविनियम (1) में यथाविनिर्दिष्ट किसी भी मानक टिप्पणी द्वारा इंगित किए गए अनुसार निपटाया गया है, इस प्रकार दर्शाए गए तथ्य का प्रमाण होगा और जिस व्यक्ति से डाक-वस्तु आने का तात्पर्य है, जब तक इसके विपरीत साबित नहीं हो जाता, उसे उसका प्रेषक माना जाएगा।

67. रिटर्नड लेटर ऑफिस (आरएलओ) में अपरिदत्त डाक-वस्तुओं को रोकना और उनका निपटान– ऐसी मदें, जो पते के साथ-साथ प्रेषक को परिदत्त न की जा सकी हों, निम्नलिखित अवधि के लिए वापसी पत्र कार्यालय में रखी जाएंगी,--

(क) पंद्रह दिन, जब वे अनुत्तरदेय हैं ; और

(ख) तीस दिन, जब वे उत्तरदेय हों।

स्पष्टीकरण--इस नियम के प्रयोजन के लिए, "रिटर्नड लेटर ऑफिस" से ऐसा कार्यालय अभिप्रेत है, जो अदावाकृत और इनकार की गई मदों, या बिना पते वाली मदों, या अनिर्णीत या अपूर्ण पते से संबंधित कार्य करता है।

68. अपरिदत्त डाक-वस्तुओं से संबंधित मामले में प्रक्रिया--(1) विनियम 64 से विनियम 66 में निर्दिष्ट अपरिदत्त डाक-वस्तुओं पर निम्नानुसार कार्रवाई की जाएगी :--

(क) आंतरिक मूल्य के बिना, जैसे मुद्रित या हस्तलिखित कागजों वाली डाक-वस्तुओं का, इसे अपशिष्ट कागज के रूप में बेचकर या नष्ट करके तुरंत निपटान किया जाएगा ;

(ख) क्षेत्रीय प्रमुख के विकल्प पर पत्रिकाओं, आवधिक पत्रिकाओं और समाचार पत्रों का उपयोग किसी भी सार्वजनिक प्रयोजन के लिए किया जा सकेगा ;

(ग) आंतरिक मूल्य वाली डाक-वस्तुओं का नीलामी के माध्यम से निपटान किया जाएगा ;

(घ) जिन पोस्टकार्डों और लेटर कार्डों पर डाकशुल्क का पूर्व-भुगतान नहीं किया गया है, उन्हें तुरंत नष्ट कर दिया जाएगा :

परंतु इस विनियम की कोई भी बात लोक हित के लिए आवश्यक समझे जाने वाली किसी भी डाक-वस्तु के तत्काल नष्ट किए जाने को निवारित नहीं करेगी ।

(2) विनियम 67 में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति पर, किसी डाक-वस्तु का, रिटर्नड लेटर ऑफिस में संबंधित सर्कल प्रमुख या क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा उचित समझी जाने वाली रीति में निपटान किया जाएगा।

69. वह अवधि, जिसके लिए पते में परिवर्तन के संबंध में सूचना विधिमान्य रहती है--(1) कोई निवासी, अपने आवासीय या आधिकारिक पते में परिवर्तन के संबंध में, उसे संबोधित या उसके नए पते को संबोधित डाक-वस्तुओं के डिलिवरी हेतु संबंधित डाकघर को लिखित सूचना दे सकेगा ।

(2) ऐसी सूचना तीन मास से अनधिक की अवधि के लिए वैध रहेगी ।

India Code

(3) विनियम 55 के उपविनियम (2) के उपबंध, आवश्यक परिवर्तनों सहित डाक-वस्तुओं के डिलिवरी के लिए लागू होंगे ।

70. किसी शासकीय चिह्न को बनाने के लिए प्राधिकृत अधिकारी या पदधारी--(1) निम्नलिखित अधिकारी या पदधारी उन डाक-वस्तुओं पर कोई शासकीय चिह्न बनाने के लिए प्राधिकृत हैं, जो यह प्रकट करता है कि उसके संबंध में डाकघर को कोई डाकशुल्क या अन्य राशि देय है और ऐसा चिह्न इस बात का प्रमाण होगा कि इस प्रकार प्रकट राशि देय है ; और यह कि डाक-वस्तु को लेने से इनकार कर दिया गया है या अस्वीकार कर दिया गया है या अदावाकृत है या किसी अन्य कारण से परिदत्त नहीं की जा सकती है :--

(क) कार्यालय का पोस्टमास्टर ;

(ख) संबंधित पर्यवेक्षक और पदधारी, जिन्हें डाक-वस्तुओं के डिलिवरी का कार्य सौंपा गया है;

(ग) डाकिया या डिलिवरी करने वाला प्राधिकृत व्यक्ति ।

(2) शाखा डाकघरों से संबंधित मामलों में, उपविनियम (1) में यथासंदर्भित, पोस्टमास्टर और डाकिया या डिलिवरी करने वाले प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा किए गए कार्य का प्रत्यायोजन, क्रमशः डाक-वस्तुओं के डिलिवरी का कार्य कर रहे ग्रामीण डाक सेवक शाखा पोस्टमास्टर और ग्रामीण डाक सेवक को किया जाएगा ।

(3) इन विनियमों के प्रयोजनों के लिए प्रक्रिया ऐसी होगी, जो समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए ।

71. असंदत्त और अपर्याप्त रूप से संदत्त घरेलू डाक-वस्तुओं के संबंध में देय की वसूली--कोई मद, जिस पर डाकशुल्क या एयरमेल शुल्क पूर्वसंदत्त नहीं किया गया है, या अपर्याप्त रूप से पूर्वसंदत्त है, डाक डाक-वस्तुओं के प्रेषिती को डिलिवरी पर, या अप्राप्य की दशा में, प्रेषक को, अनुसूची I की सारणी VIII में उल्लिखित दरों से प्रभारित होगी ।

72. असंदत्त और अपर्याप्त रूप से संदत्त अंतरराष्ट्रीय डाक-वस्तुओं के संबंध में देय की वसूली– कोई आवक अंतरराष्ट्रीय मद, जिस पर डाकशुल्क या एयरमेल शुल्क पूर्वसंदत्त नहीं किया गया है, या अपर्याप्त रूप से पूर्वसंदत्त है, डाक डाक-वस्तुओं के प्रेषिती को डिलिवरी पर, या अप्राप्य की दशा में, प्रेषक को, अनुसूची III की सारणी X में उल्लिखित दरों से प्रभारित होगी ।

(2) कोई जावक अंतर्राष्ट्रीय मद, जिस पर डाकशुल्क या एयरमेल शुल्क पूर्वसंदत्त नहीं किया गया है, या अपर्याप्त रूप से पूर्वसंदत्त है, गंतव्य को अग्रेषित नहीं की जाएगी, परंतु बिना किसी शुल्क के प्रेषक को परिदत्त की जाएगी ।

.

IndiaCode

अध्याय IV

प्रतिकर

73. घरेलू डाक-वस्तुओं के संबंध में प्रतिकर--(1) इन विनियमों में उल्लिखित शर्तों के अधीन, अन्यथा निर्दिष्ट के सिवाय किसी डाक-वस्तु के नुकसान, आंशिक नुकसान या देरी की स्थिति में संचार मंत्रालय में डाक विभाग द्वारा डाक-वस्तु के प्रेषक को प्रतिकर देय होगा।

(2) किसी डाक-वस्तु के नुकसान, आंशिक नुकसान या देरी की स्थिति में तब तक प्रतिकर नहीं दिया जाएगा, जब तक वह मद,--

(क) निम्नलिखित परिस्थितियों में डिलिवरी करने योग्य नहीं मानी जाएगी, अर्थात् :--

(i) असफल डिलिवरी के पश्चात्, प्रेषिती ने रोकने की अवधि के भीतर "संसूचना दी गई" के अधीन अवसर का लाभ नहीं उठाया है ; या

(ii) पता असुरक्षित या असंरक्षित है या यदि डिलिवरी बिंदु तक पहुंच को निवारित या बाधित किया गया है ; या

(iii) जिस पते पर डाक-वस्तु वितरित की जानी है, उस पर किसी भी व्यक्ति का स्थायी रूप से अधिभोग नहीं है ; या

(iv) डाक-वस्तु पर पूरी तरह से और सही ढंग से इस तरह से पता नहीं लिखा गया है, जिसमें पते के सभी तत्व शामिल हैं, जो सामने, या लिफाफे के सामने संरक्षित रूप से जुड़े लेबल पर (या अन्यथा इस तरह से कि पता स्पष्ट रूप पूर्णता से दिखाई देता है मानो इसे लिफाफे के सामने लिखा गया हो) स्पष्ट रूप से लिखे गए हैं; या

(v) उसका पता अपठनीय है; या

(vi) किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य और सुरक्षा को जोखिम में डाला जा सकता है; या

(vii) किसी अन्य कारण से, यदि यह पाया जाता है कि डाक-वस्तु का डिलिवरी करना अव्यावहारिक या अयुक्तियुक्त है ;

(ख) इन विनियमों में उल्लिखित सभी शर्तों को पूरी तरह से पूरा नहीं किया गया है ;

(ग) अनुरोध की गई सेवा के लिए अपर्याप्त डाकशुल्क भुगतान किया गया है या कोई डाकशुल्क भुगतान नहीं किया गया है ;

(घ) जिसमें किसी भी विधि द्वारा या अधिनियम या इन विनियमों के अधीन निषिद्ध डाक-वस्तु या प्रतिबंधित डाक-वस्तु अंतर्विष्ट हैं ;

(ङ) जिसके लिए दावा प्रस्तुत किया गया है, असाधारण रूप से गंभीर मौसम की स्थिति, आतंकवाद या बर्बरता के कृत्यों सहित नियंत्रण के बाहर की परिस्थितियों के कारण डिलिवरी नहीं की गई है;

(च) जहां नुकसान या क्षति या विलंब अव्यक्त या अंतर्निहित दोष या प्राकृतिक हास के कारण होता है।

IndiaCode

(3) घरेलू डाक-वस्तुओं के डिलिवरी में विलंब, हानि या क्षति या आंशिक क्षति की स्थिति में देय प्रतिकर वह होगा, जो अनुसूची I की सारणी V में उल्लिखित है।

74. **बीमित डाक-वस्तुओं के संबंध में प्रतिकर–**संचार मंत्रालय में डाक विभाग द्वारा किसी बीमित डाक-वस्तु के प्रेषक को देय प्रतिकर, उस राशि से अनधिक होगा, जिसके लिए डाक-वस्तु का, डाक द्वारा पारेषण के दौरान, समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा यथाविनिर्दिष्ट मामलों में के सिवाय, किसी डाक-वस्तु या उसकी किसी अंतर्वस्तु या उसे कारित किसी भी क्षति के लिए सामग्री के नुकसान के लिए या किसी भी क्षति के लिए, बीमा किया गया है:

परंतु किसी भी दशा में, प्रतिकर किसी डाक-वस्तु या उसकी किसी भी खोई हुई अंतर्वस्तु के मूल्य, या कारित नुकसान की राशि से अधिक नहीं होगा, और परंतु नुकसान की दशा में, प्रेषक डाक-वस्तु की अंतर्वस्तु के ब्यौरे और उसका मूल्य प्रस्तुत करेग ।

75. **घरेलू या बीमित डाक-वस्तुओं के संबंध में शिकायत-** (1) प्रेषक, साथ ही, किसी डाक-वस्तु का प्रेषिती भी शिकायत कर सकता है-

(क) किसी डाक-वस्तु की प्राप्ति न होने के लिए पंद्रह दिनों के पश्चात् और साठ दिनों के भीतर;

(ख) डाक-वस्तु की प्राप्ति के दो दिनों के भीतर, क्षतिग्रस्त या नुकसान के मामले में।

(2) प्रतिकर के लिए कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा, यदि इसे डाक-वस्तु प्रेषित किए जाने के साठ दिनों से अधिक समय पश्चात् किया जाता है।

76. शिकायत फ़ाइल कराना। -(1) समय-समय पर निर्दिष्ट प्रशासनिक अनुदेशों के अनुसार शिकायत फ़ाइल करनी होगी।

(2) विनियम 82 में निर्दिष्ट तरीकों के माध्यम से शिकायतें की जा सकेंगी।

77.डाक-वस्तुओं को खो जाने के रूप में माना जाना - (1) वह अधिकतम अवधि, जिसके पश्चात प्रतिकर के भुगतान के उद्देश्य से अंतिम डिलिवरी की स्थिति के अभाव में किसी डाक-वस्तु को खोया हुआ माना जा सकेगा, बुकिंग की तारीख से साठ दिन या शिकायत की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन,जो भी पश्चातवर्ती है, होगी ,परन्तु शिकायत उक्त अवधि के भीतर हुई हो।

(2) डाक-वस्तु के प्रेषक को दावे के विरुद्ध प्रतिकर, जिसे खो जाने के रूप में घोषित किया गया है, उसके पश्चात् दस दिनों की अवधि के भीतर भुगतान किया जाएगा।

(3) प्रेषक या प्रेषिती इन विनियमों के अधीन निर्धारित प्रतिकर का दावा लिखित रूप में मांग के साथ बुकिंग का वैध प्रमाण प्रस्तुत करने पर कर सकेगा।

78. अंतर्राष्ट्रीय वस्तुओं के दशा में प्रतिकर- (1) प्रतिकर संचार मंत्रालय में डाक विभाग द्वारा लेखादेय अंतरराष्ट्रीय वस्तुओं से जुड़े मामलों में केवल इन विनियमों में उल्लिखित शर्तों के अधीन, अन्यथा उपबंधित के सिवाय, देय होगा।

IndiaCode

(2) किसी डाक-वस्तु के नुकसान, आंशिक नुकसान या देरी की स्थिति में तब तक प्रतिकर नहीं दिया जाएगा, जब तक वह मद,--

(क) निम्नलिखित परिस्थितियों में डिलिवरी करने योग्य नहीं मानी जाएगी, अर्थात् :--

(i) असफल डिलिवरी के पश्चात्, प्रेषिती ने रोकने की अवधि के भीतर "संसूचना दी गई" के अधीन अवसर का लाभ नहीं उठाया है ; या

(ii) पता असुरक्षित या असंरक्षित है या यदि डिलिवरी बिंदु तक पहुंच को निवारित या बाधित किया गया है ; या

(iii) जिस पते पर डाक-वस्तु वितरित की जानी है, उस पर किसी भी व्यक्ति का स्थायी रूप से अधिभोग नहीं है ; या

(iv) डाक-वस्तु पर पूरी तरह से और सही ढंग से इस तरह से पता नहीं लिखा गया है, जिसमें पते के सभी तत्व या विश्व डाक संघ के एस 42 पते के मानक के अनुसार, शामिल हैं, जो सामने, या लिफाफे के सामने संरक्षित रूप से जुड़े लेबल पर (या अन्यथा इस तरह से कि पता स्पष्ट रूप पूर्णता से दिखाई देता है मानो इसे लिफाफे के सामने लिखा गया हो) स्पष्ट रूप से लिखे गए हैं।

स्पष्टीकरण- इस खंड के प्रयोजनों के लिए, "एस42" से विश्व डाक संघ द्वारा विनिर्दिष्ट पता लिखने का मानक अभिप्रेत है;

(v) उसका पता अपठनीय है; या

(vi) किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य और सुरक्षा को जोखिम में डाला जा सकता है; या

(vii) किसी अन्य कारण से, यदि यह पाया जाता है कि डाक-वस्तु का डिलिवरी करना अव्यावहारिक या अयुक्तियुक्त है ;

(ख) इन विनियमों में उल्लिखित सभी शर्तों को पूरी तरह से पूरा नहीं किया गया है ;

(ग) अनुरोध की गई सेवा के लिए अपर्याप्त डाकशुल्क भुगतान किया गया है या कोई डाकशुल्क भुगतान नहीं किया गया है ;

(घ) जिसमें तत्समय किसी भी विधि द्वारा या अधिनियम या इन विनियमों के अधीन निषिद्ध डाक-वस्तु या प्रतिबंधित डाक-वस्तु अंतर्विष्ट हैं और या तो यह नष्ट कर दी गई है या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जब्त कर ली गयी है ;

(ङ) कोई डाक-वस्तु जिसके लिए दावा प्रस्तुत किया गया है, असाधारण रूप से गंभीर मौसम की स्थिति, आतंकवाद या बर्बरता के कृत्यों सहित नियंत्रण के बाहर की परिस्थितियों (अप्रत्याशित घटना) के कारण डिलिवरी नहीं की गई है,गंतव्य देश या राज्य क्षेत्र को अपनी घरेलू विधि के अनुसार निर्णय लेने का अधिकार होगा कि क्या परिस्थितियां नियंत्रण के बाहर है ;

(च) जहां नुकसान या क्षति या विलंब अव्यक्त या अंतर्निहित दोष या प्राकृतिक हास के कारण है;

(छ) डाक-वस्तु एक रजिस्ट्रीकृत बल्क बैग (एम बैग) है;

IndiaCode

(ज) नियंत्रण से परे परिस्थितियों में अभिलेखों के नष्ट होने के कारण डाक-वस्तु का निपटान का पता नहीं लगाया जा सकता है, जब तक कि दायित्व को अन्य साधनों द्वारा साबित नहीं किया जाए;

(झ) सीमा शुल्क या किसी सक्षम प्राधिकारी के निर्णय के कारण डाक-वस्तु डिलिवरी नहीं किया जा सका;

(ञ) डाक-वस्तु खो जाती है और जब ऐसा नुकसान या क्षति प्रेषक की चूक या लापरवाही के कारण हुई है, या सामग्री की प्रकृति से उत्पन्न होती है;

(ट) डाक-वस्तु बीमित है और बीमित डाक-वस्तुओं के मामले में जिनका सामग्री के वास्तविक मूल्य से अधिक राशि के लिए धोखाधड़ी से बीमा किया गया है;

(ठ) डाक-वस्तु का डिलिवरी नहीं किया गया है और प्रेषक ने उस तारीख से जिसको डाक-वस्तु डाक से भेजी थी, रजिस्ट्रीकृत, अंतर्राष्ट्रीय ट्रैक्ड पैकेट सेवा, और पार्सल के लिए छह मास के भीतर; और एक्सप्रेस मेल सेवा के लिए चार मास के भीतर कोई जांच नहीं की है;

(ड) युद्ध-कैदी या सिविलियन इंटर्नी पार्सल के मामले में;

(ढ) जहां प्रतिकर प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रेषक के कार्यों पर कपटपूर्ण आशय होने का संदेह है, तीस दिन की अवधि के भीतर पूरी जांच की जाएगी और यदि प्रेषक का दुर्भावनापूर्ण आशय जांच के अनुसार स्थापित किया जाता है, तो कोई प्रतिकर नहीं दिया जाएगा;

(ण) सदस्य देश या राज्यक्षेत्र या उसके नामनिर्दिष्ट ऑपरेटर द्वारा अधिसूचित देश या गंतव्य के क्षेत्र के राष्ट्रीय विधि के अधीन डाक-वस्तु को जब्त कर लिया जाता है;

(त) जहां गंतव्य देश के राष्ट्रीय विनियम उस देश के नामित ऑपरेटरों को एक निजी मेलबॉक्स या पोस्टबॉक्स में रजिस्ट्रीकृत डाक-वस्तु डिलिवरी करने की अनुमति देते हैं और प्रेषिती घोषणा करता है कि उसे डाक-वस्तु प्राप्त नहीं हुआ था;

(थ) जहां एयरलाइन ट्रांसमिशन के दौरान किसी मध्यवर्ती देश या राज्यक्षेत्र द्वारा किसी भी डाक-वस्तु को जब्त किया जाता है, क्योंकि ऐसी डाक-वस्तु को हवा के माध्यम से प्रसारित करने से प्रतिबंधित किया गया था, कोई प्रतिकर देय नहीं होगा।

(3) अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तु के डिलिवरी में देरी, नुकसान या क्षति या आंशिक क्षति की स्थिति में देय प्रतिकर का उल्लेख अनुसूची III की सारणी IX में किया गया है।

79. अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तुओं के संबंध में शिकायत- (1) प्रेषक, साथ ही किसी डाक-वस्तु का प्रेषिती भी शिकायत कर सकेगा -

(क) क्षतिग्रस्त या आंशिक नुकसान या चोरी की दशा में, डाक-वस्तु की प्राप्ति के चौबीस घंटे के भीतर;

(ख) उस दिन से जिस दिन डाक-वस्तु पोस्ट किया गया था छह मास की अवधि के भीतर, डाक से भेजे गए पार्सल या रजिस्ट्रीकृत या बीमित डाक-वस्तुओं की दशा में,;

(ग) डाक से भेजी गई एक्सप्रेस मेल सेवा डाक-वस्तुओं की दशा में, उस तारीख से चार मास की अवधि के भीतर, जिस दिन डाक-वस्तु डाक से भेजी गई।

(2) प्रतिकर के लिए कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा यदि यह उप-नियम (1) में निर्दिष्ट समय सीमा के पश्चात् किया जाता है।

80. कतिपय दशाओं में कोई प्रतिकर नहीं दिया जाएगा- (1) संचार मंत्रालय में डाक विभाग द्वारा निम्नलिखित की दशा में कोई प्रतिकर देय नहीं होगा, अर्थात्: -

(क) जहां प्रेषक की गलती या लापरवाही के कारण नुकसान या क्षति हुई है, या डाक-वस्तु की प्रकृति से उत्पन्न होती है;

(ख) जहां बीमा धोखाधड़ी से सामग्री के वास्तविक मूल्य से अधिक राशि के लिए किया गया है, या प्रेषक या प्राप्तकर्ता की ओर से कोई अन्य धोखाधड़ी हुई है;

(ग) जहां बीमित डाक-वस्तु को प्रेषिती को डिलिवरी किया गया है, या जहां डाक-वस्तु प्रेषक को वापस कर दी गई है और, यथा स्थिति, प्रेषिती या प्रेषक, ने बिना किसी विरोध के रसीद पर हस्ताक्षर किए और उसे वापस कर दिया या किसी बीमित डाक-वस्तु की दशा में, कार्यालय के प्रशासन को, डाक-वस्तु के निकाल लिए जाने या क्षति की शिकायत किए बिना, जिसने डाक-वस्तु का डिलिवरी किया और यह साबित किया कि पत्र के डिलिवरी से पहले अंतर्वस्तु को निकाल लिया गया या क्षति हुई थी;

(घ) जहां प्रेषक ने डाक भेजने के दिन के पश्चात् छह मास के भीतर नुकसान, निकाल लिए जाने या क्षति की सूचना नहीं दी है;

(ड.)जहां नुकसान, निकाल लिया जाना या क्षति अनुचित या असुरक्षित पैकिंग के कारण थी;

(च) जहां कवर या मुहरों को कोई दृश्य क्षति नहीं है;

(छ) नियंत्रण से बाहर के मामलों में जैसे तूफान, पोत-विध्वंस, भूकंप या युद्ध;

(ज) जहां नियंत्रण से परे कारणों से इससे संबंधित दस्तावेजों के नष्ट हो जाने के परिणामस्वरूप बीमित डाक-वस्तु का पता नहीं लगाया जा सकता है, जब तक कि डाक-वस्तु के संबंध में प्रतिकर का भुगतान करने के लिए डाकघर के दायित्व का प्रमाण अन्यथा प्रस्तुत नहीं किया गया है;

(झ) जहां बीमित डाक-वस्तु में कुछ ऐसा सम्मिलित है, जिसका डाक द्वारा पारेषण निषिद्ध है;

परंतु कि प्रतिकर केवल इस तथ्य के कारण अस्वीकार्य नहीं होगा कि एक बीमित पार्सल में कोई पत्राचार था;

(ञ) जहां बीमित डाक-वस्तु देश या गंतव्य के राज्यक्षेत्र में तत्समय प्रवत्त किसी विधि के अधीन जब्त की जाती है;

(ट) जब कोई बीमाकृत पत्र या पार्सल खो जाता है, या नष्ट हो जाता है, या उसकी सामग्री पूरी तरह से निकाल ली जाती है;

(ठ) जब डाक सेवा के कारण हुई क्षति के कारण प्रेषिती बीमाकृत पार्सल की सुपुर्दगी लेने से इनकार करता है;

(2) पत्र, बॉक्स या पार्सल का प्रेषक जिसके लिए प्रतिकर देय नहीं है, उन शुल्कों और शुल्कों की वापसी का हकदार होगा जो भुगतान किए गए हैं, और जब डाकघर की ओर से कोई त्रुटि जांच को उद्भूत करती है ऐसे पत्र, या पार्सल के निपटान के बारे में, ऐसी जांच के कारण भुगतान किए गए किसी भी शुल्क की आगे वापसी के लिए; परन्तु ऐसे पत्र, बॉक्स या पार्सल का प्रेषक किसी भी मामले में बीमा के लिए भुगतान किए गए शुल्क की वापसी का हकदार नहीं होगा।

(3) संचार मंत्रालय में डाक विभाग बीमित आवक या जावक अंतर्राष्ट्रीय पत्र डाक, या पार्सल पोस्ट डाक-वस्तुओं या उसकी सामग्री के निकाल लिए जाने या क्षति के संबंध में इन विनियमों में उल्लिखित के अलावा प्रेषक या प्रेषिती के प्रति कोई दायित्व स्वीकार नहीं करेगा।

81.प्रतिकर के निपटान की अवधि- (1)प्रतिकर का निपटान शिकायत की तारीख या दावा आवेदन प्राप्त होने की तारीख से तीस दिनों की अवधि के भीतर किया जाएगा:

परंतु कि लिखित रूप में फ़ाइल किए जाने वाले कारणों के लिए किसी भी देरी की स्थिति में, समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा निर्दिष्ट प्रतिकर का भुगतान किया जाएगा।

(2) शिकायत फ़ाइल करना समय-समय पर निर्दिष्ट प्रशासनिक अनुदेशों के अनुसार होगा।

(3) प्रशासनिक प्रेषक या प्रेषिती इन विनियमों के अधीन निर्धारित प्रतिकर के लिए मांग के साथ बुकिंग का वैध प्रमाण प्रस्तुत करने पर दावा कर सकेगा , जैसा कि निर्देशों द्वारा निर्दिष्ट किया गया है।

82.शिकायत, कैसे की जाए- (1) कोई प्रेषक या प्रेषिती निम्नलिखित साधनों के माध्यम से शिकायत कर सकेगा, अर्थात्: -

(क) कार्यालय के कार्य समय के दौरान सभी डाकघरों में सुझाव और शिकायत पुस्तिका (सुझाव और शिकायतें फ़ाइल करने के लिए एक पुस्तक उपलब्ध है);

(ख) डाकघर का वेब पोर्टल;

(ग) सोशल मीडिया वेबसाइट;

(घ) इस प्रयोजन के लिए टोल फ्री नंबर; और

(ड.) लिखित शिकायत।

(2) महानिदेशक, प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा, दावा किए गए प्रतिकर के आर्थिक और क्षेत्राधिकार के अनुसार संचार मंत्रालय में डाक विभाग के अधिकारियों को निर्दिष्ट कर सकेगा, जो शिकायतकर्ता को सुनवाई का उचित अवसर देने के पश्चात्, लिखित रूप में फ़ाइल किए जाने वाले कारणों की जांच और निपटान करेगा।

83. **अप्रत्याशित परिस्थितियों में प्रतिकर के लिए दायित्व** - संचार मंत्रालय में डाक विभाग अप्रत्याशित परिस्थितियों में उत्पादों और सेवाओं के डिलिवरी में देरी के बदले प्रतिकर प्रदान करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

84 . **डाक-वस्तुओं के पारेषण का निलंबन या प्रतिबंध** -सर्कल प्रमुख या क्षेत्रीय प्रमुख, किसी भी समय, अधिकारिता के भीतर किसी भी डाकघर के संबंध में, सभी या किसी भी वर्ग की डाक-वस्तुओं या विवरण या सभी या किसी भी वर्ग की स्वीकृत या प्रेषित की जाने वाली डाक-वस्तुओं के वर्ग की स्वीकृति या प्रेषण को निलंबित कर सकेगा।

85. डाक-वस्तुओं पर कारवाई और पारेषण.- (1) सभी डाक-वस्तुओं को, जो लेखादेय वस्तु नहीं हैं, गैर-लेखादेय डाक-वस्तुओं डाक-वस्तुओं के रूप में माना जाएगा और उन्हें उस तरीके से पारेषित किया जाएगा जैसा कि समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सके ।

(2) उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट डाक-वस्तुएं समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट ढंग या रीति से पारेक्षित की जाएगी।

86. नकली मुद्रा का निपटान.- डाकघर द्वारा किसी भी प्रयोजन के लिए प्राप्त नकली मुद्रा के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक या वित्त मंत्रालय द्वारा जारी नकली मुद्रा का पता लगाने और जब्त करने से संबंधित अनुदेशों और दिशानिर्देशों के अधीन उल्लिखित तरीके से कार्रवाई की जाएगी ।

अध्याय V

घरेलू डाक मदें

क. लेटर पोस्ट मद

87. पत्र- (1) पत्र वर्तमान और वैयक्तिक पत्राचार की प्रकृति का संचार है जो किसी व्यक्ति को संबोधित करके डाक महसूल के पूर्व भुगतान के साथ डाक द्वारा भेजा जाता है।

(2) प्रत्येक पत्र सुरक्षित रूप से बंद अवस्था में पोस्ट किया जाएगा।

(3) पत्र का वजन 500 ग्राम से अधिक नहीं होगा।

(4) डाक द्वारा पारेषित प्रत्येक पत्र निम्नलिखित अधिकतम और न्यूनतम आयामों के अनुरूप होगा, अर्थात:-

(i) अधिकतम विमा:-

रोल फॉर्म में -

IndiaCode

एकल विमा	800 मिमि
लंबाई और दुगुने व्यास का योग	1000 मिमि
रोल फॉर्म के अतिरिक्त अन्य रूप में -	
एकल विमा	600 मिमी
लंबाई, चौड़ाई और मोटाई का योग	900 मिमि

(ii) न्यूनतम विमा:-

रोल फॉर्म में -	
एकल विमा	100 मिमि
लंबाई और दोगुने व्यास का योग	170 मिमि
रोल फॉर्म के अतिरिक्त अन्य रूप में -	

140 मिमी x 90 मिमी, +- 2 मिमी की टालरेंस के साथ।

88. रोल फॉर्म के अतिरिक्त अन्य पत्र.- (1) रोल फार्म के अतिरिक्त अन्य पत्र निम्नलिखित आकारों के लिफाफों में होंगे;

(क) न्यूनतम 140 x 90 मिमी; और

(ख) अधिकतम 458 x 324 मिमी;

+-2 मिमी के टालरेंस के साथ

(2) प्रत्येक लिफाफे का फ्लैप या तो लम्बे भाग के पीछे ऊपर की ओर होगा अथवा दायीं या बायीं ओर होगा।

(3) प्रत्येक लिफाफा 0.15 मिमी से 0.5 मिमी मोटाई वाले कागज-पत्र का बना होगा।

(4) लिफाफे की सतह एक समान सतह संरचना के साथ समतल की जाएगी।

(5) प्रत्येक लिफाफे को सभी तरफ से लगातार बंद किया जाएगा और इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि लिफाफे पर गोंद का कोई अवशेष न रह जाए और लिफाफे को बंद करने के लिए धातु के क्लिप या स्टेपल का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

(6) प्रत्येक लिफाफा न्यूनतम 70 ग्राम प्रति वर्ग मीटर का बनाया जाएगा।

(7) प्रत्येक लिफाफा इतना लचीला होना चाहिए कि वह "यू आकार" में मुड़ सके।

(8) खिड़की वाले प्रत्येक लिफाफे में खिड़की का आकार 35-50 मिमी (चौड़ाई) और 80-125 मिमी (लंबाई) के बीच होगा और अंतर्वस्तु को इस तरह से रखा जाएगा कि केवल पता ब्लॉक जिसमें बार कोड शामिल है, खिड़की के माध्यम से दिखाई देगा।

(9) 35 ग्राम प्रति वर्ग मीटर का ग्लासिन पेपर, 40 ग्राम प्रति वर्ग मीटर का सेलोफेन कागज और 15-माइक्रोन मोटाई का पॉलीविनाइल क्लोराइड या द्विअक्षीय उन्मुख पॉलीप्रोपाइलीन खिड़की अंतर्वस्तु के रूप में उपयोग किया जाएगा।

IndiaCode

(10) लिफाफे के बाएं किनारे से खिड़की के बाएं किनारे की दूरी न्यूनतम 15 मिमी होगी, खिड़की के ऊपरी किनारे की दूरी न्यूनतम 40 मिमी होगी, और लिफाफे के निचले किनारे से खिड़की के निचले किनारे की दूरी न्यूनतम 15 मिमी होगी।

(11) प्रेषक की कंपनी का लोगो और नाम ऊपरी बाएं कोने पर लिखा जा सकता है और प्राप्तकर्ता का पता ब्लॉक से कम से कम 10 मिमी के अंतर के साथ ऊपरी दाएं कोने पर स्टाम्प या स्पष्ट मुद्रा लगाई जा सकती है।

(12) लिफाफे के नीचे बार कोड मुद्रण के लिए 15 मिमी जगह छोड़ी जाएगी और 2डी बारकोड या त्वरित प्रतिक्रिया कोड के चारों ओर 5 मिमी सादा स्थान प्रदान किया जाएगा और प्रेषक का लोगो आकार 25x50 मिमी से अधिक नहीं होगा और 2डी बारकोड या त्वरित प्रतिक्रिया कोड का न्यूनतम आकार 18x18 मिमी होगा।

(13) मुद्रित बार कोड या डिजिटल कोड का आकार सादे क्षेत्र सहित लिफाफे की खिड़की में न्यूनतम 60 मिमी लंबाई और 10 मिमी चौड़ाई में रखा जाएगा और स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

(14) विनियम 87 और विनियम 88 के उप-विनियम (1) से उप-विनियम (13) में उल्लिखित शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में, पत्र पर दोगुना डाक महसूल लगाया जाएगा और **शुल्क निर्धारित करते समय उस पर भुगतान किया गया कोई भी डाक महसूल भी ध्यान में रखा जाएगा।**

(15) पत्रों के लिए ग्राहकों को दी जाने वाली छूट और मूल्य संवर्धन महानिदेशक द्वारा समय-समय पर निर्धारित मानदंडों के अनुसार प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सकता है;

(16) पत्रों पर प्रभार्य डाक महसूल दरें अनुसूची-I की सारणी-I में उल्लिखित होंगी।

89. पत्र कार्ड.- पत्र कार्ड डाक द्वारा पारेषित किए जा सकेंगे, यदि वह निम्नलिखित विनिर्देशों के अनुरूप हों, अर्थात:-

(क) डाक महसूल का पूरा पूर्व भुगतान किया जाएगा;

(ख) पत्र कार्ड का वजन पांच ग्राम से अधिक नहीं होगा;

(ग) पत्र कार्ड की विमाएं, जिसमें उसके फ्लैप भी शामिल हैं, जब उसे खोला या मोड़ा गया हो, क्रमशः निम्नानुसार होंगे: -

बिना मुड़ा हुआ

अधिकतम - 300 मिमी x 210 मिमी.

न्यूनतम - 282 मिमी x 182 मिमी;

फ्लैप्स -पत्र कार्ड में तीन फ्लैप होंगे, एक बाएं और एक दाएं तरफ जो 15 मिमी गुणा 100 मिमी से अधिक नहीं होगा और दूसरा ऊपर की तरफ जो 15 मिमी गुणा 210 मिमी से अधिक नहीं होगा और यदि पत्र कार्ड को किसी अन्य प्रभावी प्रक्रिया द्वारा बंद किया जा सकता है तो फ्लैप्स की आवश्यकता नहीं होगी।

मुड़ा हुआ

अधिकतम - 210 मिमी 100 मिमी

न्यूनतम - 152 मिमी 90 मिमी ;

(घ) पत्र कार्ड में कुछ भी अनुलग्न या संलग्न नहीं किया जाएगा;

(ड.) घरेलू प्रेषण के लिए आशयित प्रत्येक मुड़े हुए पत्र के पते की ओर ऊपरी बाएं कोने पर बाहर की ओर शब्द "पत्र कार्ड" मुद्रित होंगे; और

(च) पत्र कार्ड न्यूनतम 70 ग्राम प्रति वर्ग मीटर के कागज से बना होगा।

स्पष्टीकरण 1.- इस विनियम के प्रयोजनों के लिए, "पत्र कार्ड" से तात्पर्य कागज की उस शीट से है जिसे सामान्यतः पत्र लिखने के लिए प्रयोग किया जाता है और जिसे उचित रूप से मोड़ा और गोंद लगाया गया हो।

स्पष्टीकरण 2.- निजी विनिर्माण के पत्र कार्डों को उपयुक्त रूप से मोड़ा जाएगा और तीन तरफ से निरंतर गोंद से चिपकाकर या किसी अन्य चिपकाने वाले पदार्थ से पूरी तरह बंद किया जाएगा, परंतु इस विनियम में उल्लिखित विमाओं और अन्य शर्तों का अनुपालन किया जाए।

90. वे शर्तें जहां उल्लंघन किया गया.- (1) विनियम 89 में विनिर्दिष्ट शर्तों के उल्लंघन के मामले में, पत्र कार्ड को एक पत्र के रूप में माना जाएगा और ऐसे पत्र कार्ड के लिए पहले से भुगतान किए गए डाक महसूल और पत्र के लिए देय डाक महसूल के बीच की दोगुनी कमी के साथ वितरण पर शुल्क लिया जाएगा।

(2) पत्र कार्डों पर प्रभार्य डाक महसूल अनुसूची-I की सारणी-I में उल्लिखित होंगें।

91. पोस्टकार्ड.- (1) पोस्टकार्ड डाक द्वारा प्रेषित किए जा सकेंगे, यदि वह निम्नलिखित शर्तों के अनुरूप हो, अर्थात:-

(क) डाक महसूल का पूरा पूर्व भुगतान किया जाएगा;

(ख) पोस्ट कार्ड का वजन पांच ग्राम से अधिक नहीं होगा;

(ग) उनकी विमाएं 140 मिमी x 90 मिमी होगा और उन पर पता की ओर हिंदी या अंग्रेजी में "पोस्ट कार्ड" लिखा होगा या मुद्रित होगा;

(घ) जहां तक पदार्थ का संबंध है, वे डाकघर द्वारा जारी किए गए पोस्ट कार्डों की तुलना में न तो पतले होंगे और न ही अधिक लचीले होंगे;

(ड.) किसी भी पोस्ट कार्ड को मोड़ा नहीं जाएगा, किसी लिफाफे में बंद नहीं किया जाएगा, काटा नहीं जाएगा या अन्यथा परिवर्तित नहीं किया जाएगा, सिवाय इसके कि मुद्रित डाक टिकट (यदि कोई हो) पर आद्याक्षर सहित छिद्रित किए जा सकेंगे।

(च) पोस्टकार्ड के पते वाले हिस्से का दाहिना हिस्सा सभी मामलों में प्राप्तकर्ता के पते के लिए, पूर्व भुगतान के लिए आवश्यक डाक महसूल स्टांप या स्टांपिंग मशीन की छाप के लिए आरक्षित है, जिसे जहां तक संभव हो, ऊपरी दाहिने कोने में चिपकाया जा सकता है, और डाक निर्देशों के लिए, लेकिन पते वाले हिस्से का बायां आधा हिस्सा, साथ ही पीछे का हिस्सा, प्रेषक द्वारा संचार या एकल रंग या बहु रंग मुद्रित विज्ञापन के प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा सकता है और प्रेषक का पता पीछे के

ऊपरी बाएं कोने पर लिखा जा सकता है, या उप -विनियम (छ) में उल्लिखित प्रतिबंध के अधीन अन्यथा निपटाया जा सकता है:

परंतु पोस्टकार्ड के पते वाले भाग के ऊपरी दाहिने कोने पर, डाक टिकट चिपकाए जाने वाले स्थान को इंगित करने के लिए रेखाओं या सूक्ष्म बिन्दुओं द्वारा चिह्नित एक छोटा स्थान छोड़ा जाएगा;

(छ) पोस्ट कार्ड के साथ निम्नलिखित के अतिरिक्त कुछ भी संलग्न नहीं किया जाएगा-

(i) डाक शूल्क या अन्य डाक संबंधी शुल्कों के भुगतान में स्टांप पोस्ट कार्ड के केवल पते वाले भाग पर चिपकाए जाएंगे ;

(ii) कार्ड पर पूरी तरह चिपका हुआ गोंद लगा हुआ लेबल, जिस पर उस व्यक्ति का नाम और पता अंकित हो जिसे कार्ड भेजा गया है;

(iii) 50 मिमी से अधिक लम्बा और 20 मिमी से अनधिक चौड़ा एक समान लेबल जिस पर कार्ड भेजने वाले का नाम और पता अंकित हो; और

(iv) बहुत पतले कागज पर उत्कीर्णन, चित्रण, रेखाचित्र और फोटोग्राफ जो कार्ड से पूरी तरह चिपके हों।

परंतु उप-खंड (ii) और उप-खंड (iii) में विनिर्दिष्ट मदें, पते वाले भाग के पीछे या बायीं ओर के आधे भाग में चिपकाई जाएंगी।

स्पष्टीकरण.- इस विनियम के प्रयोजनों के लिए, "पोस्ट कार्ड" से निर्धारित आकार के आयताकार कार्ड पर खुला संचार अभिप्रेत है, जिस पर निर्धारित मूल्य का स्टाम्प लगा होता है।

(2) उप-विनियम (1) में विनिर्दिष्ट किसी शर्त के उल्लंघन की स्थिति में, पोस्टकार्ड को पत्र माना जाएगा और डिलीवरी पर ऐसे पोस्टकार्ड के लिए पहले से भुगतान किए गए डाक महसूल और पत्र के लिए देय डाक महसूल के बीच की दोगुनी राशि का प्रभार लगाया जाएगा, जो न्यूनतम एक रुपए होगा और जहां ऐसी रकम का हिस्सा है, जिसमें पैसे शामिल हैं, वहां रकम बढ़ाकर एक रुपया कर दी जाएगी।

(3) पोस्टकार्ड पर प्रभार्य डाक दरें अनुसूची I की सारणी I में उल्लिखित होंगी।

92. बुक पोस्ट.- (1) ऐसी वस्तु जिसमें बुक, कार्ड, पत्रिकाएं, जर्नल, सभी प्रकार के प्रकाशन, कागज, शीट, बिल, चालान, रिपोर्ट या वाणिज्यिक, विधिक या व्यक्तिगत प्रकृति का कोई दस्तावेज एकल या एक से अधिक प्रतियों में हो, उसे डाक द्वारा "बुक डाक" के रूप में निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रेषित किया जा सकता है, अर्थात: -

(क) बुक पोस्ट का वजन 5 किलोग्राम से अधिक नहीं होगा;

(ख) बुक पोस्ट की विमाएं निम्नलिखित अधिकतम और न्यूनतम सीमाओं के अधीन होगा:-

(i) अधिकतम.

रोल फॉर्म में -

लंबाई	800 मिमी
लंबाई और दुगुने व्यास का योग	1000 मिमी

रोल फॉर्म के अतिरिक्त	600x300x300 मिमी

(ii) न्यूनतम

रोल फॉर्म में -	
एकल विमा	100 मिमी
लंबाई और दोगुने व्यास का योग	170 मिमी
रोल फॉर्म के अतिरिक्त	140 मिमी x 90 मिमी

+- 2 मिमी के टोलरेंस के साथ;

(ग) जब बुक पोस्ट को कार्ड के रूप में खुला भेजा जाएगा, चाहे वह मुड़ा हुआ हो या नहीं, तो वह पोस्टकार्ड से न तो पतला होगा और न ही अधिक लचीला होगा;

(घ) बुक पोस्ट को निम्नलिखित आकारों के खुले लिफाफे में भेजा जाएगा, परंतु इसकी विमा 140x 90 मिमी से कम और 353 x 250 मिमी से अधिक न हो; +- 2 मिमी के टालरेंस के साथ;

(ड.) डाक-वस्तु के पते की ओर "बुक पोस्ट" अंकित होगा;

(च) बुक पोस्ट को बिना कवर के, या बिना बंधे लिफाफे में, या बुक पोस्ट के अंतर्गत कवर में पोस्ट किया जाएगा, जिसे जांच के प्रयोजन के लिए बिना किसी सील को तोड़े या किसी कागज को फाड़े या किसी चिपके हुए सतह को अलग किए आसानी से हटाया जा सके और बिना कवर के पोस्ट किए गए पैकेट को बांधा नहीं जा सकता है या अन्यथा इस तरह से व्यवहार नहीं किया जा सकता है जिससे आसान जांच को रोका जा सके;

(छ) किसी बुक पोस्ट में "कागजी मुद्रा" नहीं होगी, जिसमें इस विनियम के प्रयोजनों के लिए अप्रकाशित डाक या अन्य टिकट, हुंडी, चेक, बैंक पोस्ट बिल, विनिमय पत्र और धन के भुगतान के लिए सभी आदेश या प्राधिकार शामिल हैं:

परंतु बुक पोस्ट में एक टिकट लगा हुआ और पता लिखा हुआ लिफाफा, पोस्ट कार्ड या आवरण हो सकता है जिस पर पैकेट भेजने वाले का नाम और पता या उस पर नामित किसी अन्य व्यक्ति का नाम अंकित हो;

(ज) बुक पोस्ट डाक-वस्तु में निहित कोई भी दस्तावेज किसी प्राप्तकर्ता को संबोधित नहीं किया जाएगा और न ही डाक-वस्तु के अतिरिक्त किसी अन्य प्रेषक से आएगा:

परंतु बुक पोस्ट के रूप में भेजी गई सभी वस्तुओं को, यदि उनका वजन 500 ग्राम तक है, तो लेटर पोस्ट के रूप में माना जाएगा, या यदि उनका वजन 500 ग्राम से अधिक है, तो पार्सल डाक के रूप में माना जाएगा।

(2) उप-विनियम (1) में उल्लिखित किसी भी शर्त के उल्लंघन की स्थिति में, बुक पोस्ट को पत्र माना जाएगा और डिलीवरी पर, पत्र या भारतीय डाक पार्सल पर देय डाक शुल्क का दोगुना लिया जाएगा, जो भी कम शुल्क हो (ऐसी वस्तुओं की श्रेणी के लिए निर्धारित शर्तों की पूर्ति के अधीन) और **उस पर भुगतान किए गए किसी भी डाक शुल्क को प्रभारों का आकलन करते समय ध्यान में रखा जाएगा।**

(3) बुक पोस्ट पर प्रभार्य डाक दरें अनुसूची I की सारणी I में उल्लिखित अनुसार होंगी।

93. दृष्टिहीनों के लिए साहित्य.- (1) दृष्टिहीनों के उपयोग के लिए "ब्रेल" या अन्य विशेष प्रकार में छपी किसी भी प्रकार की पत्र-पत्रिकाएं और पुस्तकें डाक द्वारा "दृष्टिहीनों के लिए साहित्य" डाक-वस्तु के रूप में भेजी जाएंगी, परंतु उन्हें निम्नलिखित शर्तों के अनुसार भेजा जाए, अर्थात्: -

(क) ऐसी वस्तुओं में केवल दृष्टिहीनों के उपयोग के लिए ऊपर वर्णित अनुसार विशेष रूप से मुद्रित सामग्री ही शामिल होगी, और इसमें बुक या पत्रिकाओं के शीर्षक और विषय-सूची, विशेष प्रकार के उपयोग के लिए कुंजी या निर्देश, या पैकेट की वापसी के लिए लेबल के अतिरिक्त कोई संलग्नक के, लिखित या साधारण प्रकार में मुद्रित कोई भी संचार शामिल नहीं होगा;

(ख) ऐसी वस्तुओं के बाहरी भाग पर “दृष्टिहीनों के लिए साहित्य” लिखा होगा और भेजने वाले का नाम और पता लिखा या मुद्रित होगा;

(ग) ऐसी वस्तुओं को या तो बिना कवर के रखा जाएगा या दोनों सिरों से खुले कवर में रखा जाएगा, जिसे जांच के प्रयोजन के लिए आसानी से हटाया जा सके;

(घ) “दृष्टिहीनों के लिए साहित्य” सामग्री का वजन 7 किलोग्राम से अधिक नहीं होगा; और

IndiaCode

(ड.) ऐसी वस्तु की विमाएं निम्नलिखित अधिकतम और न्यूनतम सीमाओं के अनुरूप होंगी: -

(i) अधिकतम

रोल रूप में - लंबाई	800 मिमी
लंबाई और व्यास के दुगुने का योग	1000 मिमी
रोल फॉर्म के अतिरिक्त	600 x 300 x 300 मिमी

(ii) न्यूनतम

रोल रूप में - लंबाई	100 मिमी
लंबाई और व्यास के दोगुने का योग	170 मिमी
रोल फॉर्म के अतिरिक्त	100 x 70 मिमी

स्पष्टीकरण.- दृष्टिहीनों के उपयोग के लिए ध्वनि रिकार्ड लिखने के चिह्न वाली प्लेटें और डिस्क, फिल्म, टेप और तार, जिन पर दृष्टिहीनों के लिए मौखिक संदेश रिकार्ड किए गए हैं, जब उन्हें दृष्टिहीनों के लिए आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा भेजा गया हो या उसे संबोधित किया गया हो, उन्हें "दृष्टिहीनों के लिए साहित्य" माना जाएगा।

(2) दृष्टिहीनों के लिए साहित्य पर कोई डाक महसूल नहीं लगेगा, लेकिन हवाई मार्ग से पारेषित करने पर हवाई डाक शुल्क लगेगा।

(3) उप-विनियम (1) में उल्लिखित किसी भी शर्त के उल्लंघन के मामले में, "दृष्टिहीनों के लिए साहित्य" डाक-वस्तु पर, प्रासंगिक डाक डाक-वस्तु पर देय डाक शुल्क का दोगुना शुल्क लिया जाएगा, जैसा भी लागू हो।

94. आवधिक डाक.- (1) कोई प्रकाशन आवधिक डाक के रूप में डाक द्वारा पारेषित किया जा सकेगा, यदि वह-

(क) प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023 (2023 का 51) के अधीन "पत्रिका" शब्द की परिभाषा के अधीन आते हैं ;

(ख) केवल भारत में प्रकाशित, मुद्रित या प्रकाशित;

(ग) प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023 (2023 का 51) के अधीन भारत के प्रेस रजिस्ट्रार जनरल के साथ पंजीकृत है और उसके पास प्रेस रजिस्ट्रार जनरल द्वारा आवंटित पंजीकरण प्रमाणपत्र है; और

(घ) प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023 (2023 का 51) के उपबंधों का अनुपालन करना ।

परंतु कोई बुक या पत्रिका, जिसमें वैज्ञानिक, तकनीकी और शैक्षणिक प्रकृति की बुक या पत्रिका भी शामिल है, को आवधिक के रूप में डाक द्वारा पारेषित नहीं किया जाएगा।

(2) पत्रिकाओं को डाक द्वारा पारेषित करने के लिए अलग से डाक पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी।

परंतु उन पत्रिकाओं के लिए जो समाचार पत्र की परिभाषा के अंतर्गत आती हैं और डाक द्वारा पारेषण के लिए रियायती दर पर डाक खर्च का लाभ उठाना चाहती हैं, स्वामी या प्रकाशक द्वारा (स्वामी के प्राधिकार के अधीन) पृथक डाक पंजीकरण या लाइसेंस लेना अपेक्षित है।

(3) पत्रिका के प्रथम या अंतिम पृष्ठ पर किसी भी सुविधाजनक स्थान पर "भारत के प्रेस रजिस्ट्रार संख्या ....." अंकित किया जाएगा।

(4) उप-विनियम (1) और (3) में विनिर्दिष्ट किसी भी शर्त के उल्लंघन के मामले में, डाक-वस्तु को बुक पोस्ट डाक-वस्तु के रूप में माना जाएगा और उस पर शुल्क लगाया जाएगा और शुल्क का आकलन करते समय उस पर भुगतान किए गए किसी भी डाक महसूल को ध्यान में रखा जाएगा।

(5) आवधिक डाक पर प्रभार्य डाक दरें अनुसूची-I की सारणी-I में उल्लिखित होंगी।

95. पंजीकृत समाचारपत्र.- (1) कोई समाचारपत्र पंजीकृत समाचारपत्र के रूप में डाक द्वारा पारेषण के लिए डाक रजिस्ट्रीकरण हेतु पात्र होगा, यदि वह-

(क) प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023 (2023 का 51) के अधीन "समाचार पत्र" शब्द की परिभाषा के अंतर्गत आते हैं ;

(ख) केवल भारत में निकाली गई, मुद्रित या निकाली गई;

(ग) प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023 (2023 का 51) के अधीन भारत के प्रेस रजिस्ट्रार जनरल के साथ पंजीकृत है और उसके पास प्रेस रजिस्ट्रार जनरल द्वारा आवंटित पंजीकरण प्रमाणपत्र है; और

(घ) प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023 (2023 का 51) के उपबंधों का अनुपालन करना।

(2) पंजीकृत समाचारपत्र से संबंधित प्रशासनिक और प्रचालनात्मक दिशानिर्देश समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएंगे।

(3) पंजीकृत समाचारपत्रों पर डाक दरें अनुसूची-I की सारणी-I में उल्लिखित हैं।

डाक - पार्सल

96. भारतीय डाक पार्सल.- (1) डाकघर व्यक्तिगत और थोक ग्राहकों को भारतीय डाक पार्सल की सेवा प्रदान करेगा और सभी पार्सल को लेखादेय डाक-वस्तुओं के रूप में माना जाएगा।

(2) किसी भी डाक-वस्तु को भारतीय डाक पार्सल माना जाएगा, यदि वह निम्नलिखित शर्तों में से कम से कम एक का अनुपालन करती है, अर्थात: -

(क) जिसका वजन 500 ग्राम से अधिक हो; या

(ख) जिसके न्यूनतम विमाएं हैं:

(i) रोल के रूप में 100 मिमी, लंबाई और दोगुने व्यास का योग 170 मिमी;

(ii) रोल रूप से भिन्न 140 x 90 मिमी;

± 2 मिमी की टालरेंस के साथ; और

(ग) जिसकी लम्बाई 1.5 मीटर से अधिक न हो और लम्बाई तथा परिधि मिलाकर 3 मीटर से अधिक न हो; और

(घ) जिसका सकल भार 35 किलोग्राम या परिभाषित आयतन भार से अधिक न हो;

परंतु जहां डाक-वस्तु विनियम 87 का उप-विनियम (1) में परिभाषित एक पत्र डाक-वस्तु नहीं है, ग्राहक द्वारा इसे "माल" के रूप में घोषित किया जाएगा।

(3) खिड़की पर प्रस्तुत किसी भी भारतीय डाक पार्सल पर "भारतीय डाक पार्सल" अंकित होगा और उसमें ऐसा मूल्य संवर्धन भी होगा, जिसका भुगतान प्रेषक द्वारा किया जा सकेगा।

(4) नियम 9 में उल्लिखित भुगतान के किसी भी तरीके के माध्यम से किसी भारतीय डाक पार्सल पर डाक-शुल्क का पूर्णतः पूर्व भुगतान किया जाएगा ।

टिप्पणी 1 : महानिदेशक द्वारा अनुमोदित विक्रेताओं की फ्रैंकिंग मशीनों के ऐसे मॉडलों के फ्रैंकिंग इंप्रेशन को किसी वस्तु पर डाक के पूर्व भुगतान का माध्यम माना जाएगा।

टिप्पणी 2: इस विनियम में निहित कोई भी बात भारतीय डाक पार्सल की बुकिंग को नहीं रोकेगी, जहां महानिदेशक द्वारा अनुमति के अनुसार डाक महसूल का संग्रहण बाद में किया जाता है।

(5) भारतीय डाक पार्सल सामान्यतः केवल सतह मार्ग से ही प्रेषित किया जाएगा।

(6) मूल्यवर्धित सेवाएं, अर्थात् प्राप्तकर्ता विशिष्ट डिलीवरी, कैश ऑन डिलीवरी, बीमा और डिलीवरी का प्रमाण, समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट शुल्क के भुगतान पर भारतीय डाक पार्सल के लिए उपलब्ध होंगी ।

(7) सभी भारतीय डाक पार्सल को समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों के अनुसार प्रेषक या डाकघर द्वारा पैक किया जाएगा और विनिर्देशों के अनुरूप पैक नहीं किया गया कोई भी भारतीय डाक पार्सल बुकिंग के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(8) यदि डाक के माध्यम से प्रेषित किसी भारतीय डाक पार्सल में ऐसी कोई वस्तु पाई जाती है, जिसका प्रेषण अधिनियम या नियमों के उपबंधों का उल्लंघन करता है, तो उसे उस स्थान के निकटतम डाकघर में रोक लिया जाएगा, जहां वह पता चलता है और समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा यथाविनिर्दिष्ट तरीके से निपटान किया जाएगा।

(9) भारत के किसी भी भाग को भेजे जाने वाले प्रत्येक भारतीय डाक पार्सल के साथ समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप में घोषणा संलग्न की जाएगी।

(10) अखिल भारतीय डाक पार्सलों की बुकिंग, प्रेषण और वितरण समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट तरीके से किया जाएगा।

(11) भारतीय डाक पार्सलों पर प्रभार्य डाक दरें अनुसूची I की **सारणी III** में उल्लिखित हैं।

97. सैन्यतंत्र डाक - (1) सर्किल प्रमुखों को समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट कार्यालय और नामनिर्दिष्ट स्थान विनिर्दिष्ट करने के लिए अधिकृत किया जाता है, जहां "सैन्यतंत्र" के अधीन डाक-वस्तु बुक किए जा सकते हैं या उन्हें संबोधित किया जा सकता है, समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी।

(2) सैन्यतंत्र डाक के अंतर्गत डाक-वस्तुओं की पोस्टिंग, बुकिंग, पारेषण और डिलिवरी के लिए प्रचालन की शर्तें, समय-समय पर दिए गए प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी।

98. स्पीड पोस्ट.- (1) प्रत्येक स्पीड पोस्ट में डाक द्वारा भेजे जाने के लिए दो प्रकार की वस्तुएं होंगी, अर्थात्:-

(क) स्पीड पोस्ट दस्तावेज़; और

(ख) स्पीड पोस्ट पार्सल।

टिप्पण: दस्तावेज़ में विनियम 87 के उप-विनियम (1) में यथापरिभाषित पत्र या कोई अन्य संचार, लिखित, चित्रकारी या मुद्रित हो सकता है, जिसमें माल की सामग्री शामिल नहीं है ।

(2) स्पीड पोस्ट दस्तावेज और पार्सल के डाक महसूल अनुसूची I की **सारणी IV** में उल्लिखित अनुसार होगा।

99. स्पीड पोस्ट दस्तावेज.- (1) प्रत्येक स्पीड पोस्ट संबंधी दस्तावेज वायुमार्ग से प्रेषित किया जाएगा:

परंतु स्पीड पोस्ट दस्तावेज को सतही मार्गों पर प्रेषित किया जा सकेगा, जहां यह निर्धारित हो जाता है कि यह हवाई मार्ग से अधिक तेज है।

(2) स्पीड पोस्ट दस्तावेज के लिए किसी वस्तु का वजन आयतन भार सहित 500 ग्राम से अधिक नहीं होगा।

(3) स्पीड पोस्ट दस्तावेज डाक-वस्तु पर प्रभार्य डाक महसूल और अन्य शुल्क, आयतन भार या सकल भार, जो भी अधिक हो, के अनुसार प्रभारित किया जाएगा।

(4) स्पीड पोस्ट दस्तावेज के लिए किसी वस्तु का आकार लंबाई, चौड़ाई और मोटाई क्रमशः 420 मिमी, 297 मिमी और 24 मिमी के विमाओं से अधिक नहीं होगा।

(5) समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा यथाविनिर्दिष्ट पिक-अप सुविधा, डिलीवरी का सबूत, बीमा, पंजीकरण और अन्य मूल्यवर्धित सेवाएं, समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट शुल्क के भुगतान पर स्पीड पोस्ट डाक-वस्तु के लिए उपलब्ध होंगी।

(6) स्पीड पोस्ट के अधीन भेजी गई वस्तु सामान्यतः पता विशिष्ट होगी, अर्थात उसे दिए गए पते पर ही पहुंचाया जाएगा, जब तक कि अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाए।

100. स्पीड पोस्ट पार्सल.- (1) भारतीय डाक पार्सल से संबंधित विनियम 96 के उप-विनियम (1), (2), (4), (6), (7) से (10) तक स्पीड पोस्ट पार्सल पर यथावश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे , सिवाय निम्नलिखित के: -

(क) प्रत्येक स्पीड पोस्ट पार्सल हवाई मार्ग से भेजा जाएगा:

परंतु स्पीड पोस्ट पार्सल को सतही मार्गों से प्रेषित किया जा सकेगा, जहां यह निर्धारित हो कि यह वायुमार्ग से प्रेषित होने की तुलना में अधिक तीव्र है:

परंतु यह और कि यदि स्पीड पोस्ट पार्सल सतह मार्ग से प्रेषित किया जाता है, तो उसे प्रेषण के प्रत्येक चरण में भारतीय डाक पार्सल पर प्राथमिकता दी जाएगी; और

(ख) खिड़की पर प्रस्तुत किसी भी स्पीड पोस्ट पार्सल पर "स्पीड पोस्ट पार्सल" अंकित होगा और उसमें मूल्य संवर्धन भी होगा, जिसका भुगतान प्रेषक द्वारा किया जा सकेगा।

IndiaCode

अन्य डाक उत्पाद

101. डायरेक्ट पोस्ट - (1) प्रत्यक्ष डाक एक गैर-संबोधित मेल होगा, जिसमें पत्र, कार्ड, ब्रोशर, प्रश्नावली, पैम्फलेट, नमूने, प्रचार मद, कूपन, पोस्टर, मेलर या मुद्रित संचार का कोई अन्य रूप शामिल होगा जो अधिनियम या इन विनियमों द्वारा निषिद्ध नहीं है ।

स्पष्टीकरण- इस विनियम के प्रयोजनों के लिए, "डाक" से ऐसा मुद्रित सामग्री अभिप्रेत है, जो सामान्यतया एक बिक्री संदेश या घोषणा ले जाती है, जिसे सावधानीपूर्वक चयनित उपभोक्ता या व्यावसायिक बाजार से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए डिज़ाइन किया गया है ।

(2) इन डाक-वस्तुओं को अभिहित डाकघर में थोक में स्वीकार किया जाएगा और इसे पत्र बॉक्स में पोस्ट नहीं किया जाएगा ।

(3) अन्य शहरों में वितरण के लिए बनी वस्तुओं के मामले में, प्रत्यक्ष डाक वस्तुओं को डाक सूचकांक संख्या (पिन) कोड-वार बंडलों में स्वीकार किया जाएगा ।

(4) डायरेक्ट पोस्ट का लाभ उठाने के लिए परिचालन शर्तें डाक की न्यूनतम मात्रा सहित ऐसी होंगी जो समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जा सकेंगी ।

(5) डायरेक्ट पोस्ट पर प्रभार्य दरों का उल्लेख अनुसूची-।। की सारणी-।। में किया गया है ।

102. मीडिया डाक - (1) मीडिया डाक एक विज्ञापन तंत्र होगा जिसे केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार और कॉर्पोरेट ग्राहकों को अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने में सहायता करने के लिए डिज़ाइन किया गया है क्योंकि यह डाक स्टेशनरी और डाक परिसर जैसे विज्ञापन माध्यमों की एक श्रृंखला प्रदान करता है ।

(2) विज्ञापन को डाकघर के परिसर में विज्ञापन के लिए चिह्नित क्षेत्र में प्रदर्शित किया जाएगा ।

(3) मीडिया डाक का लाभ उठाने के लिए शर्तें समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी ।

(4) मीडिया डाक के अधीन प्रभार्य दरों का उल्लेख अनुसूची 2 की सारणी 2 में किया गया है ।

103. ई-डाक - (1) ई-डाक डाकघरों के नेटवर्क के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक संचरण और भौतिक वितरण के संयोजन के साथ भारत में किसी भी पते पर संदेश भेजने की सुविधा प्रदान करता है ।

(2) ई-डाक इंटरनेट के माध्यम से सॉफ्ट कॉपी के रूप में संदेश भेजता है और इसे एक गैर-लेखादेय पत्र डाक-वस्तु के रूप में हार्ड कॉपी में प्रेषिती को वितरित किया जाएगा ।

(3) यह सुविधा खुदरा ग्राहकों के साथ-साथ थोक ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध है :

परंतु थोक ग्राहक ई-डाक सुविधा का लाभ उठाने के लिए डाकघर के संबंधित प्राधिकारी के साथ एक करार करेंगे ।

(4) ई-डाक भेजने के लिए प्रचालन शर्तें ऐसी होंगी जो समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए ।

(5) ई-डाक के अधीन प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर फीस अनुसूची-।। की सारणी-।। में उपबंधित है।

104. ई-भुगतान- (1) ई-भुगतान डाकघर के संबंधित प्राधिकारी के साथ एक करार करके डाकघरों के माध्यम से तीसरे पक्ष के लिए बिल रकम या अन्य भुगतानों के संग्रह की सेवाएं प्रदान करता है ।

(2) ई-भुगतान से संबंधित प्रचालन शर्तें और फीस ऐसे होंगे जो समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं ।

105. रिटेल पोस्ट - (1) खुदरा डाक इन उत्पादों या सेवाओं को डाकघरों के माध्यम से अपने आसपास के क्षेत्र में उपलब्ध कराकर जनसाधारण को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विभागीय और तीसरे पक्ष के उत्पादों या सेवाओं की बिक्री प्रदान करेगा।

(2) विभागीय उत्पाद या सेवाएं समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी।

(3) तीसरे पक्ष के उत्पादों या सेवाओं को संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र की इकाइयों से करार करके प्रदान की जाएंगी।

(4) डाकघर की ओर से मंडल प्रमुख संबंधित पब्लिक सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर की संस्थाओं के साथ करार करने के लिए अधिकृत है।

(5) रिटेल पोस्ट के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर शुल्क डाकघर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवा के पहलुओं पर विचार करने के पश्चात् विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(6) रिटेल पोस्ट के लिए प्रचालन शर्तें समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी।

106. मैगजीन पोस्ट - (1) कोई भी प्रकाशन डाक द्वारा 'पत्रिका डाक' के रूप में प्रसारित किया जा सकेगा, यदि वह-

(क) प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023 (2023 का 51) के अधीन "नियतकालिक" शब्द की परिभाषा के अंतर्गत कवर किया गया है;

(ख) केवल भारत में निकाली गई, मुद्रित या प्रकाशित हुए हो;

(ग) प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023 (2023 का 51) के अधीन भारत के महाप्रेस रजिस्ट्रार के पास रजिस्ट्रीकृत है और प्रेस रजिस्ट्रार ऑफ जनरल द्वारा आवंटित रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण पत्र हो ;

(घ) प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023 (2023 का 51) के उपबंधों का अनुपालन करता हो;

(ङ) उसके पास कम से कम 500 ग्राहकों की एक वास्तविक सूची है ; तथा

(च) न्यूनतम 500 प्रतियों एक बार में पोस्ट की जाती हों;

(2) प्रत्येक मैगजीन पोस्ट के लेखादेय डाक-वस्तु के रूप में डाक पर उल्लिखित पते पर डिलिवर किया जाएगा ।

(3) मैगजीन पोस्ट के अधीन पत्रिकाओं पर प्रभार्य डाक शुल्क के भुगतान के लिए ग्राहक द्वारा नकद भुगतान, अभी बुक करें और बाद में भुगतान (बीएनपीएल) और अग्रिम भुगतान की सुविधाओं का लाभ उठाया जा सकेगा ।

(4) मैगजीन पोस्ट के लिए प्रचालन की शर्तें ऐसी होंगी जो समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी ।

(5) उप-विनियम (1) में उल्लिखित शर्तों के उल्लंघन के मामले में, मैगजीन पोस्ट के अधीन प्रेषित की गई डाक-वस्तु को स्पीड पोस्ट डाक-वस्तु के रूप में माना जाएगा और प्रभारित किया जाएगा ।

(6) पत्रिकाओं की डाक पर प्रभार्य डाक की दरें अनुसूची-।। की सारणी-IV में यथाउल्लिखित होंगी ।

IndiaCode

अध्याय VI

अंतर्राष्ट्रीय डाक वस्तुएं और सेवाएं

107. अंतर्राष्ट्रीय डाक - (1) अंतरराष्ट्रीय डाक में, लेटर पोस्ट (लेटर पोस्ट) में पत्र, पोस्टकार्ड, एयरोग्राम, मुद्रित पेपर (पुस्तकें और रजिस्ट्रीकृत समाचार पत्र, छोटे पैकेट, नेत्रहीनों के लिए साहित्य, एम बैग वस्तुएं और अंतर्राष्ट्रीय ट्रैक पैकेट सेवा (आईटीपीएस) जैसे बल्क बैग वस्तु शामिल होंगी ।

(2) अंतरराष्ट्रीय डाक में, "पार्सल डाक" में अंतरराष्ट्रीय एयर पार्सल, अंतर्राष्ट्रीय सतह हवाई पार्सल (एसएएल) और अंतरराष्ट्रीय सतह पार्सल जैसे डाक-वस्तु शामिल होंगे ।

(3) एक्सप्रेस मेल सेवा (ईएमएस) दुनिया भर में दस्तावेज और माल भेजने के लिए सबसे तेज सेवा होगी ।

क. लेटर पोस्ट वस्तुएं

IndiaCode

108. पत्र (अंतर्राष्ट्रीय)- (1) ऐसा पत्र, जिसमें लिफाफे में अंतर्विष्ट संसूचना हो सकेगी और 2 किलोग्राम तक के वजन की सीमा के साथ पता होगा, विदेशों या विदेशी क्षेत्रों में प्रेषितियों या प्रेषकों को/मंगवाया या प्रेषित किया जा सकता है।

(2) पत्र निम्नलिखित अधिकतम और न्यूनतम आयामों के अनुरूप होंगे, अर्थात् : -

(क) **अधिकतम आयाम** : लंबाई, चौड़ाई और गहराई संयुक्त रूप से : 900 मिमी, किंतु सबसे बड़ा आयाम 600 मिमी से अधिक नहीं हो सकता है, 2 मिमी की सहयसीमा के साथ ; रोल प्ररूप में : लंबाई योग व्यास का दोगुना : 1,040 मिमी, किंतु सबसे बड़ा आयाम 900 मिमी से अधिक नहीं हो सकता है, 2 मिमी की सहयसीमा के साथ ;

(ख) **न्यूनतम आयाम** : सतह माप 90 x 140 मिमी न्यूनतम, 2 मिमी की सहयसीमा के साथ ; रोल प्ररूप में : लंबाई और व्यास का दोगुना : 170 मिमी : किंतु सबसे बड़ा आयाम 100 मिमी न्यूनतम।

(3) पत्रों (अंतर्राष्ट्रीय) पर प्रभार्य डाक व्यय की दरों का उल्लेख अनुसूची-।।। की सारणी-। में किया गया है।

109. एयरोग्राम- (1) एयरोग्राम, जो एक प्राथमिकता वाली डाक-वस्तु है जिसमें कागज की एक शीट उपयुक्त रूप से मुड़ी हुई है और सभी तरफ से चिपकी है, विशेष रूप से वायुमार्ग से विदेशों या विदेशी क्षेत्रों में/को प्रेषितियों को या प्रेषकों से भेजा/मंगवाया जा सकेगा।

(2) मंडल प्रमुख द्वारा विनिर्दिष्ट डाकघरों द्वारा एयरोग्राम बेचा जाएगा :

परंतु प्राइवेट विनिर्मित एयरोग्राम डाक द्वारा पारेषित नहीं किया जाएगा ।

(3) एयरोग्राम निम्नलिखित अधिकतम और न्यूनतम आयामों के अनुरूप होगा, अर्थात् :-

(क) एक एयरोग्राम का अधिकतम आकार मोड़ दिए जाने पर 110 x 220 मिमी से अधिक नहीं होगा और उस रूप में, इसकी लंबाई इसकी चौड़ाई के बराबर या उससे अधिक होगी, जिसे ₹ 2 (अनुमानित मूल्य : 1.4) से गुणा किया जाएगा ;

(ख) मोड़े गए एयरोग्राम के लिए अनुमत न्यूनतम आकार अक्षरों के समान होगा, अर्थात् 90 x 140 मिमी ।

(4) एयरोग्राम पर प्रभार्य डाक की दरों का उल्लेख अनुसूची-III की सारणी-V में किया जाएगा ।

110. पोस्ट कार्ड (अंतर्राष्ट्रीय) - (1) पोस्टकार्ड 2 मिमी की सहयसीमा के साथ 120 x 235 मिमी के अधिकतम आयामों के साथ कागज की एक शीट पर सतह द्वारा प्रसारित एक खुला संचार है, परंतु वे बिना किसी कठिनाई के प्रसंस्करण का सामना करने के लिए पर्याप्त रूप से कठोर हों ; और इसका 2 मिमी की सहयसीमा के साथ 90 x 140 मिमी के न्यूनतम आयामों के साथ हो।

(2) डाकघरों द्वारा जारी किए गए या निजी तौर पर विनिर्मित किए गए पोस्टकार्ड विदेशों या विदेशी क्षेत्र में पारेषण के लिए स्वीकार किए जाएंगे :

किंतु प्राइवेट रूप से विनिर्मित किए गए पोस्टकार्ड आयताकार होंगे तथा डाकघर द्वारा जारी किए गए पोस्टकार्डों के लिए प्रयुक्त सामग्री तथा आयामों के समान होंगे।

(3) पोस्टकार्ड (अंतर्राष्ट्रीय) पर प्रभार्य डाक फीस की दरों का उल्लेख अनुसूची-III की सारणी-I में किया जाएगा।

111. एयरमेल पोस्टकार्ड- (1) एयरमेल पोस्टकार्ड ऐसा पोस्टकार्ड है, जिसे वायु मार्ग से पारेषित किया जाता है।

(2) विनियम 110 के उप-विनियम (1) और (2) में यथाउल्लिखित पोस्टकार्ड के उपबंध एयरमेल पोस्टकार्ड पर लागू होंगे।

(3) एयरमेल पोस्टकार्ड पर प्रभार्य डाक फीस की दरों का उल्लेख अनुसूची III के तालिका V में किया जाएगा ।

छोटा पैकेट

112. छोटे पैकेट- (1) ऐसी पत्र डाक-वस्तुएं, जिसमें कम मात्रा में सामान जैसे उपहार, बिक्री योग्य मूल्य की वस्तुएं और माल के नमूने होते हैं, उन्हें डाक द्वारा छोटे पैकेट के रूप में प्रेषित किए जा सकेंगे ।

(2) छोटे पैकेट में कोई उत्कीर्ण लेख नहीं होगा या वर्तमान और व्यक्तिगत पत्राचार की प्रकृति के दस्तावेज या प्रेषक और प्रेषिती के अलावा अन्य व्यक्तियों के बीच आदान-प्रदान किए गए कोई दस्तावेज को शामिल नहीं किया जाएगा।

(3) छोटे पैकेट पत्रों के लिए निम्नलिखित अधिकतम और न्यूनतम आयामों के अनुरूप होंगे, अर्थात् :-

(क) **अधिकतम आयाम** : लंबाई, चौड़ाई और गहराई संयुक्त रूप से : 900 मिमी, किंतु सबसे बड़ा आयाम 600 मिमी से अधिक नहीं हो सकेगा, 2 मिमी की सहयसीमा के साथ ; रोल प्ररूप में : लंबाई

योग व्यास का दोगुना : 1,040 मिमी, लेकिन सबसे बड़ा आयाम 900 मिमी से अधिक नहीं होगा, 2 मिमी की सहयसीमा के साथ ;

(ख) **न्यूनतम आयाम** : 2 मिमी की सहयसीमा के साथ 90 x 140 मिमी की न्यूनतम सतह; रोल प्ररूप में : लंबाई योग व्यास का दोगुना : 170 मिमी : लेकिन सबसे बड़ा आयाम 100 मिमी से कम नहीं होगा;

(4) छोटे पैकेटों का अधिकतम वजन 2 किलोग्राम और न्यूनतम वजन 100 ग्राम होगा।

(5) छोटे पैकेटों पर प्रभार्य डाक शुल्क की दरों का उल्लेख अनुसूची-।।। की सारणी-। में किया गया है।

113. मुद्रित कागजात- (1) लेटर पोस्ट मदें, जिसमें केवल समाचार पत्र होते हैं, मुद्रित पत्रों के रूप में डाक द्वारा प्रेषित किए जा सकेंगे ।

(2) कई मुद्रित कागज एक ही डाक-वस्तु में एक साथ भेजे जा सकते हैं परंतु उनमें विभिन्न प्रेषितियों के नाम और पते न हों ।

(3) मुद्रित कागजात इस तरह से तैयार किए जाएंगे कि त्वरित और आसान सत्यापन की अनुमति देते समय उनकी सामग्री पर्याप्त रूप से संरक्षित हो ।

(4) मुद्रित कागजात का अधिकतम वजन 2 किलोग्राम और न्यूनतम वजन 20 ग्राम होगा ।

(5) मुद्रित पत्रों पर प्रभार्य डाक-शुल्क की दरों का उल्लेख अनुसूची-।।। की सारणी-। में किया गया है ।

114. एम-बैग (बल्क बैग) - (1) एम-बैग (बल्क बैग) विशेष बैग हैं जिनमें मुद्रित कागजात, समाचार पत्र, पत्रिकाएं, पुस्तकें और समान मुद्रित दस्तावेज हैं, जो एक ही प्रेषित के उसी पते के लिए चिह्नित हैं, जो विदेश या क्षेत्र में प्रेषिती या प्रेषकों से पारेषण/मंगवाने के लिए उत्कीर्ण लेख "एम" के साथ चिह्नित है।

(2) एम-बैग का अधिकतम अनुमेय वजन 30 किलोग्राम है।

(3) प्रत्येक एम-बैग के साथ प्रेषक द्वारा तैयार प्ररूप सीएन22 या प्ररूप सीएन23 होना अपेक्षित है ;

स्पष्टीकरण- इस उप-विनियम के प्रयोजनों के लिए, "प्ररूप CN22" या "प्ररूप CN23" से यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन द्वारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट सुसंगत प्ररूप अभिप्रेत है।

(4) प्रत्येक एम-बैग प्रेषक द्वारा प्रदान किए गए एक आयताकार पते के लेबल से सुसज्जित किया जाएगा और प्रेषिती से संबंधित सभी जानकारी प्रदान की जाएगी और पता लेबल पर्याप्त रूप से कठोर सामग्री से बना होगा और उसका 90 मिमी x 140 मिमी से अधिक माप नहीं होगा।

(5) एम-बैग के लिए भुगतान किया गया डाक शुल्क बैग के पते के लेबल पर प्रदर्शित किया जाएगा और एम-बैग के लिए वजन सीमा 30 किलोग्राम तक होगी, जो देश या गंतव्य का क्षेत्र द्वारा विनिर्दिष्ट अधिकतम स्वीकार्य वजन सीमा, जो भी कम हो के अधीन है।

(6) एम-बैग में निम्नानुसार अन्य सामग्री भी हो सकती है :

IndiaCode

(क) सामग्री (निर्माताओं और वितरकों द्वारा भेजे गए वाणिज्यिक नमूने, या अन्य गैर-फीस योग्य वाणिज्यिक वस्तुएं या सूचनात्मक सामग्री जो पुनर्विक्रय के अधीन नहीं हैं) सूची के रूप में संलग्न या अन्यथा मुद्रित कागजात के साथ संयुक्त हैं ;

(ख) सामग्री विशेष रूप से मुद्रित कागजात से संबंधित है जिसके साथ उन्हें मेल किया जा रहा है ;

(ग) प्रत्येक सामग्री का वजन जो मुद्रित पत्रों के संयोजन में है, 2 किलोग्राम से अधिक नहीं है;

(घ) एम-बैग में शामिल मुद्रित पत्रों के प्रत्येक पैकेट पर प्रेषिती का पता दर्शित किया जाएगा।

(7) एम-बैग पर प्रभार्य डाक फीस की दरों का उल्लेख अनुसूची-।।। की तालिका-।। में किया जाएगा ।

115. नेत्रहीन के लिए साहित्य (अंतर्राष्ट्रीय) - (1) नेत्रहीन के उपयोग के लिए किसी भी प्रकार के कागजात (पत्रों सहित), पत्रिकाओं, पुस्तकों और प्लेटों को "ब्रेल" या किसी अन्य विशेष प्रकार से छापे गए नेत्रहीन (नेत्रहीन साहित्य) के लिए साहित्य के रूप में प्रेषित किया जा सकेगा ।

(2) नेत्रहीन के लिए साहित्य के रूप में पारेषण के लिए ध्वनि रिकॉर्ड तभी स्वीकार किए जाएंगे जब ये नेत्रहीन के लिए आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त संस्थान द्वारा भेजे जाते हैं/को संबोधित किए जाते हैं और भारत में ऐसे संस्थानों की एक सूची समय-समय पर प्रकाशित की जाएगी ।

(3) नेत्रहीन साहित्य के लिए अधिकतम वजन 7 किलोग्राम तक होगा ।

(4) नेत्रहीन के लिए साहित्य को डाक शुल्क से छूट दी जाएगी लेकिन लागू फीस का भुगतान करके सतह एयरलिफ्ट या हवाई अधिभार का लाभ उठाया जा सकेगा ।

116. अंतर्राष्ट्रीय ट्रैक्ड पैकेट सेवा (आईटीपीएस)- (1) सर्कल प्रमुख समय-समय पर उन कार्यालयों को विनिर्दिष्ट करने के लिए अधिकृत है, जहां अंतरराष्ट्रीय ट्रैक पैकेट नामक डाक-वस्तु को निम्नलिखित शर्तों के अधीन बुक किया जा सकेगा, अर्थात् : -

(क) एक अंतरराष्ट्रीय ट्रैक्ड किए गए पैकेट का अधिकतम वजन 2 किलोग्राम होगा, परंतु उक्त सीमा को समय-समय पर संशोधित किया जा सकेगा ;

(ख) लंबाई, चौड़ाई और गहराई का योग 90 सेमी से अधिक नहीं होगा और सबसे बड़ा आयाम 60 सेमी से अधिक नहीं होगा।

(2) किसी अंतरराष्ट्रीय ट्रैक्ड पैकेट को समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट किए गए रीति से बुक, प्रेषित और डिलिवर किया जाएगा।

(3) अंतरराष्ट्रीय ट्रैक्ड किए गए पैकेट के लिए ग्राहकों को छूट और मूल्य परिवर्धन समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट तरीके से प्रदान किया जाएगा ।

(4) अंतरराष्ट्रीय ट्रैक्ड किए गए पैकेट के लिए डाक शुल्क अनुसूची-।।। की सारणी-VIII में उल्लिखित होगा ।

ख. पार्सल पोस्ट वस्तुएं

117. अंतर्राष्ट्रीय वायु पार्सल- (1) अंतर्राष्ट्रीय वायु पार्सल ट्रैक और ट्रेस सुविधा वाले सभी विश्व डाक संघ सदस्य देशों को दस्तावेजों और वाणिज्यिक माल (मर्चेंडाइज) के पारेषण का किफायती और तेज तरीका प्रदान करता है।

(2) अंतर्राष्ट्रीय एयर पार्सल समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट किए गए निम्नलिखित शर्तों के अधीन डाकघरों में बुक किया जा सकेगा, अर्थात् :-

(क) किसी अंतरराष्ट्रीय एयर पार्सल का अधिकतम सकल भार 20 किलोग्राम होगा, जो गंतव्य देश या के राज्यक्षेत्र द्वारा विनिर्दिष्ट अधिकतम स्वीकार्य वजन सीमा, जो भी कम हो या समय-समय पर संशोधित हो ; के अधीन होगा,

(ख) लंबाई से भिन्न किसी अन्य दिशा में मापी गई लंबाई और सबसे बड़ी परिधि के योग से अधिकतम आयाम 1.5 मीटर या 3 मीटर से अधिक नहीं होगा।

(3) कोई भी अंतर्राष्ट्रीय एयर पार्सल पत्रों के लिए निर्धारित न्यूनतम आकार अर्थात 90 मिमी x 140 मिमी से छोटा नहीं होगा।

(4) किसी अंतरराष्ट्रीय एयर पार्सल को प्रशासनिक निर्देशों द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट रीति से बुक, प्रेषित और डिलिवर किया जाएगा।

(5) अंतर्राष्ट्रीय एयर पार्सल का डाक शुल्क अनुसूची-।।। की सारणी-VI में उल्लिखित होगा ।

ग. इंटरनेशनल स्पीड पोस्ट सेवाएं (ईएमएस)

118. अंतर्राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट- (1) अंतर्राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट, जिसे विश्व स्तर पर एक्सप्रेस मेल सेवा (ईएमएस) के रूप में जाना जाता है, दस्तावेजों और माल के प्रसारण के लिए एक डाक एक्सप्रेस सेवा है, और भौतिक साधनों द्वारा संभाव्य त्वरित डाक सेवा होगी ।

स्पष्टीकरण- इस उप-विनियम के प्रयोजनों के लिए :-

(क) "दस्तावेजों" में किसी भी प्रकार के दस्तावेज शामिल हैं जिनमें वर्णानुसार, संख्यात्मक या तकनीकी रूप में जानकारी या डाटा शामिल है, जो फीस योग्य या बिक्री योग्य नहीं हैं ; और

(ख) "वाणिज्य" में डाक द्वारा प्रेषित दस्तावेजों से भिन्न कोई भी वस्तु या चीज शामिल है, जिसका बीमा अनिवार्य नहीं है ।

(2) अंतर्राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट डाक-वस्तु (ईएमएस) देश भर के सभी डाकघरों से बुक किए जा सकेंगे ।

(3) अंतर्राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट (ईएमएस) का लाभ निम्नलिखित शर्तों के अधीन उठाया जा सकेगा, अर्थात्:-

IndiaCode

(क) अंतरराष्ट्रीय स्पीड पोस्ट का अधिकतम सकल भार 35 किलोग्राम होगा, जो गंतव्य देश या राज्यक्षेत्र द्वारा विहित अधिकतम स्वीकार्य वजन सीमा, जो भी कम हो या समय-समय पर संशोधित हो : के अधीन है,

परंतु किसी अन्य देश या राज्यक्षेत्र को या उससे आने वाली अंतर्राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट सेवा के भार की उच्चतर सीमा प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जा सकेगी;

(ख) अंतरराष्ट्रीय स्पीड पोस्ट सेवा के लिए डाक-वस्तु का आकार किसी एक आयाम 1.5 मीटर और लंबाई तथा लंबाई से भिन्न किसी अन्य भुजा में मापी गई परिधि का योग 3 मीटर से अधिक नहीं होगा ;

(ग) अंतरराष्ट्रीय स्पीड पोस्ट के लिए ग्राहकों को छूट और मूल्यवृद्धि, समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से प्रदान की जाएगी;

(घ) एक अंतरराष्ट्रीय स्पीड पोस्ट (ईएमएस) को प्रशासनिक निर्देशों द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट रीति में बुक प्रेषित और डिलिवरी किया जाएगा ;

(ङ) बहुमूल्य धातुओं (सोने, चांदी, प्लेटिनम या अन्य बहुमूल्य धातुओं सहित), बहुमूल्य पत्थर (हीरे या अन्य बहुमूल्य पत्थरों सहित), आभूषण या इनमें से कोई भी संयोजन चाहे विनिर्मित हो या नहीं, सिक्के, बैंक नोट, मुद्रा नोट, धारक को देय किसी भी प्रकार की प्रतिभूतियां, ट्रेवलर्स चेक, बीमित एक्सप्रेस मेल सेवा द्वारा प्रेषित किए जाएंगे, और ऐसे बीमा का मूल्य ₹1,00,000 से अधिक नहीं होगा ;

परंतु ऐसी किसी भी डाक-वस्तु के संबंध में बीमा का उच्चतर मूल्य विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) अंतर्राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट सेवाओं का डाक शुल्क अनुसूची-III की सारणी-VII में यथा उल्लिखित होगा ।

घ. अंतरराष्ट्रीय डाक से संबंधित सामान्य विनियम

119. बुकिंग : (1) अंतरराष्ट्रीय वस्तुओं के लिए देय डाक शुल्क का उल्लेख अनुसूची-III में किया गया है ।

(2) सेवाओं के निलंबन की स्थिति में प्रेषक को डाक शुल्क, विशेष फीस और हवाई अधिभार वापस किया जा सकेगा ।

120. इलेक्ट्रॉनिक अग्रिम डाटा (ईएडी)- (1) माल युक्त डाक-वस्तुएं गंतव्य देश या राज्यक्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक अग्रिम डाटा प्रदान करने के लिए विनिर्दिष्ट आयात सीमा फीस और सुरक्षा आधारित अपेक्षाओं के अधीन हो सकेंगे ।

(2) इलेक्ट्रॉनिक अग्रिम डाटा का आदान-प्रदान अतिरिक्त रूप से व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा और डाटा एक्सचेंजों से संबंधित अन्य तकनीकी पहलुओं के संबंध में द्विपक्षीय या बहुपक्षीय करारों या प्रोटोकॉल द्वारा शासित किया जा सकेगा ।

(3) प्रत्येक डाक-वस्तु जिसके लिए इलेक्ट्रॉनिक अग्रिम डाटा प्रदान किया जाता है, समुचित सीमा फीस घोषणा प्ररूप सीएन22 या प्ररूप सीएन23 के साथ होगा :-

(क) सीएन 22- यदि अंतरराष्ट्रीय डाक-वस्तुओं का घोषित मूल्य 300 विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) से कम या उसके बराबर है ;

(ख) सीएन 23-यदि अंतरराष्ट्रीय डाक-वस्तुओं का घोषित मूल्य 300 विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) से अधिक है, तो सीएन 23 भी प्रदान किया जाएगा।

स्पष्टीकरण- इस उप-विनियम के प्रयोजनों के लिए, "प्ररूप सीएन22" या "प्ररूप सीएन23" से यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन द्वारा इस निमित विनिर्दिष्ट सुसंगत प्ररूप अभिप्रेत है।

(4) अंतरराष्ट्रीय डाक भेजने वाले को वाणिज्यिक वस्तु वाले अंतरराष्ट्रीय मेल की बुकिंग के लिए अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) दस्तावेज या इलेक्ट्रॉनिक अपने ग्राहक को जानिए (ईकेवाईसी) दस्तावेज प्रदान करना अपेक्षित है।

(5) इस विनियम के अधीन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक अग्रिम डेटा, सभी मामलों में, समुचित विश्व डाक संघ सीमा फीस घोषणा प्रपत्र पर प्रलेखित डाटा को दोहराएगा ।

(6) नेत्रहीन के लिए पत्राचार या डाक-वस्तुओं वाले पत्र, पोस्टकार्ड, मुद्रित कागजात (पुस्तकों से भिन्न) या लेटर पोस्ट मद, जो सीमा फीस के अधीन नहीं हैं, उन्हें इलेक्ट्रॉनिक अग्रिम डाटा अपेक्षाओं से छूट दी जाएगी ।

(7) इलेक्ट्रॉनिक अग्रिम डाटा अंगीकरण के लिए अपेक्षित नियामक और सुरक्षा अपेक्षाओं का पालन करने के लिए निम्नलिखित डाटा तत्वों को बाध्यकारी रूप से प्रस्तुत करना अपेक्षित है, जिन्हें 7+1 डाटासेट के रूप में जाना जाता है :

(क) प्रेषक का नाम

(ख) प्रेषक का का पता

(ग) प्रेषिती का नाम

(घ) प्रेषिती का पता

(ङ) पैकेजों की संख्या

(च) कुल सकल भार (माप इकाई क्वालिफायर सहित)

(छ) संक्षिप्त माल या कार्गो विवरण

(ज) पहचानकर्ता

121. पैकेजिंग-(1) सभी डाक-वस्तुओं को सुरक्षित रूप से और इस प्रकार से बनाया जाएगा कि उस डाक-वस्तु में अन्य डाक-वस्तुओं के फंसने डाक-वस्तुओं का कोई जोखिम न हो और पैकेजिंग डाक-वस्तु के आकार, प्रकृति और परिवहन की स्थिति के अनुकूल होगी ।

(2) प्रत्येक डाक-वस्तु इस प्रकार से तैयार की जाएगी कि वह पदधारियों के स्वास्थ्य को प्रतिकूल प्रभावित न करें और जिससे कोई खतरा न हो, यदि उसमें ऐसे प्रकार की डाक-वस्तुएं अंतर्विष्ट हों जिनसे उसे संभालने के लिए बुलाए गए पदधारियों को क्षति होने की संभावना हो या अन्य डाक-वस्तुओं या डाक उपकरणों को खराब करने या नुकसान पहुंचाने की संभावना हो ।

(3) मूल्य वर्धित सेवाओं सहित अंतरराष्ट्रीय वस्तुओं के लिए पैकेजिंग की विस्तृत शर्तें समय-समय पर प्रशासनिक निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जा सकेंगी ।

122. गंतव्य देश या राज्यक्षेत्र में डिलिवरी - (1) डाक-वस्तुओं को उनकी सुसंगत विधियों या आंतरिक विनियमों के अनुसार गंतव्य देश या राज्यक्षेत्र में वितरित किए जाएंगे ।

(2) डाकघर किसी डाक-वस्तु के वितरण या बिना वितरण के वापस लौटाए जाने के रीति के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, यदि यह गंतव्य देश या क्षेत्र के सुसंगत विधियों या आंतरिक विनियमों के अनुसार किया जाता है।

(3) डिलिवरी न की जा सकने वाले डाक-वस्तुओं के निरुद्ध करने की अवधि भी गंतव्य देश या क्षेत्र के सुसंगत विधियों या आंतरिक विनियमों द्वारा शासित होगी।

IndiaCode

ङ. अंतर्राष्ट्रीय मेल आइटम की अन्य विशेषताएं

123. अन्य विशेषताएँ.- कोई भी जावक लेखादेय डाक-वस्तु डाकघर में प्रस्तुत की जाएगी और ऐसे वस्तु प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को रसीद दी जाएगी।

124. ट्रैक और ट्रेस सेवा.- प्रत्येक लेखादेय अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तु के लिए, डाक-वस्तुओं और रिसेप्टेकल्स की आवाजाही में पारदर्शिता की सुविधा के लिए वस्तु स्तर, रिसेप्टेकल्स स्तर और एयरलाइन्स स्तर पर डाटा का इलेक्ट्रॉनिक आदान-प्रदान उपलब्ध है, तथापि, रजिस्ट्रीकृत पत्र संबंधी वस्तुओं के लिए, गंतव्य के आंतरिक विनियमों के अनुसार कुछ गंतव्यों के लिए यह सेवा उपलब्ध नहीं है।

125. आवक अंतर्राष्ट्रीय मेल- (1) डाक द्वारा डाक-वस्तुओं के पारेषण की शर्तें समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी।

परंतु यह कि घरेलू रजिस्ट्रीकृत समाचार-पत्रों से संबंधित विनियम किसी विदेश या राज्य क्षेत्र को भेजे जाने वाले समाचार-पत्रों के मामले में भी लागू माने जाएंगे।

(2) कोई भी आवक लेखादेय प्राप्तकर्ता को तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि किसी प्राधिकृत व्यक्ति ने उसके लिए रसीद पर हस्ताक्षर न कर दे।

126. सुपुर्दगी लेने में असफलता.- (1) यदि किसी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पार्सल का प्राप्तकर्ता, पार्सल की प्रथम प्रस्तुतीकरण की तारीख या उसके आगमन की सूचना के उसे या उसके प्राधिकृत व्यक्ति को सुपुर्दगी की तारीख के पश्चात् सात दिन के भीतर सुपुर्दगी नहीं ले पाता है, तो सुपुर्दुगी के समय प्राप्तकर्ता से आठवें दिन से विलम्ब प्रभार वसूल किया जाएगा:

परंतु यह कि किसी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पार्सल के मामले में, जिसमें वैकल्पिक पता दिया गया हो, यदि पार्सल को मूल पते पर वितरित नहीं किया जा सकता है, तो प्रथम प्राप्तकर्ता से संदेय विलम्ब फीस वितरण के समय दूसरे प्राप्तकर्ता से भी वसूल किया जा सकेगा।

(2) यदि

(क) आवक अंतर्राष्ट्रीय पैकेट (या बैग) या मुद्रित कागजात;

(ख) एक आवक अंतर्राष्ट्रीय छोटा पैकेट; या

(ग) एक आवक अंतर्राष्ट्रीय बीमाकृत पत्र या बीमाकृत बॉक्स, का प्राप्तकर्ता

इसके प्रथम प्रस्तुति की तारीख से या इसे अपने पास या अपने प्राधिकृत व्यक्ति को इसकी सूचना की डिलीवरी की तारीख से सात दिन के भीतर इसकी डिलीवरी लेने में असफल रहता है, और यदि इसका वजन 500 ग्राम से अधिक है, तो डिलीवरी के समय प्राप्तकर्ता से आठ दिन से विलम्ब प्रभार वसूल किया जाएगा।

(3) उप-विनियम (1) और (2) में यथाविनिर्दिष्ट विलंब फीस अनुसूची-।।। की सारणी-XI में उल्लिखित अनुसार होंगे।

127. पोस्ट रेस्टेंट पार्सल की डिलीवरी लेने में विफलता.- (1) यदि किसी अंतरराष्ट्रीय हवाई पार्सल का प्राप्तकर्ता "पोस्ट रेस्टेंट" पते पर डिलीवरी कार्यालय में उसके पहुंचने की तारीख से सात दिनों के भीतर डिलीवरी लेने में विफल रहता है, तो डिलीवरी के समय प्राप्तकर्ता से आठवें दिन से विलम्ब प्रभार वसूल किया जाएगा।

(2) यदि

(क) मुद्रित कागजात या व्यावसायिक कागजात का आवक अंतर्राष्ट्रीय पैकेट (या बैग); या

(ख) आवक अंतर्राष्ट्रीय बीमाकृत पत्र या बीमाकृत बॉक्स, का प्राप्तकर्ता

संबोधित “पोस्टे यदि" रेस्टेन्ते " डिलीवरी कार्यालय में पहुंचने की तारीख से सात दिनों के भीतर डिलीवरी लेने में विफल रहता है, और यदि इसका वजन 500 ग्राम से अधिक है, तो आठवें दिन से डिलीवरी के समय प्राप्तकर्ता से लिया जाएगा।

(3) उप-विनियम (1) और (2) में निर्दिष्ट विलंब फीस अनुसूची-।।। की सारणी-XI में उल्लिखित अनुसार होंगे।

अध्याय VII

विश्व डाक सेवा

128. विश्व डाक सेवा के अंतर्गत मेल सेवाएं.- डाकघर, विश्व मेल सेवाओं के अंतर्गत डाक सेवाओं के निम्नलिखित उत्पाद की सुविधा प्रदान करेगा, अर्थात: -

(क) घरेलू

(i) पत्र

(ii) लेटर कार्ड

(iii) बुक पोस्ट

(iv) आवधिक पोस्ट

(v) रजिस्ट्रीकृत समाचार पत्र

(vi) दृष्टिहीनों के लिए साहित्य

(vii) इंडिया पोस्ट पार्सल

(viii) पोस्ट कार्ड

(ख) अंतर्राष्ट्रीय

(i) पत्र

(ii) एरोग्राम

(iii) पोस्ट कार्ड

(iv) एयरमेल पोस्ट कार्ड

(v) छोटा पैकेट

(vi) मुद्रित पत्र

(vii) दृष्टिहीनों के लिए साहित्य

(viii) अंतर्राष्ट्रीय हवाई पार्सल

IndiaCode

अध्याय VIII

सरकारी पत्राचार

129. डाक सेवार्थ - डाकघर के अधिकारियों, डाक लेखापरीक्षा अधिकारियों और ऐसे अन्य अधिकारियों द्वारा, जो इस निमित्त प्राधिकृत किए जाएं, डाकघर की सेवा में किसी भी श्रेणी की डाक-वस्तुओं को डाक-फीस और अन्य सभी डाक-शुल्कों से मुक्त भेजा जाएगा।

130. (1) निम्नलिखित डाक-वस्तुओं का "डाक सेवार्थ" बीमा किया जा सकेगा, अर्थात्: -

(क) आंतरिक मूल्य वाले डाक-वस्तु ;

(ख) महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे सेवा पुस्तिका, वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) फाइल, आधिकारिक फाइलें आदि;

(ग) अन्वेषण, सतर्कता मामले, परीक्षा आदि से संबंधित दस्तावेज ; और

(घ) अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज जिन्हें बीमाकृत डाक-वस्तुओं के रूप में भेजा जाना उचित समझा जाए।

(2) निम्नलिखित डाक-वस्तुएं "डाक सेवार्थ" रजिस्ट्रीकृत की जाएंगी, अर्थात्: -

(क) महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज- वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर), आदि;

(ख) रजिस्ट्रीकृत डाक के माध्यम से भेजी जाने वाली मद, जैसे आरोप पत्र, आदि; और

(ग) अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज जिन्हें रजिस्ट्रीकृत डाक-वस्तुओं के रूप में भेजा जाना उचित समझा जाए।

(3) स्पीड पोस्ट के अधीन भेजी गई डाक-वस्तुओं के लिए "डाक सेवार्थ" सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

131. डाक मतपत्र या निर्वाचन सामग्री.- (1) भारत के निर्वाचन आयोग या राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन सामग्री को समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार बुक, प्रेषित और वितरित किया जाएगा।

(2) उप-विनियम (1) के उपबंध डाक मतपत्रों पर भी समान रूप से लागू होंगे।

(3) उप-विनियम (1) और (2) में निर्दिष्ट प्रत्येक डाक-वस्तु को इस विनियम के प्रयोजनों के लिए आधिकारिक डाक-वस्तु माना जाएगा और तदनुसार प्राथमिकता दी जाएगी।

अध्याय IX

मूल्य संवर्धित सेवाएं

क. घरेलू डाक-वस्तुओं

132. घरेलू डाक-वस्तुओं का रजिस्ट्रीकरण.- (1) प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट डाक-वस्तुओं को अनुसूची-IV की सारणी-I में उल्लिखित फीस का संदाय करके रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रस्तुत किया जा सकेगा:

परंतु नेत्रहीन साहित्य के रजिस्ट्रीकरण के लिए कोई फीस नहीं ली जाएगी।

(2) इस विनियम के अंतर्गत रजिस्ट्रीकृत मद, प्राप्तकर्ता विशेष के लिए होगी तथा रसीद के आधार पर बुक की जाएगी, जिसे हस्ताक्षरित रसीद के आधार पर प्राप्तकर्ता या प्राधिकृत व्यक्ति को सौंपा जाएगा।

(3) ऐसा कोई डाक-वस्तु रजिस्ट्रीकरण के लिए स्वीकार नहीं की जाएगी, जहां डाक-वस्तु का बीमा किया गया हो या किसी विशिष्ट राशि के लिए बीमा किए जाने का आशय हो।

133. घरेलू डाक-वस्तुओं का बीमा.- (1) किसी भी लेखादेय डाक-वस्तु का बीमा, एक लाख रुपए से अनधिक मूल्य के लिए, निर्धारित बुकिंग केन्द्रों या डाकघरों पर तथा अनुसूची-IV की सारणी-II में उल्लिखित फीस के संदाय पर किया जाएगा।

(2) जहां मुद्रा या बैंक नोट बीमाकृत डाक द्वारा भेजे जाते हैं, वहां उनका मूल्य बीस हजार रुपए से अधिक नहीं होगा।

परंतु किसी भी मामले में ऐसा मूल्य बीमाकृत डाक-वस्तु की सामग्री के वास्तविक मूल्य से अधिक नहीं होगा:

परंतु यह और कि बहुमूल्य धातुओं (जिनमें सोना, चांदी, प्लेटिनम या अन्य बहुमूल्य धातुएं सम्मिलित हैं), बहुमूल्य पत्थरों (जिनमें हीरा या अन्य बहुमूल्य पत्थर सम्मिलित हैं), आभूषण या तत्समय पृवृत्त किसी संयोजन को देश के लागू विधि में दी गई परिभाषाओं के अनुरूप या अन्य बहुमूल्य सामग्री के रूप में सम्मिलित किया गया हो, उनका बीमा किया जाएगा और सामग्री के वास्तविक मूल्य के आधार पर बीमा किया जाएगा।

IndiaCode

(3) डाकघर द्वारा प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट बीमा सेवा किसी तृतीय पक्ष बीमा प्रदाता के माध्यम से भी प्रदान की जा सकेगी,

(4) प्रेषक को बुकिंग के समय डाक-वस्तु पर उसकी सामग्री का वास्तविक मूल्य घोषित करना अपेक्षित होगा।

(5) जिन डाक-वस्तुओं पर बीमा प्रणाली लागू होगी, उनमें बैंक नोट, करेंसी नोट, बांड, कूपन, प्रतिभूतियां, मूल्यवान डाक-वस्तुओं वाले पार्सल तथा इस प्रकार के अन्य दस्तावेज सम्मिलित होंगे।

(6) मूल्यवान दस्तावेज जैसे विलेख, योजनाएं, संविदा, हस्ताक्षर, दुर्लभ पांडुलिपियां भी बीमाकृत डाक द्वारा भेजी जा सकेंगी, परंतु जहां दस्तावेजों का मूल्य उनकी बनावट की लागत के कारण हो, वहां बीमाकृत मूल्य डाकघर की अधिकतम सीमा तक हानि की स्थिति में उन्हें बदलने की लागत से अधिक नहीं होगा।

(7) बीमा में, सिवाय प्राकृतिक आपदाओं या युद्ध, दंगे, नागरिक विक्षोभ, गिरफ्तारी या रोक या विधिक प्रक्रिया, आदेश, प्रतिबंध या किसी निषेध के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा अधिरोपित डाक द्वारा पारेषण के क्रम में जब्ती जैसी घटनाओं के सभी प्रकार के जोखिम सम्मिलित होंगे ।

(8) इस विनियम के अंतर्गत बीमाकृत डाक-वस्तु का प्रेषक, प्राप्तकर्ता या प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित सुपुर्दगी का प्रमाण निःशुल्क प्राप्त करने का हकदार होगा:

परंतु यह और कि यदि रजिस्ट्रीकृत डाक-वस्तु के प्रेषक तक डिलीवरी का सबूत नहीं पहुंचता है, तो ग्राहक की मांग पर पोस्टमास्टर या डिलीवरी डाकघर के प्रभारी अधिकारी द्वारा डिलीवरी का प्रमाण जारी किया जाएगा और प्रेषक को इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रदान किया जाएगा।

(9) निम्नलिखित में से किसी भी डाक-वस्तु की क्षति के लिए बीमा नहीं किया जा सकता है, लेकिन उन्हें केवल हानि के लिए, उसी तरह फीस का संदाय करने पर जैसे कि अन्य डाक-वस्तुओं के नुकसान या क्षति के लिए बीमा किया जाता है, बीमा किया जा सकता है, अर्थात्, तरल पदार्थ और पदार्थ जो आसानी से तरल हो जाते हैं, नाशवान डाक-वस्तु और भंगुर मद, जैसे कि चीनी कांच के बने पदार्थ, मेमों की माला, ग्रामोफोन रिकॉर्ड, आदि।

(10) किसी डाक-वस्तु का प्रेषक, प्राप्तकर्ता के पक्ष में प्रतिकर के अपने दावे का परित्याग कर सकेगा।

(11) बीमाकृत डाक-वस्तुओं के लिए पैकेजिंग की विस्तृत शर्तें समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी।

(12) बीमाकृत डाक-वस्तुओं के संबंध में प्रतिपूर्ति विनियम 74 में उल्लिखित अनुसार संदेय होगी।

134. हवाई डाक सेवा.- हवाई मार्ग से पारेषण के लिए भेजी जाने वाले डाक-वस्तुओं पर, अनुसूची-। की सारणी-।। में उल्लिखित विनियमों के अधीन संदेय डाक और अन्य फीस के अतिरिक्त, हवाई डाक फीस लगाई जाएगी।

135. कैश ऑन डिलिवरी (सीओडी) डाक-वस्तु - (1) कैश ऑन डिलिवरी डाकघर द्वारा अनुसूची-IV की सारणी-।।। में उल्लिखित फीस के लिए उपलब्ध कराई जाएगी, जहां ऐसी डाक-वस्तु की डिलीवरी पर प्राप्तकर्ता से राशि वसूल की जानी है और प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से प्रेषक को प्रेषित की जाएगी।

(2) निम्नलिखित शर्तों के अधीन डाक-वस्तुओं के लिए कैश ऑन डिलिवरी का लाभ उठाया जा सकता है, अर्थात: -

(क) खुदरा ग्राहक और ग्राहक डाकघर के संबंधित प्राधिकारी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे;

(ख) प्राप्तकर्ता से वसूली के लिए निर्दिष्ट राशि समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएगी;

(ग) ऐसे डाक-वस्तुओं में कोई निषिद्ध डाक-वस्तु नहीं है; और

(घ) डिलीवरी पर नकद डाक-वस्तुओं का बीमा प्रेषक द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।

136. सुपुर्दगी का सबूत.- (1) किसी घरेलू लेखायोग्य डाक-वस्तु का प्रेषक सुपुर्दगी के सबूत की मांग कर सकेगा, जो उसे डाक-वस्तु के सुपुर्द होने पर, किसी अन्य मूल्यवर्धित सेवा के लिए डाक फीस या फीस के अतिरिक्त अनुसूची-IV की सारणी-IV में उल्लिखित फीस का संदाय करने पर प्रदान किया जाएगा;

(2) सुपुर्दगी के सबूत पर, प्रेषिती या प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा स्याही से हस्ताक्षर किए जाएंगे, या यदि प्रेषिती ऐसा हस्ताक्षर करने से इंकार करता है, तो उसके साथ इस आशय का कथन संलग्न किया जाएगा कि प्रेषिती या उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति ने ऐसा हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है:

परंतु महानिदेशक प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा डिलीवरी का सबूत दर्ज करने और उसे प्रेषक के साथ साझा करने के अन्य रीति विनिर्दिष्ट कर सकते हैं।

(3) डिलीवरी के भौतिक सबूत के मामले में, उसे लेखादेय डाक-वस्तु के रूप में संसाधित किया जाएगा।

(4) प्रेषक निर्धारित फीस का संदाय करके मूल रसीद की सत्यापित प्रति, समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से प्राप्त कर सकेगा :

परंतु नेत्रहीन साहित्य डाक-वस्तु पर ऐसा कोई फीस नहीं ली जाएगी।

137. प्री-मेलिंग कार्यकलापों से संबंधित सेवाएं - प्रत्येक डाकघर प्री-मेलिंग कार्यकलापों को प्रदान करेगा, जिसमें विभिन्न डाक-वस्तुओं पर मुद्रण, संग्रहण, पता और अंकन सम्मिलित हो सकती है, जैसा कि समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा और अनुसूची-IV की सारणी-V में उल्लिखित दरों पर निर्दिष्ट किया जा सकता है ।

ख. अंतर्राष्ट्रीय मद

138. अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तुओं का रजिस्ट्रीकरण.- (1) पत्र, पोस्ट कार्ड, छोटे पैकेट, मुद्रित कागज, एरोग्राम, दृष्टिहीनों के लिए साहित्य और एम-बैग को डाकघर द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले देशों या क्षेत्रों और स्थानों को प्रेषित करने के लिए किसी भी डाकघर में रजिस्ट्रीकृत किया जा सकेगा, ऐसे अपवादों के अधीन, जिन्हें समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा निर्दिष्ट किया जा सकता है।

(2) घरेलू डाक-वस्तुओं के रजिस्ट्रीकरण से संबंधित उपबंध विदेशी डाक द्वारा भेजी या प्राप्त की गई रजिस्ट्रीकृत डाक-वस्तुओं पर भी समान रूप से लागू होंगे।

(3) डाक फीस के अतिरिक्त, अनुसूची-IV की सारणी-VI में उल्लिखित अनुसार अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तुओं के रजिस्ट्रीकरण के लिए फीस ली जाएगी :

परंतु दृष्टिहीन साहित्य पैकेट के रजिस्ट्रीकरण के लिए कोई फीस संदेय नहीं होगी।

139. अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तुओं का बीमा- (1) अंतर्राष्ट्रीय पत्र डाक, पार्सल डाक और एक्सप्रेस मेल सेवा डाक-वस्तुओं का बीमा किसी भी डाकघर में किया जा सकेगा :

परंतु बीमा के लिए प्रस्तुत पत्र पोस्ट डाक-वस्तु को रजिस्ट्रीकृत किया जाना अपेक्षित नहीं है।

(2) बीमा के लिए फीस अनुसूची-IV की सारणी-VII में उल्लिखित अनुसार होगा।

(3) डाकघर द्वारा प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट बीमा सेवा किसी तृतीय पक्ष बीमा प्रदाता के माध्यम से भी प्रदान की जा सकेगी।

140. बहुमूल्य धातुओं वाले अंतर्राष्ट्रीय मद.- (1) बहुमूल्य धातुएं (जिनमें सोना, चांदी, प्लेटिनम या अन्य बहुमूल्य धातुएं सम्मिलित हैं), बहुमूल्य पत्थर (जिनमें हीरा या अन्य बहुमूल्य पत्थर सम्मिलित हैं), आभूषण या इनमें से कोई संयोजन, चाहे निर्मित हो या नहीं, सिक्के, बैंक नोट, करेंसी नोट, धारक को संदेय किसी भी प्रकार की प्रतिभूतियां, यात्री चेक, प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा अन्यथा विनिर्दिष्ट को छोड़कर, डाक द्वारा पारेषण के लिए स्वीकार नहीं किए जाएंगे, जब तक कि प्रेषक प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा निर्दिष्ट सामग्री के वास्तविक मूल्य पर इसका बीमा करने के लिए सहमत न हो ।

(2) जहां कोई अंतर्राष्ट्रीय बीमाकृत पत्र डाक, पार्सल डाक या एक्सप्रेस मेल सेवा मद, जिसमें उप-विनियम (1) में उल्लिखित डाक-वस्तु सम्मिलित हैं, किसी ऐसे देश या राज्य क्षेत्र को भेजी जाती है जहां बीमा उपलब्ध नहीं है, ऐसी डाक-वस्तुओं का भारत की सीमाओं के भीतर घरेलू पारगमन के लिए सामग्री के वास्तविक मूल्य पर बीमा किया जाएगा।

(3) यदि कोई गैर-बीमित अंतर्राष्ट्रीय मद, जिसमें उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट मूल्य की कोई डाक-वस्तु सम्मिलित है या स्पष्ट रूप से सम्मिलित है, किसी विदेशी देश या राज्य क्षेत्र से प्राप्त होती है, तो पार्सल को गंतव्य तक भेज दिया जाएगा और बीमा के लिए फीस के संदाय के अधीन प्राप्तकर्ता को, सामग्री के घोषित मूल्य पर, या सीमा फीस प्राधिकारियों द्वारा अवधारित मूल्य पर, जो भी अधिक हो, सौंप दिया जाएगा।

परंतु ऐसी डाक-वस्तु को प्राप्तकर्ता द्वारा अस्वीकार कर दिए जाने पर, उसे मूल देश या राज्य क्षेत्र में वापस कर दिया जाएगा।

141. पुनर्निर्देशित या लौटाई गई अंतर्राष्ट्रीय डाक-वस्तु - जहां कोई बीमाकृत अंतर्राष्ट्रीय पार्सल, जिसे अवितरणीय के रूप में पुनर्निर्देशित या लौटा दिया गया है, इस प्रकार पुनर्निर्देशित या लौटाए जाने के कारण नए बीमा फीस के अधीन भारत में प्राप्त होता है, वहां ऐसा फीस वितरण पर वसूल किया जाएगा, मानो वह डाक शुल्क बाकी हो।

142. संदेय प्रतिकर.- (1) जब कोई अंतर्राष्ट्रीय लेटर पोस्ट या पार्सल डाक डाकघर में पोस्ट किया गया हो और उसका बीमा किया गया हो और जब ऐसा पत्र या पार्सल खो जाता है या डाक द्वारा पारेषण के दौरान उसकी सामग्री निकाल ली गई हो या क्षतिग्रस्त हो गई हो, तो उस राशि से अधिक प्रतिकर, जिसके लिए ऐसे पत्र या पार्सल का बीमा किया गया हो, प्रेषक को संदेय होगा, सिवाय ऐसे पार्सल के

मामले में जिसके संबंध में गंतव्य देश या राज्य क्षेत्र का प्रशासन उसी के अंतर्गत प्राप्तकर्ता को प्रतिकर देने का विनिश्चय करता है:

परंतु निम्नलिखित द्वारा भेजी गई या मंगाई पत्र पोस्ट, पार्सल पोस्ट या एक्सप्रेस मेल सेवा डाक-वस्तु के संबंध में कोई प्रतिकर नहीं दिया जाएगा -

(क) युद्ध बंदी, या तो सीधे या बारहवें जिनेवा कन्वेंशन अगस्त, 1949, में निर्दिष्ट राष्ट्रीय सूचना ब्यूरो या केंद्रीय सूचना अभिकरण के माध्यम से युद्धबंदियों के उपचार से संबंधित;

(ख) एक युद्धरत, एक तटस्थ देश में स्वीकार और नजरबंद ;

(ग) 12 अगस्त, 1949 के जिनेवा कन्वेंशन में यथापरिभाषित युद्ध के समय सिविलियन व्यक्तियों की सुरक्षा से संबंधित, सिविलियन नजरबंद, या तो सीधे या राष्ट्रीय सूचना ब्यूरो के माध्यम से या उस कन्वेंशन में निर्दिष्ट केंद्रीय सूचना अभिकरण के माध्यम से ; तथा

(घ) युद्धबंदियों के संबंध में राष्ट्रीय सूचना ब्यूरो या केंद्रीय सूचना अभिकरण ।

(2) जब कभी किसी प्राप्तकर्ता ने पत्र डाक, पार्सल डाक या एक्सप्रेस मेल सेवा डाक-वस्तुओं का वितरण लेते समय आपत्ति दर्ज कराया हो, जिनकी अंतर्वस्तु निकाल ली गई हो या क्षतिग्रस्त हो गई हो, या वितरण लेने के पश्चात वितरण कार्यालय के प्रशासन को तुरंत निकासी या क्षति की शिकायत कर दी हो और यह साबित कर दिया हो कि निकासी या क्षति वितरण के पश्चात नहीं हुई है, तो संदेय प्रतिकर प्रेषक को संदेय होगा और प्राप्तकर्ता को प्रतिकर के संदाय के लिए कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(3) जब किसी विदेशी प्रशासन द्वारा बीमाकृत कोई पत्र डाक, पार्सल डाक या एक्सप्रेस मेल सेवा डाक-वस्तु खो जाती है, या उसकी अंतर्वस्तु निकाल ली जाती है या क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो भारतीय डाकघर द्वारा प्राप्तकर्ता को उस राशि तक प्रतिकर संदेय होगा, जो उस राशि से अधिक नहीं होगी, जिसके लिए उसका बीमा किया गया है, यदि वह ऐसे प्रतिकर का दावा डिलीवरी लेने में आपत्ति दर्ज करने के पश्चात करता है और यदि उसने यह सबूत प्रस्तुत कर दिया है कि प्रेषक ने प्राप्तकर्ता के पक्ष में ऐसे प्रतिकर के अपने अधिकारों का अधित्यजन कर दिया है।

(4) संदेय प्रतिकर किसी भी मामले में डाक-वस्तु के वास्तविक मूल्य, बीमाकृत मूल्य या डाक-वस्तु की सामग्री के नष्ट हो जाने या उसे हुए नुकसान के कारण हुई हानि की राशि, जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगा और परिणामस्वरूप ऐसी होने वाली किसी लाभ की हानि या अन्य अप्रत्यक्ष हानि को ऐसे प्रतिकर के मूल्यांकन में ध्यान में नहीं लिया जाएगा।

143. सतही हवाई परिवहन और हवाई अधिभार.- (1) पत्र, छोटे पैकेट, मुद्रित कागज, दृष्टिहीनों के लिए साहित्य, पोस्ट कार्ड और एम-बैग किसी भी डाकघर में पारेषण के लिए स्वीकार किए जा सकेंगे-

(क) सतही हवाई मार्ग द्वारा, प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट अपवादों के अधीन, सतही हवाई मार्ग द्वारा, सतही हवाई मार्ग से परिवहन के लिए फीस के संदाय पर, अनुसूची-।।। की सारणी-।।। में यथाउल्लिखित;

(ख) हवाई मार्ग द्वारा, अनुसूची-।।। की सारणी-IV में यथाउल्लिखित हवाई अधिभार के लिए फीस का संदाय करके प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट अपवादों के अधीन।

(2) उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट फीस डाक और अन्य लागू फीस या प्रभारों के अतिरिक्त संदेय होगा।

144. डिलिवरी की सूचना.- (1) भारत में पोस्ट की गई और किसी देश या राज्य क्षेत्र को संबोधित रजिस्ट्रीकृत पत्र-डाक मद, अंतर्राष्ट्रीय हवाई पार्सल, बीमाकृत डाक-वस्तु या एक्सप्रेस मेल सेवा डाक-वस्तु का प्रेषक, डाक फीस और अन्य फीस के अतिरिक्त, अनुसूची-IV की सारणी-VIII में उल्लिखित दरों पर फीस का संदाय करके पोस्ट करते समय प्ररूप सीएन 07 में वितरण की सूचना के लिए आवेदन करने का हकदार होगा।

स्पष्टीकरण: - इस उप-विनियम के प्रयोजनों के लिए, "प्ररूप सीएन07" से यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन द्वारा इस संबंध में निर्दिष्ट सुसंगत प्ररूप अभिप्रेत है।

(2) जब प्रेषक किसी डाक-वस्तु की डिलीवरी की सूचना के बारे में पूछताछ करता है जो सामान्य अवधि के भीतर प्राप्त नहीं होती है, जिसे समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सकता है, तो पूछताछ और सूचना के अनुरोध के लिए कोई फीस नहीं ली जाएगी।

(3) जब भारत में पोस्ट की गई और किसी ऐसे देश या राज्य क्षेत्र को संबोधित ऐसी डाक-वस्तु का प्रेषक, जो यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य है, ने डिलीवरी की सलाह के लिए फीस का संदाय नहीं किया है और वह डाक-वस्तु के निपटान के संबंध में डाकघर से जांच कराना चाहता है, तो वह बिना किसी प्रभार के इस सेवा का हकदार होगा।

(4) इस विनियम में विनिर्दिष्ट डाक-वस्तुओं की डिलीवरी की सूचना प्रेषक को त्वरिततम माध्यम से लौटाई जाएगी, जिसमें डिलीवरी की सूचनाओं का इलेक्ट्रॉनिक आदान-प्रदान भी सम्मिलित है।

IndiaCode

अध्याय X

धन प्रेषण सेवाएं

क. घरेलू

145. घरेलू मनीऑर्डर.- (1) मनीऑर्डर (एमओ) डाकघर द्वारा जारी किया गया एक आदेश होगा, जिसमें धनप्रेषणकर्ता द्वारा उस व्यक्ति को धनराशि का संदाय किया जाता है जिसके नाम पर मनीऑर्डर भेजा गया है।

(2) ऐसी अधिकतम राशि जिसके लिए एकल मनीऑर्डर जारी किया जा सकेगा, दस हजार रुपए से अधिक की नहीं होगी और उसमें एक रुपए का अंश सम्मिलित नहीं होगा:

परंतु यह और कि किसी माह में व्यक्ति को रिटेल मनीऑर्डर के माध्यम से प्रेषित की जाने वाली कुल रकम पच्चीस हजार रुपए से अधिक नहीं होगी।

(3) मनीऑर्डर जारी करने पर संदेय कमीशन अनुसूची-V की सारणी-। में उल्लिखित दर पर प्रभारित किया जाएगा।

(4) प्रधानमंत्री राहत कोष, पीएम केयर्स फंड (आपात स्थिति में प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और राहत कोष या मुख्यमंत्री राहत कोष) या समय-समय पर अधिसूचित किसी अन्य ऐसे कोष में अंशदान की राशि प्रेषित करने के लिए मनीऑर्डर के माध्यम से धन पारेषण, कमीशन के संदाय के बिना निःशुल्क किया जाएगा।

(5) उप-विनियम (3) में कोई भी बात, समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट निःशुल्क सेवा मनीऑर्डर के पारेषण को नहीं रोकेगी।

146. मनीऑर्डर की चालू अवधि.- मनीऑर्डर की चालू अवधि जारी होने के महीने के बाद दूसरे महीने के अंतिम दिन के अंत में समाप्त हो जाएगी।

147. मनीऑर्डर की श्रेणियाँ.- मनीऑर्डर निम्नलिखित श्रेणियों के अंतर्गत बुक किया जाएगा, अर्थात: -

(क) खुदरा मनीऑर्डर जिसके अधीन देश के भीतर एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को धन प्रेषित किया जाएगा;

(ख) बल्क मनीऑर्डर जिसके अधीन निम्नलिखित मामलों में धन प्रेषित किया जाएगा : -

(i) जहां किसी एक व्यक्ति द्वारा कई व्यक्तियों को धन प्रेषित किया जाता है; या

(ii) जहां कई व्यक्तियों से एक व्यक्ति को धन प्रेषित किया जाता है; और

(ग) सेवा मनीऑर्डर जिसके अधीन धन विभागीय या सरकारी प्रयोजनों के लिए प्रेषित किया जाएगा।

148. मनीऑर्डर की बुकिंग.- (1) धनप्रेषणकर्ता द्वारा प्रशासनिक अनुदेशों के अनुसार सम्यक रूप से भरा हुआ मनीऑर्डर प्ररुप, मनीऑर्डर की रकम और देय कमीशन के साथ तथा विनियम 147 के खंड (ख) में विनिर्दिष्ट मनीऑर्डर की दशा में विधिमान्य पहचान पत्र सहित, मनीऑर्डर सेवा का लाभ उठाने के लिए, प्रस्तुत किया जा सकेगा।

(2) मनीऑर्डर और उसके कमीशन के लिए उसके द्वारा संदत्त की गई रकम के लिए धनप्रेषणकर्ता को एक रसीद दी जाएगी।

149. मनीऑर्डर का प्रेषक -

(क) लघु संदेश सेवा या किसी अन्य डिजिटल मोड के रूप में ऑर्डर की रकम के संदाय की इलेक्ट्रॉनिक सूचना; और

(ख) बुकिंग की तारीख से तीन मास के भीतर किए जा रहे ऐसे अनुरोध के अध्यधीन रहते हुए धनप्रेषणकर्ता के अनुरोध पर संदाय का प्रमाण पत्र नि:शुल्क प्राप्त करने का हकदार होगा ।

150. मनीऑर्डर का संदाय.- (1) मनीऑर्डर का संदाय सामान्यतः आदाता के पते पर किया जाएगा,-

(क) आदाता को; या

(ख) आदाता द्वारा प्राधिकृत किसी भी व्यक्ति को।

(2) यदि मनीऑर्डर का आदाता अवयस्क या निरक्षर है, या उसकी शारीरिक या मानसिक स्थिति ऐसी है जिससे धन प्राप्त करने का साक्ष्य प्रदान करने में असमर्थ है, तो संदाय के लिए आदाता की पहचान को ऐसी रीति से, जो महानिदेशक द्वारा समय-समय पर प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए। सत्यापित किया जाएगा।

151. मनीऑर्डर का पुनर्निदेशन.- (1) यदि आदाता पहचान प्रमाण के साथ प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा यथाविनिर्दिष्ट अनुरोध करता है तो आदाता के किसी अन्य पते पर निःशुल्क मनीऑर्डर पुनर्निदेशित किया जा सकेगा।

(2) मनी आर्डर में आदाता के नाम में कोई परिवर्तन अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

IndiaCode

(3) मनीऑर्डर को ऐसी स्थिति में रोका जा सकेगा और धनप्रेषणकर्ता को निःशुल्क लौटाया जा सकेगा, यदि धनप्रेषणकर्ता प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट कोई अनुरोध करता है, जब तक कि डिलिवरी डाकघर उसे डिलिवरी के लिए डाकिया को जारी नहीं करता है, और ऐसी दशा में, मनीऑर्डर की रकम, उसके कमीशन के सिवाय, धनप्रेषणकर्ता को वापस कर दी जाएगी।

(4) किसी भी दशा में, डाकघर धनप्रेषणकर्ता के अनुरोध के अनुसार मनीऑर्डर के संदाय को रोकने में असमर्थता या असफलता के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

(5) यदि किसी मनीऑर्डर का आदाता उसे प्रस्तुत करने पर संदाय लेने से इनकार करता है, तो मनीऑर्डर की रकम उसके कमीशन के सिवाय, धनप्रेषणकर्ता को वापस कर दी जाएगी:

परन्तु यदि आदाता जो उसे प्रस्तुत किए जाने पर संदाय लेने में असमर्थ है, मनीऑर्डर के प्रतिधारण के लिए जो प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, आवेदन करता है या आदाता मनीऑर्डर पर दिए गए पते पर नहीं पाया जाता है तो मनीऑर्डर आदाता को, यथास्थिति, प्रस्तुत किए जाने की तारीख से या संदाय के लिए भेजे जाने की तारीख से अनधिक सात दिन की अवधि के लिए डाकघर में प्रतिधारित किया जाएगा और यदि आदाता सात दिन की उक्त अवधि के भीतर डाकघर से मनीऑर्डर का संदाय लेने में असफल रहता है, तो मनीऑर्डर सात दिन की उक्त अवधि की समाप्ति के तुरंत पश्चात् आने वाले पहले कार्य दिवस पर धनप्रेषणकर्ता को वापस कर दिया जाएगा।

(6) यदि मनीऑर्डर के आदाता की मृत्यु हो चुकी है, तो मनीऑर्डर की रकम प्रेषणकर्ता को वापस कर दी जाएगी:

परंतु कि मनीऑर्डर के प्रेषणकर्ता का निधन हो गया है, मनीऑर्डर की रकम प्रेषणकर्ता के विधिक उत्तराधिकारी को, जो प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, संदत्त की जाएगी ।

152. मनीऑर्डर के संबंध में डाकघर के दायित्व से छूट.- (1) डाकघर धनप्रेषणकर्ता द्वारा आदाता के नाम और पते के रूप में गलत या अपूर्ण जानकारी दिए जाने के कारण मनीऑर्डर के गलत संदाय के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

(2) मनीऑर्डर के संदत्त हो जाने के पश्चात्, चाहे वह संदाय के लिए हो या न हो, डाकघर किसी अतिरिक्त दावे के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

153. अपरिदत्त मनीऑर्डर.- अपरिदत्त मनीऑर्डर प्रेषणकर्ता को वापस दिया जाएगा और मनीऑर्डर की रकम उसके कमीशन के सिवाय धनप्रेषणकर्ता को संदत्त की जाएगी।

154. अमान्य मनीऑर्डर. - जब, किसी कारण से, कोई मनीऑर्डर, या तो आदाता को या धनप्रेषणकर्ता को उसके जारी होने के मास के पश्चात् दूसरे मास के अंत तक असंदत्त रहता है, तो इसे जारी करने के कार्यालय द्वारा अमान्य माना जाएगा।

155. मनीऑर्डर रकम का समपहरण.- बुकिंग की तारीख से तीन वर्ष से अधिक समय तक असंदत्त मनीऑर्डर की रकम या मूल्य समपहृत कर लिया जाएगा और उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् ऐसी रकम या मूल्य को भारत सरकार के राजस्व के रूप में माना जाएगा।

156. सेवा का निलंबन. - किसी विशेष डाकघर या डाकघरों के समूह द्वारा विशेष परिस्थितियों में मनीआर्डरों की सेवाओं को सर्कल प्रमुख द्वारा लिखित आदेश द्वारा निलंबित किया जा सकेगा।

IndiaCode

157. पोस्टल आर्डर.- (1) वह रकम जिसके लिए एकल पोस्टल ऑर्डर जारी किया जा सकेगा, दस रुपये, बीस रुपये, पचास रुपये या एक सौ रुपये के मूल्यवर्ग में होगी।

(2) वह रकम जिसके लिए इलेक्ट्रॉनिक-भारतीय पोस्टल ऑर्डर जारी किया जा सकेगा, दस रुपये होगी।

(3) पोस्टल ऑर्डर के संबंध में लिया जाने वाला कमीशन अनुसूची-V की सारणी-।। में यथाउल्लिखित होगा।

(4) टूटी हुई रकम को पोस्टल ऑर्डर के पटल के भाग पर अप्रयुक्त डाक टिकटों को चिपकाकर जिसकी संख्या चार से अधिक नहीं होगी, या जहां उस ओर का स्थान पर्याप्त नहीं है, उसके पीछे वाले भाग पर चिपकाकर पूरा किया जा सकेगा :

परंतु प्रत्येक ऑर्डर पर चिपकाए गए टिकटों की कुल रकम नौ रुपये से अधिक नहीं होगी और ऑर्डर पर देय कुल रकम एक सौ रुपये से अधिक नहीं होगी।

(5) ऐसा व्यक्ति जिसको पोस्टल ऑर्डर जारी किया जाता है, उसे देने से पहले अंग्रेजी या संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित किसी अन्य भाषा में नाम भरेगा और ऑर्डर के खो जाने या चोरी होने के विरूद्ध पूर्वोपाय के रूप में संदाय के कार्यालय का नाम भरने की सिफारिश की जाती है।

(6) यहां तक की जहां बैंक के माध्यम से संदाय के उद्देश्य से पोस्टल ऑर्डर रेखांकित किया जाता है, आदाता का नाम भरा जाएगा।

158. मुद्रा अवधि.- (1) जारी करने के मास के अंतिम दिन से चौबीस मास के भीतर प्रस्तुत किए गए पोस्टल ऑर्डर, दूसरे कमीशन के बिना भुनाये जा सकेंगे।

(2) जहां पोस्टल ऑर्डर जारी करने के मास के अंतिम दिन से चौबीस मास के भीतर संदाय के लिए प्रस्तुत नहीं किया जाता है, अनुसूची-V की सारणी-।। में उल्लिखित दर पर दूसरा कमीशन प्रभारित किया जाएगा, जिसे पोस्टल ऑर्डर के पीछे चिपकाए गए डाक टिकट में या नकद रसीद के माध्यम से संदत्त किया जाएगा।

159. समपहरण.- जारी करने के मास के अंतिम दिन के पश्चात् छत्तीस मास से परे प्रस्तुत पोस्टल ऑर्डर समपहृत कर लिया जाएगा और संदत्त नहीं किया जाएगा।

160. पोस्टल ऑर्डर का प्रतिसंदाय.- (1) पोस्टल ऑर्डर का क्रेता, इसे जारी करने के मास के अंतिम दिन से चौबीस मास के भीतर, उस डाकघर में जहां से पोस्टल ऑर्डर खरीदा गया था, पोस्टल ऑर्डर और प्रतिपर्ण को प्रस्तुत करने पर उसके मूल्य का प्रतिसंदाय, किंतु कमीशन को छोड़कर। प्राप्त करने का हकदार होगा।

(2) क्रेता इसके मूल्य का प्रतिसंदाय, जारी करने के मास के अंतिम दिन से चौबीस मास के पश्चात् किन्तु छत्तीस मास के पश्चात् नहीं, यदि अनुसूची-V की सारणी-।। में यथाउल्लिखित दर पर दूसरा कमीशन संदत्त किया जाता है, का हकदार होगा।

(3) यदि बैंक के माध्यम से संदाय के लिए प्रेषित ऑर्डर को क्रेता पहले पोस्टल ऑर्डर के पटल पर "कृपया नकद संदाय करें" शब्द लिखकर और अपने आद्याक्षर जोड़कर रेखन को रद्द कर देगा।

(4) आदाता को एक बार पोस्टल ऑर्डर संदत्त करने के पश्चात्, डाकघर किसी भी अतिरिक्त दावे के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

161. आदाता का नाम आवश्यक.- बैंक द्वारा संदाय के लिए प्रस्तुत किए जाने पर भी पोस्टल ऑर्डर का संदाय तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि आदाता का नाम पोस्टल ऑर्डर के मुख्य भाग में नहीं डाला गया हो।

162. बैंक के माध्यम से संदाय. - यदि कोई पोस्टल ऑर्डर रेखांकित किया गया है, तो संदाय केवल बैंक के माध्यम से किया जाएगा, और यदि बैंक का नाम जोड़ा जाता है, तो संदाय केवल उसी बैंक के माध्यम से किया जाएगा।

163. रेखांकित (क्रॉस्ड) पोस्टल ऑर्डर का संदाय. - यदि कोई पोस्टल ऑर्डर, जिस पर बैंक का नाम अंकित हो या न हो, बैंक द्वारा या उसके माध्यम से संदाय के लिए प्रस्तुत किया जाता है, जिसके मुख्य पृष्ठ पर ऐसे बैंक का नाम लिखा हुआ या मुहर लगी हुई है, वह नाम पोस्टल ऑर्डर की रकम के लिए पर्याप्त रसीद के रूप में स्वीकार किया जा सकेगा और पोस्टल ऑर्डर बिना किसी अन्य रसीद के संदत्त किया जा सकेगा।

164. कटे-फटे पोस्टल ऑर्डर. - यदि पोस्टल ऑर्डर में कोई कांट-छांट या परिवर्तन किया जाता है, या यदि काट दिया जाता है, विरूपित या विकृत हो जाता है, तो उसका संदाय अस्वीकार किया जा सकेगा।

165. इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल ऑर्डर. - विनियम 157 के उपविनियम (2) और विनियम 158 और विनियम 159 में उल्लिखित उपबंध इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल ऑर्डर पर यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे।

IndiaCode

ख. अन्तर्राष्ट्रीय

166. विदेशी मनीऑर्डर.- (1) विदेशी मनीऑर्डर निम्नलिखित प्रवर्ग के होंगे, अर्थात्:-

(क) इलेक्ट्रॉनिक मनीऑर्डर**;** और

(ख) अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली या यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन इंटरकनेक्शन प्लेटफॉर्म (यूपीयू-आईपी) के माध्यम से पश्च अंतरण ।

(2) प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा समय-समय पर यथाविनिर्दिष्ट देश और राज्यक्षेत्र जिनके साथ द्विपक्षीय या बहुपक्षीय करार करके प्रत्येक प्रकार के मनीऑर्डर का आदान-प्रदान किया जाता है।

(3) भागीदार डाक देशों या राज्यक्षेत्रों के साथ विदेशी मनीऑर्डर करार को केंद्रीय सरकार द्वारा सक्रिय या निष्क्रिय किया जा सकेगा।

(4) प्रत्येक विदेशी मनीऑर्डर को, प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा समय-समय पर यथाविनिर्दिष्ट, सेवा के लिए फीस के साथ प्रेषित की जाने वाली रकम के संदाय पर बुक किया जाएगा ।

(5) दो भागीदार देशों या राज्यक्षेत्रों के बीच विदेशी मनीऑर्डर के आदान-प्रदान के लिए प्रचालन और अन्य सामान्य शर्तें केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित की जाएंगी।

(6) एक कैलेंडर वर्ष में मनीऑर्डर के माध्यम से धनप्रेषणकर्ता द्वारा किए गए प्रेषण की अधिकतम और न्यूनतम रकम और संख्या वह होगी जो प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट

की जाए।

167. विदेशी मनीऑर्डर के प्रेषक को सूचना - विदेशी मनीऑर्डर का प्रेषक फीस का संदाय करके**,** प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा यथाविनिर्दिष्ट अपने संदाय की सूचना प्राप्त करने का हकदार होगा और ऐसी फीस विदेशी मनीऑर्डर पर प्रभार्य फीस के अतिरिक्त होगी।

168. संदाय के लिए प्रेषक द्वारा नाम या पता परिवर्तित करना .- (1) विदेशी मनीआर्डर का प्रेषक, द्वितीय फीस के संदाय द्वारा, मनीऑर्डर गंतव्य पर संदत्त किए जाने तक शर्तों के अनुसार, प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा समय-समय पर यथाविनिर्दिष्ट, आदाता का नाम या पता परिवर्तित कर सकेगा।

(2) धनप्रेषणकर्ता, विदेशी मनीऑर्डर का संदाय रोक सकेगा, यदि संदाय नहीं किया जा सका है, और शर्तों के अनुसार, प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट अनुरोध कर सकेगा कि प्रेषित रकम वापस कर दी जाए।

(3) डाकघर को किसी भी दशा में उपविनियम (1) और उपविनियम (2) के अधीन प्रेषक के अनुरोध को पूरा करने में असमर्थता के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा, किन्तु ऐसी दशा में दूसरी फीस वापस कर दी जाएगी ।

169. आवक विदेशी मनीऑर्डर.- (1) आवक विदेशी मनीऑर्डर का संदाय, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मनीऑर्डर की रीति से, सिवाय प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा अन्यथा विनिर्दिष्ट, भुगतान किया जाएगा।

(2) विदेशी आवक मनीऑर्डर, अपरिदेय होने के कारण, मूल देश या राज्यक्षेत्र को वापस कर दिया जाएगा।

(3) विदेशी जावक मनीऑर्डर, गंतव्य देश या राज्यक्षेत्र द्वारा अपरिदेय के रूप में वापस किए जाने पर, धनप्रेषणकर्ता को वापस कर दिया जाएगा।

(4) धनप्रेषणकर्ता को मनीऑर्डर वापस करने में असमर्थता की स्थिति में, मनीऑर्डर पर विनियम 154 और विनियम 155 के सुसंगत उपबंधों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

IndiaCode

अध्याय XI

व्यावसायिक समाधान

क. अभी बुक करें बाद में भुगतान करें

170. अभी बुक करें बाद में भुगतान करने की सुविधा.- (1) कॉरपोरेट ग्राहक, जो डाकघर के संबंधित प्राधिकरण के साथ एक करार पर हस्ताक्षर करते हैं, अभी बुक करें बाद में भुगतान करें (बीएनपीएल) सुविधा के अधीन प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा यथाविनिर्दिष्ट वस्तुओं पर डाक और अन्य फीस या प्रभार के संबंध में क्रेडिट सुविधा के लिए पात्र होंगे।

स्पष्टीकरण: इस उपविनियम के प्रयोजनों के लिए "कॉरपोरेट ग्राहक" से अभिप्रेत है, जो प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट जो एकल या एकाधिक अवस्थानों पर बुकिंग कार्यालय में एक कैलेंडर मास में न्यूनतम व्यावसायिक मूल्य का डाक-शुल्क और अन्य फीस या प्रभार प्रदान करता है।

(2) क्षेत्रीय प्रमुख को ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट, डाक और अन्य फीस या प्रभारों का मासिक व्यवसाय प्रदान करने की सीमा को शिथिल करने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा।

(3) सर्कल या क्षेत्र के भीतर एकाधिक अवस्थानों पर बुकिंग के साथ बुक अभी करें, बाद में संदाय करें (बीएनपीएल) की सुविधा चाहने वाले ग्राहकों के लिए पात्रता, प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट, सभी अवस्थानों को सम्मिलित करते हुए, मासिक व्यवसाय होगी:

परंतु अपवाद के मामले में, यथास्थिति, सर्कल प्रमुख या क्षेत्रीय प्रमुख के अनुमोदन से ऐसे मामलों में सीमा शिथिल की जा सकेगी :

171. अनुमोदन के लिए प्राधिकृत प्राधिकारी.- (1) प्रभागीय प्रमुख को क्रेडिट सुविधा के अधीन कॉरपोरेट ग्राहक के नामांकन को अनुमोदित करने और समय-समय पर, नामनिर्दिष्ट कार्यालय और नामनिर्दिष्ट स्थान विनिर्दिष्ट करने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा, जहां क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाने वाले ऐसे ग्राहक की वस्तुओं को उनकी अधिकारिता के अधीन आने वाले अन्य सभी मामलों के संबंध में बुक किया जा सकेगा या मंगवाया जा सकेगा।

(2) जनरल डाकघर (जीपीओ) या प्रथम वर्ग प्रधान डाकघर (एचओ) की दशा में, उपविनियम (1) के अधीन प्रभागीय प्रमुख की शक्तियों का प्रयोग, यथास्थिति, निदेशक या मुख्य डाकपाल द्वारा किया जा सकेगा।

(3) संबंधित सर्किल या क्षेत्र के सर्किल प्रमुख या क्षेत्रीय प्रमुख किसी सर्किल या क्षेत्र के भीतर एकाधिक स्थानों पर बुकिंग के साथ बुक अभी करें, बाद में संदाय करें (बीएनपीएल) सुविधा चाहने वाले ग्राहक से संबंधित मामलों के लिए अनुमोदन प्राधिकारी होगा।

ख. राष्ट्रीय खाता सुविधा (एनएएफ)

172. राष्ट्रीय खाता सुविधा.- (1) जिन ग्राहकों को एक से अधिक सर्किल से अपनी वस्तुओं को भेजने की आवश्यकता होती है, वे, वस्तुओं पर डाक और अन्य फीस या प्रभार के संबंध में राष्ट्रीय खाता सुविधा के लिए पात्र होंगे, जो प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट की जाए।

(2) राष्ट्रीय खाता सुविधा के तहत ग्राहक को नामांकित करने के लिए पात्रता और आवेदन की प्रक्रिया, वह होगी जो प्रशासनिक अनुदेशों द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट की जाए।

ग. अग्रिम संदाय

